₹3.00
11 मई 2025 | रांची, रविवार | वर्ष-26, अंक- 98, पृष्ठ-12 | वैशाख शुक्ल पक्ष 14, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

मातृ दिवस की शुभकामनाएं

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को ले सीएम ने की **उच्च स्तरीय बैठक**

# राष्ट्र सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

**नवीन मेल डेस्क**

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में वर्तमान राष्ट्रीय परिस्थितियों एवं परिदृश्य के मद्देनजर राज्य की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। देशभर में सुरक्षा हालातों को देखते हुए झारखंड में एक-एक व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि जरूरी नागरिक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष फोकस रखें तथा एक बेहतर कार्ययोजना बनाकर राज्यवासियों की सुरक्षा से संबंधित सभी प्रकार के एहतियाती कदम शीघ्र उठाएं जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्य में आमजनों के बीच कोई पैनिक स्थिति उत्पन्न न हो, यह सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अफवाहों पर हर हाल में रोक लगाई जाए। वैसे असामाजिक तत्व जो झूठी और भ्रामक संदेश प्रेषित कर माहौल खराब करने का कार्य करते हैं, उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। राष्ट्र विरोधी गतिविधियों तथा सोशल साइट्स पर गलत संदेशों का आदान-प्रदान करने वालों की पहचान



कर उनपर कानूनी कार्रवाई करें।

सीएम सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स को एक्टिव करें तथा आवश्यकता के अनुरूप सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स की संख्या बढ़ाएं। सिविल डिफेंस के क्षेत्र में कार्य करने वाले संस्थानों से समन्वय स्थापित

- कहा, अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें
- राज्यवासियों की सुरक्षा से जुड़े सभी एहतियाती कदम उठाए जाएं

कर बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने कहा कि सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स को त्वरित राहत, बचाव कार्य, जनजागरूकता और सामुदायिक क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दी जाए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य स्तरीय नियंत्रण शेष पेज 11 पर

## बैठक में दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश

- एमएचए का निर्देश है कि सिविल डिफेंस रूल्स के अंतर्गत इमरजेंसी प्रोविजंस का इस्तेमाल करें। खासकर कोई खरीदारी में टेंडर प्रक्रिया छोड़कर।
- मॉक ड्रिल की संख्या बढ़ा दी जाए।
- एसेंशियल सर्विस को मेंटेन करने के लिए तैयारी की जाए।
- एसेंशियल कमोडिटीज पर खास ध्यान रखा जाए। होर्डिंग बिल्कुल नहीं हो।
- अस्पताल को तैयार रखा जाए।
- महत्वपूर्ण ठिकाने जैसे डैम, प्लांट, यूसीआईएल, बिजली घर, आईओसी, आदि के सुरक्षा पर खास ध्यान दिया जाए।
- एनजीओ तथा अन्य सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स से संपर्क कर उन्हें तैयार कराया जाए।
- जिला में फायर स्टेशन की तैयारी कर ली जाए।
- मोबाइल फेल करने पर पीए सिस्टम तैयार कर लिया जाए।

### सीसीएल के दो कर्मचारी 30 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**रांची।** रांची सीबीआई की टीम ने 30 हजार रुपए रिश्वत लेते सीसीएल के दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मचारियों का नाम रमेश यादव और लोकेश कुमार है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सीसीएल सियाल-डीह के एक रिटायर्ड कर्मचारी ने सीबीआई से यह शिकायत की थी कि सेवानिवृति से संबंधित लाभ देने के लिए उससे रिश्वत की मांग की जा रही है। इसके बाद कार्रवाई की गई।

### चतरा में सड़क हादसा 22 यात्री हुए घायल

**चतरा।** चतरा से तिलैया (कोडरमा) जा रही सुधांशु नामक एक यात्री बस ने शनिवार को चतरा-चौपारण मुख्य पथ पर गंधरिया के समीप अनियंत्रित होकर पेड़ में टक्कर मार दी। इस हादसे में 22 यात्री घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल चतरा में भर्ती कराया गया है। घायलों में चतरी सदर ब्लॉक की नाजिर अनीता देवी एवं अन्य शामिल हैं।

### रांची का तापमान

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 37.0° | अधिक. | 36.7° |
| न्यून. | 23.0° | न्यून. | 23.3° |

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी
भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

## आईएमएफ से लोन लेने के लिए ही पाकिस्तान ने किया था सीजफायर!

# पाकिस्तान ने तीन घंटे में ही तोड़ा युद्धविराम

## जम्मू-कश्मीर के कई शहरों पर हवाई हमले, रात 8 बजे तेज धमाके हुए, ड्रोन आते दिखे

ऑपरेशन सिंदूर

### विदेश मंत्रालय ने की सीजफायर की पुष्टि

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सीजफायर के तीन घंटे के भीतर ही पाकिस्तान ने अपने नापाक इरादे फिर से स्पष्ट कर दिए। जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में शनिवार की रात करीब आठ बजे तेज धमाके हुए और पाकिस्तान की ओर से ड्रोन आते दिखे। इसके साथ ही कई इलाकों में ब्लैकआउट कर दिया गया। ज्ञात हो कि तीन दिनों तक चले संघर्ष के बाद शनिवार को भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम हुआ था। जिस ढंग से पाकिस्तान ने युद्धविराम तोड़ा है, उससे लगता है कि आईएमएफ से लोन लेने के लिए ही पाकिस्तान ने सीजफायर किया था।


ज्ञात हो कि पहले, भारत और पाकिस्तान सीजफायर के लिए सहमत हो गए थे। भारत के विदेश मंत्रालय ने भी इसकी पुष्टि की थी। लेकिन, महज चार घंटे के अंदर ही पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन किया और सीमा पार से गोलीबारी शुरू की। साथ ही, कई शहरों को ड्रोन के जरिए निशाना बनाया। जानकारी के अनुसार, श्रीनगर, रियासी, कटरा, उधमपुर समेत कई जगहों पर तेज धमाके की आवाजें सुनी गई हैं, जिसके बाद ब्लैकआउट कर दिया गया। इसके साथ ही पंजाब के फिरोजपुर और होशियार में भी ब्लैकआउट कर दिया गया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पाकिस्तान की इस नापाक हरकत पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सवालिया लहजे में लिखा, 'आखिर संघर्ष विराम का क्या हुआ?' उन्होंने कहा कि श्रीनगर में धमाकों की आवाजें सुनी गईं। इसके साथ ही उन्होंने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें पाकिस्तान की ओर से ड्रोन आते दिख रहे हैं। उन्होंने लिखा कि यह कोई युद्धविराम नहीं है। श्रीनगर के मध्य में हवाई रक्षा इकाइयों ने अभी-अभी गोलीबारी शुरू की है। इधर, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जम्मू कश्मीर के अलावा गुजरात में भी ड्रोन देखे गए हैं। शेष पेज 11 पर



विक्रम मिसरी ने कहा, दोनों देशों के डीजीएमओ कल फिर करेंगे वार्ता

### भारत-पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत : डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इसको लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान पूरी तरह से सीजफायर के लिए सहमत हो गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी रात की बातचीत के बाद मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्ध विराम पर सहमत हो गए हैं।



### भविष्य में होने वाले आतंकी हमलों को भारत मानेगा युद्ध की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारत ने अहम निर्णय लिया है। भविष्य में आतंकवाद की किसी भी कार्रवाई को देश के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसी के अनुसार जवाब दिया जाएगा। शीर्ष सरकारी सूत्रों के अनुसार, भारत ने निर्णय लिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकवादी कार्रवाई को भारत के विरुद्ध युद्ध कार्रवाई माना जाएगा तथा उसका जवाब तदनुसार दिया जाएगा। इससे पहले, शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल, सीडीएस अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख सहित अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत की महत्वपूर्ण उपलब्धियां

**नौ आतंकी शिविर नष्ट किए :** 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत ने पाकिस्तान और पीओके में नौ प्रमुख आतंकवादी शिविर ध्वस्त कर दिए। इन आतंकवादी शिविरों का इस्तेमाल आतंकवादियों को प्रशिक्षित करने और जम्मू-कश्मीर में भेजने के लिए लांचपैड के रूप में किया जा रहा था। ये आतंकवादी शिविर लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन के थे।

**पाकिस्तान की मुख्य भूमि तक की कार्रवाई :** भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अंदर सैकड़ों किलोमीटर तक अपने लक्ष्य पर सटीक हमले किए। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भी हमले किए गए, जिसे पाकिस्तान की सेना का रणनीतिक गढ़ माना जाता है। बहावलपुर में संवेदनशील आतंकवादी ठिकानों तक भी भारतीय सेना पहुंच गई, जहां अमेरिका ने भी अपने ड्रोन भेजने की हिम्मत नहीं की थी।

**बिना नुकसान दिया मिशन को अंजाम :** भारतीय सेना ने पाकिस्तान के वायु रक्षा ग्रिड को सफलतापूर्वक बायपास या जाम कर दिया। कुल 23 मिनट की अवधि में किए गए हमलों की तेज और सटीक प्रकृति ने पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणालियों में कमियों को उजागर किया। एससीएएलपी मिसाइलों और हैमर बमों से लैस भारतीय राफेल जेट ने बिना किसी नुकसान के शेष पेज 11 पर

### 'ऑपरेशन सिंदूर' के पहले दिन ही पाकिस्तान के टॉप पांच आतंकी ढेर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने 6-7 मई की रात 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए करारा जवाब दिया था। भारतीय सेना की कार्रवाई में पाकिस्तान और पीओके के नौ आतंकी ठिकानों को पूरी तरह तबाह कर दिया गया। अब, भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान में मारे गए आतंकियों की लिस्ट सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक, भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान में टॉप 5 आतंकवादियों को ढेर किया है। इसमें लश्कर आतंकी मुदस्सर खादियान शामिल है, जिसे पाकिस्तानी सेना ने भी सम्मान दिया था। सामने आई लिस्ट में भारत के मोस्ट वांटेड आतंकी मसूद अजहर के करीबियों के भी खात्मे की पुष्टि होती है। वहीं, मोहम्मद यूसुफ अजहर उर्फ उस्ताद जी उर्फ मोहम्मद सलीम उर्फ घोसी साहब के मारे जाने की बात भी सामने आई है। इस आतंकवादी ने जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी वारदातों को अंजाम दिया था। वहीं, इंडियन एयरलाइंस के आईसी-814 विमान के हाईजैक मामले में भी वांटेड था।

- मारे गए आतंकियों को पाकिस्तानी सेना ने दिया था सम्मान

#### ये हैं मारे गए टॉप 5 आतंकी

1. **मुदस्सर खादियान खास उर्फ मुदस्सर उर्फ अबू जुंदाल (लश्कर-ए-तैयबा) :** मरकज तैयबा, मुरीदके का प्रभारी। पाकिस्तान सेना ने उसके अंतिम संस्कार में गार्ड ऑफ ऑनर दिया। पाक सेना प्रमुख और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उसके अंतिम संस्कार की नमाज एक सरकारी स्कूल में आयोजित की गई, शेष पेज 11 पर

आदतों से बाज नहीं आया पाकिस्तान

### श्रीनगर से नलिया तक पाकिस्तान ने किए हवाई घुसपैठ के कई प्रयास



**ब्यूरो/नई दिल्ली।** पाकिस्तान अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहा है। उसने सीमावर्ती इलाकों में ड्रोन के मार्फत अपनी आक्रामक गतिविधियां जारी रखीं। विदेश मंत्रालय व सेना की संवाददाता सम्मेलन में शनिवार को ताजा हालातों की जानकारी दी गई। प्रेस वार्ता में भारतीय सेना ने भारत में वायु सेना स्टेशन व अड्डों को नष्ट करने के पाकिस्तानी दावों को नकारने के लिए तस्वीरें दिखाईं, जिनमें समय भी लिखा था। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने पूरे वेस्टर्न बॉर्डर पर अपनी आक्रामक गतिविधियां जारी रखीं। पाकिस्तानी सेना ने ड्रोन, लॉन्ग रेंज वेपन, गोला बारूद और लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल कर लड़ाकू सैन्य ढांचे को निशाना बनाया। लाइन आफ कंट्रोल (एलओसी), इंटरनेशनल बॉर्डर पर भी पाकिस्तानी सेना ने भारी गोलीबारी की और ड्रोन का इस्तेमाल कर घुसपैठ की कोशिश की। कर्नल सोफिया ने बताया कि इंटरनेशनल बॉर्डर व लाइन आफ कंट्रोल पर श्रीनगर से नलिया तक 26 से अधिक स्थानों हवाई घुसपैठ के प्रयास किए गए। शेष पेज 11 पर

- भारतीय सेना ने 26 से ज्यादा स्थानों पर घुसपैठ को सफलतापूर्वक किया निष्क्रिय
- श्रीनगर, अवंतीपुर व उधमपुर के वायुसेना अड्डों पर चिकित्सा केंद्र व स्कूल को बनाया निशाना


### सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई और फायरिंग रोकने की घोषणा औपचारिक संघर्ष विराम नहीं, बल्कि केवल एक आपसी समझौता है। आधिकारिक सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि समझौते में न कोई पूर्व शर्त रखी गई है, न ही कोई बाद की शर्त है। साथ ही, भारत की ओर से दोनों देशों के बीच सिंधु जल संधि का स्थगन जारी रहेगा। शेष पेज 11 पर

इंडिया

## मदर इंडिया के बजाय कुमाता समाज बना रहा है या आधुनिकता?

कुपुत्रो जायेत क्वचिदपि कुमाता न भवति॥ मैंने तुम्हारे चरणों की सेवा कभी नहीं की , देवि ! तुम्हें अधिक धन भी समर्पित नहीं किया ; तथापि मुझ – जैसे अधम पर जो तुम अनुपम स्नेह करती हो , इसका कारण यही है कि संसार में कुपुत्र पैदा हो सकता है, किंतु कहीं भी कुमाता नहीं होती॥ हमारे वेद और पुराणों में मां को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। दुर्गा सप्तशती के प्रार्थना श्लोक में ये पंक्तियां हैं परंतु पश्चिमी देशों की अंधी नक़ल से भौतिकवाद का असर आज हमारे समाज में भी दिखने लगा है। अब स्कूलों में भी मदर्स डे मनाते हुए बच्चों की मां को बुलाया जाता है उन्हें सम्मानित किया जाता है। कई स्कूलों में तो माताओं के बीच विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का भी आयोजन भी किया जाता है। परंतु अभी भी हमारे यहां प्ले स्कूल में माता-पिता बच्चों को नहीं भेजना चाहते और उसे मां ही ममता की छांव में उससे अधिक जानकारियां दे देती हैं । इसके मूल में यह अवधारणा है कि माता किसी भी देश की हो पर अपने बच्चों की प्रथम गुरु वही होती है जिस कारण प्राचीन भारत में कुन्तीनंदन, राधेय, गंगापुत्र भीष्म,सीताराम जैसे संबोधनों से माताओं को उच्च स्थान दिया गया था । वीर शिवाजी को महान देशभक्त बनने की प्रेरणा उनकी मां ने दी थी । यदि किसी बच्चे के बालमन में अच्छे आदर्श बचपन में डाल दिए जाएं तो संस्कार के रूप में वह जीवनपर्यंत उसे प्रदर्शित कर अपने मां बाप की पहचान बनता रहेगा । लोग कहते हैं कि ईश्वर हर जगह नहीं जा सकता इसीलिए उसने मां बनाई । भारत की मां फिल्मों की मदर इंडिया भी थी जो राह भटके अपने पुत्र की हत्या तक कर सकती थी और जितने शहीद हुए या आज भी सीमाओं पर जो मातृभूमि की रक्षा के लिए शीश कटाने को तत्पर हैं उसकी प्रेरणा माताओं ने ही दी थी । भारतीय परंपरा में न जानें कितने ऐसे उदाहरण मिल जाते हैं जहां इतिहास मां का सम्मान करने के लिए प्रेरित करता है। जननी और जन्मभूमि को स्वर्ग से भी बढ़कर माना गया है। इनका सम्मान करने के लिए हर धर्म ग्रंथ ने अपने तरह से व्याख्या की है। आजकल भौतिकवाद में अंधे होकर शारीरिक सुख के लिए भले एकाध मां होने वाले दामाद के साथ भाग जाए पर भारत का मूल चरित्र आदर्शवाद का ही है जिसमें परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदारी और ममता और दृढ़ता के साथ त्याग की प्रतिमूर्ति भारतीय माताएं बनी हुई हैं जिसमें सभी का पेट भरने की जिम्मेदारी उनके ऊपर ही होती है खुद भले भूखी रह जाएं । प्राचीन और मध्यकालीन भारत आत्मसम्मान के लिए जौहर और मातृभूमि की रक्षा के लिए निस्संकोच युद्ध के लिए राणा जी को अपना सर काटकर देने वाली पत्नी स्वरुपा माता भी हैं जिन्होंने सदियों से इसे वीरभूमि बनाया है । आजकल हम पश्चिमी भोगवाद में ऐसे रम गए हैं कि अर्धनग्न शराब पीनेवाली आधुनिक माताओं की संख्या बढाती जा रही है पर क्या समाज इसके लिए दोषी नहीं ? यदि हम पुरुष होकर अपनी मर्यादा खोकर अय्याशी करेंगे भोग विलास को ही संस्कृति बना लेंगे तो कितनी माताएं और कब तक घर के बच्चों को उसी रास्ते पर चलने से रोक पाएंगी ? प्राचीन भारत दादी मां फिल्म का गीत गाता था 'उसको नहीं देखा हमने कभी पर तेरी सूरत से अलग भगवान की सूरत क्या होगी ऐ माँ !' आज के बच्चे दादी से बोलते हैं दादी तुम बहुत सेक्सी लग रही हो । फिल्मों में महिलाओं को मॉडल के रूप में उपयोग करने की परंपरा पुरानी है पर अब पूरी बेशर्मी से उपभोक्ता वस्तुओं की तरह नारी देह को दिखाना और टीवी पर सभी संबंधों को शारीरिक सुख के लिए षड्यंत्र के दावपेंच से भरे धारावाहिक घर-घर दिखाए जा रहे हैं जिन्हें लोग आदर्श मानकर वैसी ड्रेस बातचीत और आचरण पेश कर रहे हैं ऐसे में आदर्श मां और समाज कहां से आएगा ? मदर्स डे अमेरिका में एक लोकप्रिय अवकाश है जो मातृत्व की सराहना और उत्सव तथा परिवार और समाज में माताओं की भूमिका के लिए समर्पित है। लोग अपनी माताओं, दादी, सौतेली माताओं, सास और अन्य मातृ आकृतियों को धन्यवाद देते हैं और उनकी सराहना करते हैं जिन्होंने उनके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। हम जिन संस्कारों से दूर हो रहे हैं पश्चिम अपने बच्चों को वही सब सिखा रहा है जिसमें बच्चियों में आत्मरक्षा और सजगता के साथ उच्च आदर्श शामिल हैं । मातृ दिवस की मूल अवधारणा माताओं द्वारा की जाने वाली कड़ी मेहनत, प्रयास और समर्पण का सम्मान करने का एक विशेष दिन है। अमेरिका में, मदर्स डे हमेशा मई के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। 2025 में यह 11 मई को मनाया जाएगा। इसी दिन को ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे कई अलग-अलग देशों द्वारा मनाया जाता है पर मातृशक्ति को सम्मानित करने का दिन दुनिया भर में काफी अलग-अलग है, जो विभिन्न परंपराओं और विभिन्न ऐतिहासिक कारणों पर निर्भर करता है।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



### इस वर्ष केरल में 27 मई को दस्तक दे सकता है मानसून

**नई दिल्ली (हि.स.)**

इस वर्ष केरल में 27 मई को मानसून दस्तक दे सकता है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को बताया कि इस बार केरल में मानसून का प्रवेश 27 मई को होने जा रहा है। पिछले वर्ष मानसून 30 मई को केरल पहुंचा था। शनिवार को मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने की शुरुआत केरल में मानसून के मौसम से होती है। जैसे-जैसे मानसून उत्तर की ओर बढ़ता है, चिलचिलाती गर्मी से लोगों को राहत मिलती है। दक्षिण-पश्चिम मानसून आमतौर पर 1 जून को केरल में आता है, जिसका मानक विचलन लगभग 7 दिन होता है। आईएमडी ने एक स्वदेशी रूप से विकसित अत्याधुनिक सांख्यिकीय मॉडल का उपयोग करते हुए इस साल 27 मई को मानसून का पूर्वानुमान लगाया है। इस स्वदेशी मॉडल में उत्तर पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान, दक्षिण प्रायद्वीप में मानसून-पूर्व वर्षा का चरण, उपोष्णकटिबंधीय उत्तर-पश्चिम प्रशांत महासागर में औसत समुद्र तल दवाब, दक्षिण चीन सागर में बहिगार्मी दीर्घतरंग विकिरण, उत्तर-पूर्वी हिन्द महासागर में निचली क्षोभमंडलीय क्षेत्रीय हवा और इंडोनेशिया क्षेत्र में ऊपरी क्षोभमंडलीय क्षेत्रीय हवा का अध्ययन किया जाता है।



- आईएमडी ने स्वदेशी रूप से विकसित मॉडल का उपयोग कर दी जानकारी

# झारखंड के किसान मालिक बनें, मजदूर नहीं : शिल्पी नेहा तिर्की

## बनहोरा जतरा मैदान में जिला स्तरीय कृषि कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची के बनहोरा जतरा मैदान में शनिवार को जिला स्तरीय कृषि कर्म शाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा- झारखंड के किसान मजदूर नहीं, बल्कि मालिक है। राज्य के खेतिहर किसानों को अपनी भूमिका मालिक के तौर पर निभानी होगी। वो खुद की जमीन पर उन्नत कृषि के सहारे लाखों का रोजगार कर सकते है। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की योजनाएं किसानों को बेहतर अवसर प्रदान कर रही है। बनहोरा मैदान में कृषि प्रदर्शनी के साथ- साथ विभाग की योजनाओं की जानकारी के लिए स्टॉल लगाए गए थे। गांव के लोगों को स्टॉल पर विभाग के द्वारा संचालित अलग-अलग योजनाओं को लाभ लेने से संबंधित प्रक्रिया से अवगत कराया गया। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इस मौके पर कहा कि बहुत दुख के साथ ये कहना पड़ता है कि आज लोग खेती बाड़ी के बजाय दूसरों के घर मजदूरी करना पसंद करते है। पहले जहां एक एकड़ में 25 हजार का मुनाफा किसानों को होता था, वहीं बदलते हुए तकनीक में उन्नत कृषि के साथ ये मुनाफा 1 लाख तक पहुंच गया है। इसके लिए सिर्फ सही फसल और कृषि की उन्नत विधि से किसानों को जुड़ने की जरूरत है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सरहुल आजीविका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी नामक एफपीओ का जिक्र करते हुए उसकी उपलब्धि को बताया है। आज इस एफपीओ का सालाना कारोबार 1 करोड़ रुपए के आसपास तक पहुंच गया है। ऐसा सामूहिक प्रयास और कड़ी मेहनत की बदौलत हो सका है। यही वजह है कि विभाग की तरफ सरहुल आजीविका को 15 लाख रुपए का ग्रांट दिया गया है। इस कृषि कर्म शाला में विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। झारखंड के ग्रामीण शूकर पालन करते है लेकिन उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि झारखंड के शूकर की मांग पूरे देश भर में है।

शूकर पालन के जरिए बेहतर मुनाफा और व्यापार किया जा सकता है। कृषि कर्म शाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि आपके गांव- घर में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग खुद योजनाओं की सौगात लेकर पहुंची है। गांव के किसान विभाग की योजनाओं से जुड़कर कृषि के क्षेत्र में अपने भविष्य को संवार सकते है। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि राज्य में अगर रोजगार के लिए पलायन से बचना है तो कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता से जुड़ना होगा। विभाग किसानों को आज के दिन हर तरह की सुविधा उपलब्ध करा रही है। लेकिन इसके लिए विभागीय प्रक्रिया को पूरा करना होगा और इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए कृषि कर्म शाला का आयोजन किया गया है।

इस मौके पर मंच से मंत्री के हाथों सरहुल आजीविका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी और सरई फुल महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी को 15- 15 लाख का ग्रांट दिया गया। जबकि किसान समृद्धि योजना के तहत पुनीता खलखो और सुमन उरांव को योजना का लाभ दिया गया । इस मौके पर स्थानीय जन प्रतिनिधि नीलम तिर्की, आशा देवी, पुष्पा टोप्पो, रियाजुल के अलावा शिव कच्छप, दीपू सिन्हा, प्रकाश तिर्की, मुन्तजिर खान, बेचू तिर्की, ललित कच्छप, सुका उरांव सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

मास्को में संजय सेठ ने भारतीय प्रवासियों के साथ किया संवाद, कहा

# भारतीय जहां भी रहते हैं अपने काम और कर्मों से जाने जाते हैं

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मॉस्को में भारतीय दूतावास में आयोजित एक कार्यक्रम में मास्को में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगो के साथ मुलाकात की एवं संवाद स्थापित किया। रूसी संघ में भारत के राजदूत विनय कुमार ने भारतीय प्रवासियों और दूतावास की ओर से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में दूतावास के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रूस में भारतीय समुदाय के लगभग 120 प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में भारतीय प्रवासियों की उपलब्धियों और योगदान की अहम भूमिका है।

उन्होंने भारतीय समुदाय से 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया, जिसमें भारत को विकसित राष्ट्रीय बनाने में प्रवासी भारतीयों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। श्री सेठ ने अपने संबोधन में कहा भारतीय जहां भी रहते हैं अपने काम और कर्मों से जाने जाते हैं उनका जन्म भले ही हिंदुस्तान में हो लेकिन उनकी कर्मभूमि जहां होती है वहां वह निष्ठा से अपने कार्यों को करते हैं यह भारतीयों की पहचान है। रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ ने सभी भारतीय प्रवासियों के साथ संवाद किया कार्यक्रम का समापन भारत के विकास दृष्टिकोण के प्रति उपस्थित लोगों के बीच गर्व और प्रतिबद्धता की नई भावना के साथ हुआ।

## निगम स्तर से इंदौर के तर्ज पर फूड हब बनाने की योजना : प्रशासक

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम प्रशासक संदीप सिंह के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस क्रम में उनके द्वारा कचहरी चौक, नागा बाबा खटाल वेजिटेबल मार्केट से मछली घर होते हुए पूरे मोरहाबादी क्षेत्र तक का भ्रमण निगम के पदाधिकारियों के साथ किया गया।

निरीक्षण क्रम में उनके द्वारा मार्ग पर अवस्थित मॉड्यूलर टॉयलेस्ट एवं मोरहाबादी स्थित एरोबिक बायो टॉयलेट की सफ़ाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया एवं स्वास्थ्य शाखा के पदाधिकारियों को प्रतिदिन इसके साफ़-सफ़ाई की मॉनिटरिंग करने एवं ब्लीचिंग पाउडर का नियमित छिड़काव करने का निर्देश दिया गया।

साथ ही स्वच्छता शाखा की टीम को निर्देश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में शहर के मुख्य पथों पर डंप कूड़ा ना दिखे तथा सुपरवाइजर इसकी निगरानी करे।



साथ ही मोराबादी क्षेत्र में प्रतिदिन सुबह साफ़-सफ़ाई के कार्य जल्दी की जाए ताकि मॉर्निंग वॉकर्स को एक स्वच्छ वातावण मिल सके। इसके अलावा पूरे क्षेत्र में पेड़ो की टहनियों की ट्रिमिंग करने का निर्देश दिया गया। उनके द्वारा मोराबादी रजिस्ट्री ऑफिस के समीप भूमि पर निगम स्तर से इंदौर के तर्ज पर फूड हब के रूप में विकसित करने हेतु योजना तैयार करने का निर्देश सम्बन्धित पदाधिकारियों को दिया गया। मौके पर अपर प्रशासक संजय कुमार, उप प्रशासक रविंद्र कुमार, उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू, नगर प्रबंधक, स्वच्छता शाखा एवं स्वास्थ्य शाखा की टीम उपस्थित थे।

# सीएम ने राह दिखाई मैं उसे बढ़ा रहा हूं : मंत्री

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने स्वास्थ्य मंत्री पद की शपथ लेते ही एक बड़ा और ऐतिहासिक निर्णय लिया। मंत्री डॉ अंसारी ने स्पष्ट और सख्त निर्देश जारी किए कि किसी भी परिस्थिति में मृतक का शव निजी अस्पतालों में रोककर नहीं रखा जाएगा। हर हाल में शव परिजनों को सौंपना अनिवार्य होगा। वहीं, इस फैसले से राज्य के हजारों परिवारों को राहत मिली है। राज्यभर से लगातार लोगों ने मंत्री इरफान अंसारी के इस संवेदनशील और मानवीय निर्णय के लिए हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है।

मौके पर इरफान अंसारी ने कहा कि मैं मंत्री बाद में हूं, पहले एक डॉक्टर हूं। एक डॉक्टर होने के नाते मैं मरीजों और उनके परिजनों के दुख, दर्द और पीड़ा को भलीभांति



- मंत्री बाद में, पहले डॉक्टर हूं : डॉ इरफान अंसारी
- गरीबों को मिली राहत, शव परिजनों को सौंपना अनिवार्य, झारखंड बना देश के लिए मिसाल

समझ सकता हूं। मैंने अपनी आंखों से देखा है कि किस तरह अस्पताल शव को पैसे के अभाव में रोक लेते थे और परिवार लाचार, बेबस होकर अस्पतालों के दरवाजे पर बिलखते रहते थे। तभी मैंने मन में ठान लिया था कि अगर मुझे भविष्य में कभी ऐसी जवाबदेही मिलेगी, तो मैं सबसे पहले उन परिवारों को राहत दूंगा जो आर्थिक तंगी के कारण अपनों का अंतिम संस्कार तक नहीं कर पाते।" उन्होंने कहा मंत्री पद की शपथ लेते ही उन्होंने यह निर्णय लागू किया और राज्य के तमाम अस्पतालों ने इसका अनुपालन किया। खास बात यह है कि उन्होंने केंद्र सरकार को भी इस निर्णय की जानकारी दी थी, और अब केंद्र ने भी इस फैसले को मान्यता दी है।

उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का धन्यवाद करता हूं, जिनकी दूरदर्शी सोच और जनहितकारी नेतृत्व के कारण आज मैं स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उनके विजन को आगे बढ़ा रहा हूं। राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में व्यापक बदलाव आया है और आने वाले दिनों में और भी क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिलेंगे।

## स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी का 170वां स्मरणोत्सव मना



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** 10 मई को योगदा आश्रम में स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी के आविर्भाव का स्मरणोत्सव मनाया गया। स्मरणोत्सव सुबह स्वामी गोकुलानंद द्वारा संचालित एक विशेष ऑनलाइन सामूहिक ध्यान के साथ आरंभ हुआ, जिसमें पूरे भारत से भक्तों ने भाग लिया। इसके बाद सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक गुरु पूजा में उपस्थित भक्तों ने ब्रह्मचारी सत्संगानंद और अन्य संन्यासियों ने संचालित भजनों का आनंद लिया। भजन-संकीर्तन के बाद वहां उपस्थित भक्तों और संन्यासियों को प्रसाद वितरित किया गया। 1894 में प्रकाशित अपनी सुप्रसिद्ध पुस्तक, "कैवल्य दर्शनम्" के लिए विख्यात श्रीयुक्तेश्वरजी, परमहंस योगानंदजी के गुरु थे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक आध्यात्मिक गुरु के रूप में प्रसिद्ध योगानंदजी ने अपनी आध्यात्मिक रचना, "योगी कथामृत" से वैश्विक स्तर पर लाखों लोगों को प्रभावित किया है और इस पुस्तक को दुनिया भर की पचास से अधिक भाषाओं में अनूदित एवं प्रकाशित किया गया है। इस विशेष दिन का उत्सव शाम को 3 घंटे के ध्यान के साथ समाप्त हुआ, जहां ब्रह्मचारी प्रहलादानंद ने श्रीयुक्तेश्वरजी के कुछ उपाख्यानों और शिक्षाओं को पढ़ा।

### जीएसटी घोटाले में गिरफ्तार तीनों कारोबारियों को भेजा गया जेल

**रांची।** शेल कंपनी के नाम पर 800 करोड़ रुपए के जीएसटी घोटाले में गिरफ्तार तीन आरोपी कारोबारियों शिव कुमार देवड़ा, मोहित देवड़ा और अमित गुप्ता को ईडी ने शनिवार 10 मई को रांची के पीएमएलए कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में लेते हुए 22 मई तक के लिए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया है। तीनों आरोपियों को अब फिलहाल ठिकाना जेल ही रहेगा। शुक्रवार 9 मई को अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया के जेल भेजा गया था। ईडी ने तीनों कारोबारियों को कोलकाता के न्यू टाउन और साल्टलेक एरिया से शुक्रवार को गिरफ्तार किया था। ईडी ने तीनों को ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद मिले ठोस साक्ष्य के आधार पर पूछताछ की। इसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर रांची लाया। मामले में शुक्रवार को जमशेदपुर से गिरफ्तार कारोबारी अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया को जेल भेजा गया था। बता दें कि ईडी मंगलवार को चारों आरोपियों को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर ले सकती है।

### नशीली दवा बेचने के आरोपी को नहीं मिली जमानत

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के एनडीपीएस मामले के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने युवाओं को तस्करी की नशीली दवाएं बेचने के आरोप में जेल में बंद आरोपी शैलेश कुमार को जमानत देने से इनकार किया है। उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। वह बीते तीन फरवरी से जेल में है। आरोपी को सदर थाना पुलिस को मिली गुप्त सूचना मिली कि कोकर के तिरिल रोड स्थित तान्या मेडिकल फार्मा से युवाओं को तस्करी की नशीली दवाएं बेची जा रही हैं। पुलिस ने उक्त मेडिकल दुकान में छापेमारी की और आरोपी शैलेश कुमार को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 100 एमएल ओनेरेक्स कफ सिरप की 84 बोतलें, 1430 पीस नाइट्रोसम10 टैबलेट और 144 विनस्पास्मो (टीएम) फोर्ट कैप्सूल बरामद किया गया। पूछे जाने पर आरोपी व्यक्ति तस्करी की सामग्री के बारे में बताने में असफल रहा था।

## जेपीएससी अभ्यर्थियों को भाजयुमो का मिला समर्थन




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** जेपीएससी द्वारा 11वीं जेपीएससी का परीक्षाफल जारी नहीं किए जाने के खिलाफ आयोग कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे अभ्यर्थियों का भाजयुमो ने समर्थन किया है। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने शनिवार को भूख हड़ताल पर बैठे अभ्यर्थियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन झारखंड के युवाओं की आवाज है, जिसे अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। झारखंड सरकार युवाओं के भविष्य के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील हो चुकी है। रोजगार के नाम पर या तो भर्तियां होती नहीं, और अगर होती हैं तो पेपर लीक, भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की भेंट चढ़ जाती हैं। जेपीएससी का यह मामला युवाओं के सब्र की परीक्षा ले रहा है, लेकिन अब युवा चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ट्रैफिक चालानों और अवैध उगाही में तो सक्रिय है, लेकिन युवाओं की रोजी-रोटी के सवाल पर पूरी तरह मौन है। सरकार की चुप्पी शर्मनाक है। भाजयुमो ने सरकार से जेपीएससी द्वारा लंबित परिणामों की तत्काल घोषणा करने, परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने व इस मामले में युवाओं से संवाद करने की मांग की। कहा कि अगर सरकार इस मुद्दे पर शीघ्र निर्णय नहीं लेती, तो भाजयुमो राज्य भर में जनआंदोलन करेगा।

# मंत्री दीपिका ने करोड़ों की विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** महगामा विधानसभा क्षेत्र के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक रहा। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास कर ग्रामीण आधारभूत संरचना के विस्तार की दिशा में एक नया अध्याय लिखा।

श्रीमती सिंह ने ठाकुरगंगटी प्रखंड में तीन बड़ी विकास योजनाओं का शिलान्यास किया, जिनमें पुल और सड़क निर्माण शामिल हैं। ये योजनाएं न सिर्फ क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएंगी, बल्कि ग्रामीण जनता को आवागमन, व्यापार और रोजगार के अधिक अवसर भी उपलब्ध कराएंगी।

योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ना, आवागमन में सुगमता लाना और आपदा के समय राहत कार्यों को




गति देना है।

इसके अतिरिक्त, ठाकुरगंगटी प्रखंड कार्यालय परिसर में आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए, ताकि वे तकनीकी रूप से सशक्त बन सकें और शासन की योजनाओं को डिजिटल माध्यम से अधिक प्रभावशाली ढंग से संचालित कर सकें। यह वितरण "डिजिटल झारखंड" की दिशा में एक और सशक्त पहल है।

इस अवसर पर दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल विकास करना नहीं, बल्कि ऐसा समावेशी विकास करना है जिसमें हर गांव, हर महिला और हर युवा को समान अवसर मिले। इन योजनाओं के माध्यम से हम महगामा को एक सशक्त और स्वावलंबी क्षेत्र बनाने के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, ग्रामीण जनता और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बेमिसाल सैन्य क्षमता व विदेश नीति का परिचय भारत ने दिया : प्रवीण

- सीजफायर स्वीकार कर भारत ने स्पष्ट कर दिया कि वह अंतरराष्ट्रीय शांति व स्थिरता का समर्थक है

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने कारवाई कर आतंकवाद पोषक पाकिस्तान को फिर से बेनकाब किया है और अपनी बेमिसाल सैन्य क्षमता एवं विदेश नीति का परिचय दिया है। भारत की सफल विदेश नीति के कारण पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय जगत में अकेला पड़ गया है। उसे तुर्की के अलावा किसी भी देश का साथ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि सीजफायर स्वीकार कर भारत ने स्पष्ट कर दिया कि वह अंतरराष्ट्रीय शांति और स्थिरता का समर्थक है। लेकिन अगर पाकिस्तान की ओर से आतंकी हमलों को पुनः प्रश्रय दिया गया तो भारत इसे युद्ध की कारवाई मानेगा और फिर से जवाबी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा।

आतंकी अड्डों को नष्ट करने के बाद भारत ने प्रथम दिन ही स्पष्ट कर दिया था कि उसकी युद्ध की मंशा नहीं है। लेकिन जब पाकिस्तान ने पूर्व से जारी सीज़फायर का उल्लंघन कर नागरिकों को निशाना बनाना शुरू किया तो भारत ने माकूल जवाब दिया।

पाकिस्तान के खिलाफ रांची के युवाओं में आक्रोश

# लगाए मुर्दाबाद के नारे और दुश्मन देश के झंडे पर पोती मिट्टी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पहलगाम में 22 अप्रैल को पर्यटकों पर कायराना हमले के जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। भारतीय सेना द्वारा 6 मई की मध्य रात्रि के दौरान पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के बाद से पाकिस्तान नफरत की आग में झुलस रहा है। पाकिस्तान पिछले 7 मई से लगातार कायराना हरकत कर रहा है। रिहायशी इलाकों के साथ-साथ स्कूल और अस्पताल तक पर बम से हमला कर रहा है। भारतीय सेना इसका मुकम्मल




**युवाओं ने फूंका पाकिस्तान का झंडा**

छात्रों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। भारतीय फौज के शौर्य की सराहना करते हुए युवाओं ने कहा कि पाकिस्तान के पास भारत से लड़ने की औकात नहीं है। उसको माकूल जवाब दिया जा रहा है। पहलगाम में आतंकियों द्वारा धर्म पूछकर महिलाओं के सामने पुरुषों की हत्या किए जाने की घटना को याद कर छात्र बेहद आक्रोशित दिखे। इस दौरान छात्रों ने जमीन पर पाकिस्तान के झंडा को पेंट किया और बाद में उसको मिट्टी से पोत डाली। साथ ही पाकिस्तान के झंडे को आग के हवाले किया।

तरीके से जवाब दे रही है। इधर, पाकिस्तान के कायराना हरकत के खिलाफ झारखंड के युवा अपने-अपने तरीके से गुस्से का इजहार कर रहे हैं। शनिवार को डीएसपीएम यूनिवर्सिटी के छात्रों ने पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

बता दें कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। भारतीय फौज पाकिस्तान को करारा जवाब दे रही है। लिहाजा, भारतीय फौज की सलामती और विजय के लिए जगह-जगह प्रार्थनाएं की जा रही हैं। रांची की सड़कों पर अलग-अलग राजनीतिक पार्टियां रैली निकालकर सेना की हौसला अफजाई कर रही हैं।

### ट्रैफिक ब्लॉक के कारण हटिया-झारसुगुड़ा ट्रेन रद्द रहेगी

- 11 से 26 मई तक तथा 28 एवं 30 मई को रद्द रहेगी

**रांची।** रांची रेल मंडल के कानारोवां-टाटी-परबाटोनिया रेलखंड तथा चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत विकास कार्य को लेकर ट्रैफिक तथा पावर ब्लॉक लिया जायेगा। जिसके कारण ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। ट्रेन संख्या 18175/18176 हटिया-झारसुगुड़ा-हटिया मेमू एक्सप्रेस 11 से 26 मई तक तथा 28 एवं 30 मई को रद्द रहेगी। वहीं ट्रेन संख्या 18310 जम्मूतवी-संबलपुर एक्सप्रेस (वाया-रांची) 15 मई को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर 04 घंटे 30 मिनट विलंब से जम्मूतवी से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 07051 चर्लपल्ली-रक्सौल स्पेशल ट्रेन (वाया-रांची) 24 मई को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर 02 घंटे 15 मिनट विलंब से चर्लपल्ली से रवाना होगी।

# वीर शहीद बुधु भगत विवि नामकरण पर एसीएस ने विधायक को दी बधाई



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) ने झारखंड सरकार द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर "वीर शहीद बुधु भगत विश्वविद्यालय" करने का स्वागत किया है। यह फैसला झारखंडी अस्मिता, आदिवासी पहचान और शहीदों के बलिदान का सम्मान है। एसीएस ने इस संघर्ष में शामिल सभी छात्र संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आंदोलनकारियों को बधाई एवं आभार प्रकट किया। संगठन ने 8 वर्षों (2017–2025) के लंबे आंदोलन को याद करते हुए उन सभी व्यक्तियों का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने किसी न किसी रूप में इस अभियान को समर्थन दिया। एसीएस प्रतिनिधिमंडल ने तामाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा से भेंट कर पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और मिठाई भेंट कर आभार जताया। विधायक श्री मुंडा ने विधानसभा में इस मुद्दे को सशक्त रूप से उठाया था, जिसके लिए संगठन ने उन्हें विशेष धन्यवाद दिया।

मौके पर उपाध्यक्ष दीपा कच्छप, सचिव अमित टोप्पो, कोषाध्यक्ष नितेश टोप्पो, मीडिया प्रभारी अलोक तिर्की, रातू प्रखंड सचिव अमित तिग्गा, रातू प्रखंड कोषाध्यक्ष अनुज तिर्की, सक्रिय सदस्य प्रकाश भगत, रोहित उरांव, सचिन उरांव आदि शामिल थे।

### अंचल निरीक्षक और राजस्व उप निरीक्षक के कार्यशैली उन्नयन के लिए कार्यशाला का आयोजन

# कार्यालय में बिचौलिए न दिखें यह सुनिश्चित करें : उपायुक्त




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में शनिवार को जिला के अंचल निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक के कार्यशैली उन्नयन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के सभी अंचल के वरीय पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।उपायुक्त ने कार्यशाला में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, जन शिकायतों के नियमानुसार त्वरित निष्पादन/समाधान एवं कार्य संस्कृति उन्नयन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यूनिसेफ के प्रेमचंद ने कार्यशाला में सभी राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक को प्रशिक्षण दिया।

**हल्कावार लंबित म्यूटेशन के मामलों की समीक्षा :** कार्यशाला के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने प्रत्येक अंचल में हल्कावार लंबित दाखिल-खारिज के मामलों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित हल्का कर्मचारी से लंबित मामलों का कारण पूछा गया। उन्होंने सभी राजस्व उप निरीक्षक को अगले सात दिनों में 10 डिसिमल तक के 90 दिनों के लंबित दाखिल-खारिज के मामलों के निष्पादन के निर्देश दिए। उपायुक्त ने ऑर्डर जेनेरेशन, जाति, आवासीय प्रमाण-पत्र, सीमांकन एवं परिशोधन पोर्टल में लंबित मामलों को भी 7 दिनों के अंदर निष्पादन का निर्देश दिया गया।

**लोगों से शालीन व्यवहार करें**

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बैठक में उपस्थित सभी अंचल अधिकारी, राजस्व निरीक्षक एवं उप राजस्व निरीक्षक से कहा कि लोगों के समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहें, कार्यालय आनेवाले लोगों से शालीन व्यवहार करें, उन्हें सही एवं उचित जानकारी दें। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आवेदक ही आएं, सभी यह सुनिश्चित करें कि बिचौलिए कार्यालय में न दिखें। उपायुक्त ने एक बार फिर से जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि कार्यालयों में बिचौलिए दिखे तो 'अबुआ साथी- 9430328080' (जन शिकायत हेतु जिला प्रशासन का व्हाट्सएप नंबर) पर जानकारी दें, जानकारी देनेवाले की पहचान गुप्त रखी जायेगी।

**आम जनता से मंगलवार को मिलेंगे अंचल अधिकारी :** उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को मंगलवार के दिन आम जनता से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि बाकी कार्य दिवस में भी अंचल अधिकारी अन्य कार्यों के साथ दोपहर 1:00-2:00 तक आम जनता की समस्याओं को सुनते हुए यथासंभव समाधान करें। उपायुक्त ने जिला में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए सीपीपीओ से समन्वय स्थापित करते हुए एक सप्ताह में भूमि चिन्हित करने का भी निर्देश दिया गया।

### जनहित में काम नहीं होता तो वीआरएस ले लीजिए

कार्यशाला में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी अंचल अधिकारियों, अंचल निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में गुणात्मक सुधार करते हुए आम लोगों की समस्याओं का त्वरित गति से निष्पादन करें। दाखिल-खारिज के मामलों के निष्पादन में किसी तरह की तकनीकी समस्या आती है तो जानकारी दें ताकि राज्य स्तर से समन्वय स्थापित कर मामले का निष्पादन किया जा सके। कार्य में शिथिलता पर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि जनहित में कार्य नहीं होता तो वीआरएस ले लीजिए।

## केंद्र व राज्य सरकार की योजनाएं प्राथमिकता से लागू हो




● संवाद कार्यक्रम में कर्मचारियों के अनूभवों को सुनने और उनकी चुनौतियों को समझने का प्रयास

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में शनिवार को सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/जन शिकायतों के समाधान एवं कार्य संस्कृति को लेकर सभी कार्यालयों के प्रधान लिपिक/उच्च वर्गीय लिपिक/निम्न वर्गीय लिपिक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों के साथ संवाद कार्यक्रम किया गया। वहीं सभी को कार्यालय से सम्पादित होने वालें कार्यों का ससमय निष्पादन कराने को लेकर निर्देश दिया गया ।संवाद कार्यक्रम में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया गया कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, जैसे सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, और ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता के साथ लागू कराने में अपनी भूमिका निभाए। योजनाओं के लाभ को पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जन शिकायतों के निवारण में देरी को कम करने के लिए कर्मचारियों को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश उपायुक्त ने जन शिकायतों के निवारण में देरी को कम करने के लिए कर्मचारियों को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिए गया। इसके लिए शिकायतों के पंजीकरण, ट्रैकिंग, और समाधान की प्रक्रिया को और सुव्यवस्थित करने पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने कार्यालयों में कार्य संस्कृति को और अधिक पेशेवर, जवाबदेह, और नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए कर्मचारियों को प्रेरित किया गया साथ ही समय प्रबंधन, कार्यों की प्राथमिकता निर्धारण, और डिजिटल उपकरणों का प्रभावी उपयोग जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिए गए।

## सुलभ व निशुल्क न्याय का माध्यम है लोक अदालत : अनिल कुमार मिश्रा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राष्ट्रीय लोक अदालत का वर्चुअल उद्घाटन न्यायामूर्ति झारखण्ड उच्च न्यायालय-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची सुजित नारायण प्रसाद के द्वारा लोहरदगा न्यायमंडल, लोहरदगा से ऑनलाइन माध्यम से किया गया। न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि वादों के त्वरित निष्पादन में अधिवक्ताओं व मध्यस्थों की भूमिका अहम होती है। राष्ट्रीय लोक अदालत वादकारियों के लिए सुलभ व निःशुल्क न्याय पाने का एक माध्यम है। न्यायायुक्त ने व्यवहार न्यायालय, रांची में दो दिनों के लिए फ्री हेल्थ-चेक-अप कैंप का उद्घाटन किया। डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए न्यायिक दंडाधिकारियों के लिए 39 तथा कार्यपालक दंडाधिकारियों के लिए 19 बेंच का गठन किया गया है। न्यायिक दंडाधिकारियों, बैंक व इंशुरेंश कंपनी के प्रतिनिधियों, पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन के साथ पूर्व में बैठकें की गयी थी। न्यायालयों के माध्यम से वादकारियों को पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक नोटिस भी भेजा गया है, ताकि आज के लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सके। मौके पर न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1, प्रिंसिपल जज फैमिल कोर्ट, एस.एस. फातमी, एजेसी-15, अमित शेखर, एजेसी -2, यशवंत प्रकाश समेत अन्य अपर न्यायायुक्तगण, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, चंदन समेत सभी न्यायिक दंडाधिकारीगण तथा रांची जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, शम्भू प्रसाद अग्रवाल, महासचिव संजय कुमार विद्रोही, एलएडीसीएस के सदस्य, अधिवक्ता, कर्मचारी, पीएलवी व अन्य उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मंत्री ने रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार को किया शो कॉज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



स्वास्थ्य विभाग और रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार के बीच विवाद बढ़ता ही जा रहा है। हाल ही में हाईकोर्ट ने डॉ राजकुमार को पद से हटाने के आदेश पर रोक लगा दी थी। लेकिन इसके बावजूद स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

कई मामलों पर नोटिस जारी किया गया है। जिनमे रिम्स नियमावली 2002 और रेगुलेशन 2014 का उल्लंघन करने का आरोप, शासी परिषद की अंतिम बैठक में लिए गए निर्णयों की अवहेलना करने का आरोप, डॉ राजकुमार के बेटे के रिम्स में हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स में नामांकन और आंतरिक समिति का सदस्य बनाए जाने को लेकर सवाल, संस्थान में विभागीय स्वीकृति के बिना की गई खरीदारी को लेकर जवाब मांगा गया है, रिम्स के डॉक्टरों की प्रोन्नति प्रक्रिया को लेकर जवाब-तलब, जैसे मामले शामिल हैं।

वहीं, रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार का कहना है कि उनके द्वारा कोई नियमविरुद्ध कार्य नहीं किया गया है और सभी कार्य नियमानुसार किए गए हैं। वे विभाग द्वारा पूछे गए प्रत्येक प्रश्न का विस्तृत जवाब देंगे।

## झारखंड के कई जिलों में हीट वेव की चेतावनी

**रांची।** झारखंड में शनिवार को गर्मी और उमस की स्थिति बनी रही। 72 घंटे तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने हीट वेव का येलो अलर्ट जारी किया है। 13 मई से कहीं-कहीं मौसम का मिजाज फिर बदलेगा। वहीं, गरज के साथ बारिश हो सकती है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। शनिवार को गोड्डा का तापमान सबसे अधिक 40.1 रहा। वहीं सबसे कम खूंटी का 35.1 तापमान दर्ज हुआ। रांची का तापमान 36.3 रहा।

**गर्मी और उमस की चेतावनी :** झारखंड मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि झारखंड में 10 मई से गर्मी, तीखी धूप और उमस से लोग परेशान रहेंगे। रविवार को देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में हीट वेव के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### आज / कल




### श्री श्याम मंदिर में 155वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन

## 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 155 वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया।

श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी एक श्याम भक्त परिवार एवं सभी सदस्यों सेवको ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। खाटूनरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। एक श्याम भक्त परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में वेजिटेबल पुलाव आलू कद्दू लौकी मिक्स सब्ज़ी केसरिया जलेबी गुलाब शरबत टॉफी बिस्किट एवं खीर चूरमा का प्रसाद वितरण किया गया। खीर चूरमा का भोग हर भंडारे में महाप्रसाद के रूप में श्याम मंदिर में निर्मित किया जाता है एवं सर्वप्रथम भोग लगाया जाता है। भोग लगने के बाद हर भंडारे में मंडल के वरिष्ठ सदस्य रतन शर्मा रांची गौशाला में जाकर गौमाता को भोजन कराते हैं। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम भंडारे में अध्यक्ष सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नारसरिया, गौरव अग्रवाल, मोनू, पंकज गाड़ोदिया, सहित 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया ।

### मादक पदार्थ खरीद बिक्री के आरोप में एक गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने मादक पदार्थ की खरीद बिक्री करने वाले एक व्यक्ति को शनिवार को गिरफ्तार किया। दरअसल, डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली कि सुखदेवनगर थाना अन्तर्गत मूर्गा मैदान के पास अवैध नशीले पदार्थो की खरीद बिक्री हो रही है। सूचना के के सत्यापन के लिए रांची सिटी एसपी के नियंत्रण में और कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित छापामारी टीम के द्वारा सुखदेवनगर थाना अन्तर्गत मूर्गा मैदान, पहुंचने के बाद पुलिस बल को देख कर एक व्यक्ति भागने लगा।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मचारियों को दी गई विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के आठ वरिष्ठ शिक्षकों एवं एक शिक्षकेत्तर कर्मचारी को उनके सेवाकाल की समाप्ति पर ससम्मान विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों में आरयू सिंह, सलिल सहाय, ए सुषमा सिन्हा, राजलक्ष्मी, एनके दुबे,पीएस दास, एके अमरेश तथा एसके महापात्रा शामिल हैं। इनके अतिरिक्त प्रयोगशाला सहायक दिलावर बेग को भी भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी सेवानिवृत्तजनों को पुष्पगुच्छ, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, मिठाई,अंगवस्त्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य बिपिन राय ने कहा कि इन शिक्षकों और कर्मचारी का विद्यालय में दिया गया योगदान अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने उनके स्वस्थ, सक्रिय और सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। ज्ञातव्य हो कि कुछ शिक्षक पूर्व में सेवानिवृत्त हो चुके हैं,जबकि कुछ 31 मई को सेवानिवृत्त होंगे।

### राजधानी रांची के कुछ प्रतिष्ठानों को सतर्कता बरतने का निर्देश

# रांची में भी बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था

● केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों आकाशवाणी, दूरदर्शन को निर्देश दिया गया है कि एनडीआरएफ व एसटीआरएफ से समन्वय बनाकर सतर्क रहें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मिलिट्री इंटेलिजेंस ने रांची में नकली वर्दी बनाने वाले कुछ लोगों को एटीएस के साथ संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया। वहीं झारखंड के डीजीपी ने लोक उपक्रमों या सार्वजानिक क्षेत्र की कंपनियों की सुरक्षा और सतर्कता बढ़ने की सलाह दी है। सूत्रों के अनुसार राजधानी रांची के बड़े प्रतिष्ठान आतंकियों के निशाने पर है, जिसमें एचईसी, सेना क्षेत्र, नामकुम स्थित ऑयल डिपो सहित सरकार के बड़े प्रतिष्ठान है। वहीं बिरसा मुंडा बस स्टैंड तक में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि असमान्य या संदिग्ध लोगों की उपस्थिति की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम या फिर नजदीकी थाना में दें। वहीं सरकारी और अर्द्ध सरकारी आपदा प्रबंधन विभाग ने समनवय बनाकर आपातकालीन स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा है। नवीन मेल संवाददाताओं ने कुछ प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। राजधानी स्थित हटिया रेलवे स्टेशन में सुरक्षा के मद्देनजर स्टेशन आने वाले और निकलने वाले सभी लोगों की बारीकी से जांच हो रही हैं। वहीं, जीआरपी और आरपीएफ के द्वारा स्टेशन में एंटी क्राइम चेकिंग भी हर दूसरे दिन चलाया जा रहा है। जहां संदिग्ध या संदेहपूर्ण होने पर कार्रवाई भी की जा रही है। ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों को सुरक्षा के लिए जागरूक भी किया जा रहा। डीसीएम सूचि ने कहा कि रेलवे के पास हर स्थिति का सामना करने के लिए बल है। राजधानी के स्टेशन रोड स्थित सरकारी बस डिपो में आम गाड्र्स की तैनाती है। हालांकि पुलिस का कहना है जरुरत पड़ने और पर निर्देश दिए जाने पर पुलिस बल की सुरक्षा दी जाएगी।



● एचईसी, सेना क्षेत्र, नामकुम स्थित ऑयल डिपो, बिरसा मुंडा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट सहित अन्य जगहों की बढ़ाई गई

### बिना दीवार के सुरक्षित रांची रेलवे स्टेशन

**रांची।** भारत पाकिस्तान संघर्ष के बीच पूरे देश के रेलवे और एयरपोर्ट अलर्ट पर हैं। किसी भी तरह के हालातों से निपटने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था चाक-चौबंद की जा रही है, युद्ध जैसे हालातों से निपटने के लिए मॉक ड्रिल कराए जा रहे हैं। राजधानी रांची का रेलवे स्टेशन एक तरफ सुरक्षा के नजर से पूरी तरह तैयार है तो दूसरे तरफ से सुरक्षा व्यवस्था कमजोर नजर आती है। रांची रेलवे स्टेशन में जहां एक ओर उत्तरी द्वार में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, परिंदा भी पर न मार सके। इसके लिए स्टेशन के उत्तरी द्वार में गहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यात्रियों के सामानों को आधुनिकतम मशीनों के माध्यम से चेकिंग की जा रही है। वहीं दक्षिणी द्वार में सुरक्षा के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। उत्तरी द्वार में दीवार बने है जिससे स्टेशन परिसर में बिना मुख्य द्वार के प्रवेश संभव नहीं है वहीं दक्षिणी द्वार में दीवार नहीं है, कोई भी आसानी से स्टेशन परिसर में प्रवेश कर सकता है। हालांकि 85 सीसीटीवी कैमरे स्टेशन में लगे हैं जिससे चौबीसों घंटे निगरानी की जाती है। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि दीवार बनने का काम शुरु होगा लेकिन कब बनेगा यह किसी को पता नहीं।



### रेलवे स्टेशन और एयर पोर्ट में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**रांची।** भारत पाकिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष के बीच राजधानी रांची में सुरक्षा के दृष्टिकोण से रेलवे और एयरपोर्ट में अलर्ट जारी किया गया है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि रांची रेलवे स्टेशन में आर्म के साथ जवानों की तैनाती की गई है। स्वान दस्ता के माध्यम से पार्सलों की चेकिंग की जा रही है। प्रवेश और निकास द्वार पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। चौबीसों घंटे सीसीटीवी के माध्यम निगरानी रखी जा रही है। जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है। वहीं एयरपोर्ट में जहां पहले एक घंटे पहले काउंटर बंद हो जाता था अब डेढ़ घंटे पहले बंद हो जाती है, प्रवेश और निकास द्वार पर विशेष सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कई विमानों के रूट में परिवर्त्तन हुए हैं।




# दो पशु तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बुंडू पुलिस ने शनिवार को बड़ी सफलता हासिल की। दरअसल, गुप्त सूचना के आधार पर एक अवैध पशु तस्करी का भंडाफोड़ किया गया। बुंडू डीएसपी ओम प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया की टाटा से रांची की ओर आ रही हरे रंग की शेवरलेट गाड़ी को कांची नदी पुल के पास रोका गया, जिसमें आठ गौवंशीय मवेशियों को अमानवीय ढंग से ठूंस कर लादा गया था। वहीं, पुलिस टीम ने थाना से निकलकर तैनाती कर ली और शनिवार को 7:40 बजे संदिग्ध वाहन को आते देख उसे रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर चालक और उसका साथी गाड़ी छोड़कर भागने लगे, लेकिन मुस्तैद पुलिस टीम ने पौठा कर दोनों को पकड़ लिया गिरफ्तार आरोपियों में एक बड़कागांव हजारीबाग निवासी अख्तर अंसारी वहीं दूसरा कांटाटोली का निवासी समीर कुरेशी है। जांच में पाया गया कि चार पहिया वाहन को मॉडिफाई कर आसकी पिछली सीटें हटा दी गई थीं, और आठ गाय-बछियों को पैर बांधकर बेरहमी से भर दिया गया था। पकड़े गए पशुओं में विभित्र रंगों की गायें और बछिया शामिल थे। गाय- बछियो सहित पुलिस ने शेवरलेट चार पहिया वाहन को जब्त किया है।



## नव नामांकित बच्चों का स्कूलों में किया गया स्वागत

**लापुंग ।** लापुंग प्रखंड में स्कूल रुआर 2025 का विद्यालय स्तरीय 16 दिवसीय कार्यक्रम का शनिवार को समापन किया गया। इस मौके पर अलग-अलग विद्यालयों में समारोहपूर्वक नवनामांकित बच्चों का स्कूल में स्वागत किया गया। नव नामांकित बच्चों को फूल और बूके सहित स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व नव नामांकित बच्चों का आरती उतारी गई और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। लापुंग प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया, राजकीय प्राथमिक विद्यालय माड़ी मंगराटोली, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोंयसारा, नव प्राथमिक विद्यालय उनीकेल, आरसी प्राथमिक विद्यालय कुरकुरिया, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चापाटोली सहित विभिन्न विद्यालयों में बच्चों के बीच कार्यक्रम के दौरान खूब उत्साह और उल्लास तथा चेहरे में खुशी देखी गई। बच्चों को विशेष भोजन कराया गया। हालांकि कई स्कूलों में शनिवार को अन्य दिनों की तरह बच्चों को खिचड़ी खिलाई गई। जबकि कई विद्यालयों में अंडाकरी भी परोसी गई। रूआर 2025 के तहत सभी अनामांकित एवं ड्रॉप आउट बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ 24 अप्रैल से ही किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरसी प्राथमिक विद्यालय कुरकुरिया की प्रधान शिक्षिका फादर राजेन्द्र खाखा, विद्यालय माड़ी मंगराटोली में देवराम भगत, मंगरू भगत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## न्यूज बॉक्स

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस को बड़े ही उत्साह से मनाया गया




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में मातृ दिवस को बड़े ही उत्साह, प्रेम और भावनात्मक जुड़ाव के साथ मनाया गया। यह विशेष आयोजन माताओं और बच्चों के मधुर एवं अटूट रिश्ते को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में विभिन्न कक्षाओं के लिए कई रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें छात्रों और उनके पिताओं ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। पाँचवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने पिताओं के साथ मिलकर सुंदर पुष्प सज्जा गतिविधि में भाग लिया, जहाँ उन्होंने आकर्षक गुलदस्ते बनाकर माताओं को भेंट किए। चैथी कक्षा के छात्रों ने अपने पिताओं के साथ मिलकर मेहंदी कला का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी माताओं के हाथों पर नाजुक और खूबसूरत डिजाइन बनाकर अपनी रचनात्मकता और स्नेह व्यक्त किया। तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने 'नेल आर्ट' गतिविधि में भाग लिया, जहाँ पिताओं और बच्चों ने मिलकर माताओं के नाखूनों को स्नेहपूर्वक सजाया। इसके अतिरिक्त, सभी छात्रों ने अपने हाथों से भावनापूर्ण 'शुभकामना कार्ड' बनाए और पीटीएम के दिन उन्हें अपनी माताओं को भेंट किया, जिससे इस उत्सव को और भी व्यक्तिगत व यादगार बना दिया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि माताओं के प्रति आभार और प्रेम केवल विशेष दिनों पर नहीं, बल्कि हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को यह प्रेरणा दी कि वे मातृत्व के इस पवित्र संबंध का सदा सम्मान करें, क्योंकि मां ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति और स्नेह की अविनाशी मूर्ति होती हैं।

### नाबालिग से हुए दुष्कर्म मामले में पांच पकड़ाए

**चान्हो।** चान्हो पुलिस ने थाना क्षेत्र में 7 मई को 17 वर्षीया छात्रा से हुए दुष्कर्म मामले में पांच आरोपियों को पकड़ा है. पुलिस के अनुसार पांच आरोपियों में तीन नाबालिग सहित चोरेया निवासी पंकज उरांव पिता चूंदा उरांव व मेलानी गांव का मनीष उरांव पिता छोटेया उरांव शामिल हैं. पुलिस के अनुसार नाबालिग छात्रा से गैंगरेप की घटना को उसके प्रेमी सहित पांच ने अंजाम दिया था. घटना के बाद पीड़िता के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद कांड के उद्भेदन व संलिप्त अपराधकर्मियों के गिरफ्तारी के लिए खलारी डीएसपी आरएन चौधरी के नेतृत्व में टीम का गठन कर कार्रवाई की गई। वहीं घटना में शामिल तीन किशोर व दो आरोपियों को पकड़ लिया गया। घटना में प्रयुक्त तीन बाइक व पांच मोबाइल को जब्त किया गया है।

### वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का हुआ समापन



**रांची।** कृषि विज्ञान केंद्र गुमला, विकास भारती बिशुनपुर की 17वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक हुई। इस दौरान अटारी पटना के प्रधान वैज्ञानिक डॉ डीवी सिंह, निदेशक एनआईएसए संस्थान से डॉ अभिजीत कर्ण, बिरसा कृषि विवि के डीन डॉ एमके गुप्ता, प्रधान वैज्ञानिक पलांडू डॉ आरएस पान, पूर्व निदेशक बिरसा कृषि विवि डॉ आरपी सिंह "रतन" जिला कृषि पदाधिकारी गुमला, भूमि संरक्षण पदाधिकारी गुमला से आशीष प्रताप, डीडीएम नाबार्ड, एलडीएम गुमला, विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, विकास भारती की उपाध्यक्ष रंजना चौधरी, प्रवाल मैत्रा, ललन शर्मा, कुमकुम मैत्रा, डॉ संजय पांडेय वरीय वैज्ञानिक व उत्कृष्ट किसान उपस्थित थे।

### बूटी क्रिकेट क्लब के कुमारी पलक ने नाबाद 143 रन बनाए

**रांची।** देवघर में चल रहे जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट वुमेन अंडर- 23-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में रांची जिला से खेल रही कुमारी पलक ने गुमला जिला के खिलाफ 21 चौका 5 छक्को के मदद से 47 गेंदों में नाबाद 143 रनों की पारी खेली। इनके इस शानदार प्रदर्शन से इन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इनके इस उपलब्धि पर बूटी क्रिकेट क्लब के कोच कुमार पंचीत ने पूरे क्लब के सदस्यों की तरफ से बधाई एवं आने वाले मैचों की बहुत बहुत शुभकामनाएं दी । श्री कुमार ने कहा कि पलक ने जो नाबाद 143 बनाए हैं वह बहुत बड़ी उपलिब्ध है। हौसला जब बुलंद होते हैं खिलाड़ी भी काफी सशक्त नजर आते हैं। झारखंड में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, सिर्फ इन्हें निखारने की जरूरत है।

### मंडा पूजा को लेकर बैठक कल

**पिठौरिया।** पिठौरिया महादेव मंडा पूजा समिति द्वारा मंडा पूजा को लेकर महादेव मंडा पूजा स्थल लोहडिया टोला में सोमवार को संध्या 7:00 बजे से आम बैठक रखा गया है। इस बैठक में समिति ने सभी ग्रामवासी को आमंत्रित किया हैं। महादेव मंडल पूजा समिति पिठौरिया के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार साहू और कोषाध्यक्ष ब्रजकिशोर साहू ने बताया कि बैठक में मंडा पूजा के कार्यक्रमों का दिन और तिथि भी निर्धारित की जाएगी।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता झारखंड से 05 तकनीकी पदाधिकारी नामित

पटना में 11 से 14 मई तक आयोजित होने वाली खेलो इंडिया यूथ गेम्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के कुल 05 तकनीकी पदाधिकारियों को आयोजन में तकनीकी पदाधिकारी का दायित्व निर्वहन करने हेतु एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, नई दिल्ली ने नामित किया है। जिसमें शिव कुमार पांडेय, गिरीश मिश्रा (रांची), अशोक भट्टाचार्य (बोकारो), मो. फरीद(धनबाद), अनवर हुसैन (हजारीबाग) नामित हैं। इस उपलब्धि पर झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन प्लानिंग कमिटी के चेयरमैन मधुकांत पाठक , झारखण्ड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सी डी सिंह, कोषाध्यक्ष आशीष झा, आशु भाटिया, प्रभात रंजन तिवारी जिला संघ के पदाधिकारी वरुण कुमार, प्रभाकर वर्मा, किरण रानी, संजय त्रिपाठी, आलोक मिश्रा, सिकंदर महतो, सुखेर भगत, रविन्द्र मुर्मू, अजीत साहू, फादर रामू, राकेश सिंह,अजय नायक, रणवीर सिंह, सरोज यादव, अरविन्द कुमार, शशांक भूषण सिंह, समेत राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 10762 वादों का निष्पादन

**दुमका।** व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को आपसी सुलह समझौता से 10762 वादों का निष्पादन करते हुए 73,40,70,972 रूपये की वसूली हुई। इस बावत जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा ने बताया कि झालसा, रांची के निर्देशानुसार प्रभारी प्रधान जज सह प्राधिकार अध्यक्ष शत्रुंजय कुमार सिंह के अध्यक्षता में लोक अदालत आयोजित हुई। लोक अदालत में कुल छह बेंचों का गठन किया गया है। आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मुख्य रूप से परिवारिक वाद, दुर्घटना वाद, लैंड एक्विजिशन, एमएसीटी, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, बैंक रिकवरी, लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट, क्रिमिनल केस, एक्सक्यूटिव केस, सर्टिफिकेट केस, कंज्यूमर फोरम केस शामिल थे।

## बीसीआई टाइटेनियम की बैठक से नए आयाम हुए स्थापित

नवीन मेल संवाददाता। रांची



बीसीआई टाइटेनियम की बैठक में सफलता के नए आयाम स्थापित किए गए। ग्रैंड विज़िटर्स डे र पर 30 से अधिक विज़िटर्स शामिल हुए, जो अब तक का एक रिकॉर्ड-ब्रेकिंग आंकड़ा रहा। 65 से अधिक सदस्य इस विशेष बैठक में उपस्थित रहे। यह भव्य आयोजन कोर्टयार्ड बाय जेडब्ल्यू मैरियट में आयोजित किया गया, जिसकी मेज़बानी बीसीआई के मेंटर किशोर मंत्री द्वारा की गई। इस बैठक को अब तक की सबसे सफल बीसीआई मीटिंग माना जा रहा है, जिसमें पीएसटी टीम का भी विशेष सहयोग रहा। अध्यक्ष : हिमानी गुप्ता, उपाध्यक्षः डॉ. शिप्रा शाह, सचिव : अनुज जागरवाल, कोषाध्यक्षः संतोष सोनी साथ ही, डायरेक्टर्स अजय कुमार, रमेश कुमार एवं धीरेज ग्रोवर की उपस्थिति ने बैठक की गरिमा और भी बढ़ाई। बैठक में बीसीआई टाइटेनियम को और आगे कैसे बढ़ाया जाए। बिज़नेस को कैसे विस्तार दिया जाए और रेफरल के माध्यम से बिज़नेस जनरेशन पर गहन चर्चा हुई। इस अवसर ने सभी सदस्यों और विज़िटर्स को नेटवर्किंग का सुनहरा मौका भी प्रदान किया। बीसीआई टाइटेनियम लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और यह बैठक उसकी प्रगति का जीवंत प्रमाण है। यह बैठक न सिर्फ नेटवर्किंग का शानदार अवसर बनी, बल्कि सभी सदस्यों और विज़िटर्स के लिए एक प्रेरणादायी अनुभव भी साबित हुई।

### काजल शंखवार ने सरस्वती शिशु विद्यामंदिर में दिया योगदान




**रांची।** गोला प्रखंड की पूरबडीह निवासी काजल शंखवार ने सरस्वती शिशु विद्यामंदिर बाघमारा में प्राथमिक सहायक शिक्षक पद पर योगदान दिया। काजल शंखवार ने बताया कि शिक्षा से बढ़कर कोई राष्ट्र धर्म नहीं है। जो जिम्मेवारी दी जाएगी, ईमानदारी पूर्वक निभाना कर्तव्य है। कड़ी मेहनत करने वालों को सफलता देर ही सही, लेकिन जरूर मिलती है। उन्होंने शिशु मंदिर परिवार का आभार व्यक्त किया। योगदान के साथ ही स्थानीय बाघमारा अंचलाधिकारी बालकिशोर महतो से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। मौके पर अंचलाधिकारी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक समाज का आईना होता है। पूर्ण विश्वास है कि आप अपना कार्य पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करेंगी। मौके पर स्थानीय झामुमो नेता रंजीत महतो, पत्रकार राजू वर्मा, उपेंद्र शंखवार, मोनिका पटेल और सपनिल शंखवार उपस्थित रहे। उनके शिक्षक पद पर चयन होने पर अजय नीरज, फणींद्र महतो, सन्नु कुमारी, सौम्या नीरज, सिया नीरज आदि ने शुभकामनाएं दीं।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए झारखंड कुश्ती टीम रवाना

नवीन मेल संवाददाता। रांची



खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए झारखंड कुश्ती टीम के 19 सदस्यों की दल आज पटना बिहार रवाना हुए। खेल एवं युवा मामले, भारत सरकार के द्वारा 11 से 15 मई तक पटना में आयोजित, खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025, कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आज झारखंड के 19 सदस्य टीम रांची से पटना के लिए रवाना हुई। उक्त टीम में ग्रीको रोमन के 7 एवं फ्रीस्टाइल में 1 बालक पहलवान तथा बालिका वर्ग में 7 पहलवान, 4 प्रशिक्षक,शामिल हैं। टीम को रवाना होने से पूर्व, खेल सचिव मनोज कुमार,खेल निदेशक संदीप कुमार, झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर, अभिभावक के रवि कुमार, मार्गदर्शक भोलानाथ सिंह, उपनिदेशक राजेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी चतरा सह चीफ डी मिशन तुषार राय, साझा के मणिकांत, देवेंद्र सिंह समेत झारखंड खेल प्राधिकरण, खेल निदेशालय के पदाधिकारियों, महासचिव रजनीश कुमार एवं समस्त झारखंड राज्य कुश्ती संघ परिवार के सदस्यों ने शुभकामनाएं देते हुए टीम को रवाना किए।

### डॉ मधुकांत पाठक एशियन एथलेटिक्स के लिए टीम लीडर बनाए गए



**रांची।** आगामी 27 से 31 मई तक कोरिया के गुमी शहर में आयोजित एशियन एथलेटिक्स में भाग लेने वाली भारतीय एथलेटिक्स टीम के टीम लीडर के रूप में झारखंड एथलेटिक्स संघ प्लानिंग कमिटी के चेयरमैन सह झारखंड ओलिंपिक संघ के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक का मनोनयन भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली द्वारा किया गया है। इस उपलब्धि पर झारखंड ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष आरके आनंद, झारखंड ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष भोलानाथ सिंह, शेखर बोस, झारखंड ओलिंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र नाथ दुबे, झारखण्ड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सी डी सिंह, सचिव एस के पांडेय,आशीष झा,वरुण कुमार, प्रभाकर वर्मा, किरण रानी, संजय त्रिपाठी, आशु भाटिया,आलोक मिश्रा, सिकंदर महतो, रविन्द्र मुर्मू, अजीत साहू, राकेश सिंह,,अजय नायक, रणवीर सिंह, सरोज यादव समेत संघ के पदाधिकारियों राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

## शिक्षकों को विद्यालय में नहीं देने दिया गया योगदान

नवीन मेल संवाददाता। रांची



जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश पर कृषक उच्च विद्यालय गड़री गुड़ू रातु में योगदान के लिए प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी, सहायक शिक्षिका मेलसा श्वेता तिर्की और सहायक शिक्षक नलनी रंजन प्रसाद विद्यालय में उपस्थित हुए। विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक उपस्थित नहीं थे। उन्हें सुचना दी गई लेकिन वे स्कूल नहीं पहुंचे। योगदान के लिए गए शिक्षिका और शिक्षक के बोलने पर इंद्रदेव महतो आए और शुरू में खुद को विद्यालय का अध्यक्ष बताए। फिर बोले कि नहीं ग्रामीणों की एक कमिटि है, जिसका मैं विद्यालय अध्यक्ष हूं। इनके द्वारा शिक्षक - शिक्षिकाओं कहा गया कि आप लोग जिला शिक्षा पदाधिकारी से बोलिए कि अध्यक्ष के नाम पर पत्र निकालने। अध्यक्ष के नाम से आएगा तो अध्यक्ष सचिव को बोलेंगे फिर सचिव प्रधानाध्यापक को पत्र लिखेंगे। इंद्रदेव महतो को जब शिक्षक - शिक्षिकाओं के द्वारा कहा गया कि हमलोग को आपसे नहीं सचिव से मिलना है कहने पर इंद्रदेव महतो ने कहा कि सचिव भी वही बोलेगा जो हम बोल रहे हैं। बहुत देर बाद सचिव दो चार लोगों को अपने साथ लेकर आएं और अपने कार्यालय में चलें गए और कुछ देर बाद आए और शिक्षक - शिक्षिकाओं से कहा कि आप लोग योगदान का आवेदन डाक से भेजिए। इस तरह की बातो से शिक्षकों में काफी नाराजगी देखी गई। शिक्षकों का कहना था कि सचिव बातों से हम सभी काफी मरमर्महत हैं।

### निर्धारित समय पर केस डायरी नहीं सौंपने पर साइबर अपराधियों को मिली जमानत

**दुमका।** जिला के मसलिया पुलिस की लापरवाही से तीन साईबर अपराधियों को न्यायालय से जमानत मिल गई। एसडीजेएम मोहित चौधरी के न्यायालय से अपराधियों को जमानत मिल गई। केस की पैरवी कर रहे अधिवक्ता ने निर्धारित 60 दिनों में न्यायालय में डायरी नहीं जमा होने का लाभ उठाते हुए न्यायालय से 61 वें दिन जमानत की अर्जी लगायी। जिसे न्यायालय ने बीएनएसएस की धारा के तहत लाभ देते हुए जमानत दे दिया। उल्लेखनीय है।

## महाराणा प्रताप जयंती को लेकर नई कार्यकारिणी गठित

नवीन मेल संवाददाता। टाटीसिलवे



अखिल राजपुताना कल्याण न्यास, लालगंज, टाटीसिलवे द्वारा महाराणा प्रताप को श्रद्धा, उत्साह एवं गौरव के साथ के साथ पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर देश के वीर सपूत महाराणा प्रताप उनके अद्वितीय शौर्य, त्याग एवं राष्ट्रभक्ति पर प्रकाश डाला गया। सभी वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त लोगों ने राजपूत समाज की एकता, सामाजिक उत्थान एवं सेवा कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर न्यास की राष्ट्रीय समिति के राष्ट्रीय महासचिव शिवजी सिंह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मनीष सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता राम सिंह, राष्ट्रीय सह-सचिव विनोद कुमार सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम किशोर सिंह, मंच से राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीराम सिंह नेअखिल राजपुताना कल्याण न्यास, टाटीसिलवे शाखा के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें अध्यक्ष पूर्व कर्नल बीके सिंह, मुख्य संरक्षक यदुवीर सिंह, चंद्रकांत सिंह, संरक्षक बिंदेश्वरी सिंह, अवध बिहारी सिंह, दिलीप सिंह, शैलेंद्र सिंह, सलाहकार रामदेव सिंह, रणवीर सिंह, अजय सिंह (फोकस), हरेंद्र सिंह, रमेश सिंह, राजीव सिंह, गंगा प्रसाद सिंह, राजेंद्र सिंह, त्रिभुवन सिंह, संगठन मंत्री : शैलेंद्र सिंह, कामाख्या सिंह, मृगेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, उपाध्यक्षः मिथलेश सिंह, अमर सिंह, ब्रजेश सिंह, सचिवः संजीव सिंह, उप सचिवः राजकुमार सिंह, कोषाध्यक्षः अशोक कुमार सिंह, उप कोषाध्यक्षः संतोष सिंह, मीडिया प्रभारीः अमरेंद्र सिंह, गौतम सिंह, प्रवक्ताः परशुराम सिंह, आलोक रघुवंशी, कार्यकारिणी सदस्यः बिजेंद्र सिंह, आमोद सिंह, हरिशंकर सिंह, मधुरेश सिंह, लालबाबू सिंह शामिल हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने मानवता, समाज सेवा और राजपूत गौरव के संरक्षण हेतु तन, मन, धन से कार्य करने का संकल्प लिया। यह आयोजन निश्चित रूप से समाज की एकता को और सशक्त करेगा तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत सिद्ध होगा।

## ऑपरेशन सिंदूर भारत की सत्यनिष्ठा का प्रतीक : वसीम

नवीन मेल संवाददाता। पिठौरिया



पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों पर भारत द्वारा सफलतापूर्वक किए गए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वसीम अकरम सदर अंजुमन फ़लाहुल मुस्लिमीन ऊपर कोनकी सह युवा नेता झा मु मो ने प्रतिक्रिया देते हुए इसे भारत की दृढ़ संकल्प, भविष्यदर्शी नेतृत्व और राष्ट्रीय सत्यनिष्ठा का प्रतीक बताया है।

वसीम अकरम ने कहा कि यह अभियान न केवल हमारी सुरक्षा एजेंसियों की युद्धनीति को दर्शाता है, बल्कि यह भी सत्यापित करता है कि भारत अब किसी भी आतंकी गतिविधि का मुंहतोड़ जवाब देने में शक्तिशाली है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने निश्चित कर दिया है कि देश की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा सर्वश्रेष्ठ है।

उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, भारत के सुरक्षा तंत्र की परिपक्वता और सैन्य शक्ति का परिचायक है। यह कार्रवाई यह संदेश देती है कि भारत अब 'सहनशीलता' से आगे बढ़कर 'सशक्त प्रतिकार' के मार्ग पर है।

वसीम अकरम सदर अंजुमन फ़लाहुल मुस्लिमीन ऊपर कोनकी सह युवा नेता झा मु मो इस कार्रवाई का पूर्ण समर्थन करता है और शहीदों को नमन करते हुए देश के वीर जवानों के पराक्रम को सलाम करता है।

## जिला परिषद की स्थाई समिति की बैठक में कल्याणकारी योजनाओं पर हुई चर्चा

**खूंटी।** जिला परिषद के तहत गठित स्थायी समिति शिक्षा, स्वास्थ्य तथा वन एवं पर्यावरण समिति की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को जिला परिषद खूंटी के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद के उपाध्यक्ष मंजु देवी ने की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे कैंसर, टीबी और कुष्ठ रोग इत्यादि की विस्तृत जानकारी सिविल सर्जन की ओर से दी गई। इसके अतिरिक्त जिला सामाजिक कल्याण विभाग के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों, कन्या दान योजना, विवाह पुनर्वास योजना, सखी बाई फूलो झानो योजना और पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना से संबंधित विषयों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में जिला उद्योग विभाग की ओर से मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, फूलों की खेती, फुलझाड़ू उत्पादन आदि के लिए किसानों को दी जाने वाली प्रशिक्षण योजनाओं की जानकारी साझा की गई। बैठक में समिति के सदस्य, खूंटी सांसद प्रतिनिधि, जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला उद्योग पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर में 300 से अधिक मरीजों ने कराई जांच

# स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना हमारा कर्तव्य है : अजमेरा

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग



आरोग्यम अस्पताल के द्वारा शनिवार को अस्पताल परिसर में निःशुल्क मेगा ब्रेन मस्तिष्क, स्पाइन रीढ़, नस रोग एवं फिजियोथेरेपी विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया, शिविर सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक निरंतर रूप से प्रारंभ रहा. शिविर अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य लोगों को न्यूरो और स्पाइन से जुड़ी जटिल बीमारियों की प्रारंभिक पहचान और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराना था। हजारीबाग ही नहीं, बल्कि अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग शिविर में पहुंचे और लगभग 300 से अधिक मरीजों ने अपना पंजीकरण कराकर चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। शिविर में रोगियों की जाँच एवं परामर्श देने हेतु प्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. विकास कुमार एवं फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. एन.एस. उज्जैन ने अपनी सेवा दिया. डॉ. विकास कुमार ने सिर दर्द, ब्रेन ट्यूमर, मिर्गी, लकवा, रीढ़ की हड्डी की चोट, स्पाइनल ट्यूमर, स्लिप डिस्क जैसी जटिल न्यूरो समस्याओं से पीड़ित मरीजों की अत्यंत संवेदनशीलता और विशेषज्ञता से जाँच की और भविष्य की चिकित्सा व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। वहीं डॉ. एन.एस. उज्जैन द्वारा मरीजों को फिजियोथेरेपी की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे अनेक मरीजों को तुरंत राहत महसूस हुई। डॉ. विकास कुमार हर शनिवार को आरोग्यम अस्पताल, हजारीबाग में नियमित रूप से अपनी

**बच्चों और महिलाओं को समर्पित नई सौगात मिलेगी : जया सिंह**

विशेषज्ञ सेवा देंगे। यह हजारीबाग और आस-पास के ज़िलों के लिए एक बड़ी राहत और सुविधा है, जिससे अब ब्रेन या रीढ़ की गंभीर समस्याओं के लिए रांची या अन्य महानगरों की ओर नहीं भागना पड़ेगा। शिविर के दौरान डॉक्टर विकास ने इमरजेंसी वार्ड पहुंचकर मरीजों का इलाज किया, और उन्हें आगे के लिए बेहतर दवाई एवं सुझाव दिए. अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने इस अवसर पर कहा की आरोग्यम अस्पताल का उद्देश्य केवल रोग का उपचार करना नहीं है, बल्कि समग्र रूप से समाज के हर वर्ग तक गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवा पहुँचाना है। यह शिविर हमारे उसी संकल्प का एक भाग था।

## शादी समारोह में शामिल होने आए युवक को हाथी ने कुचल कर मार डाला

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के सुतरी पंचायत के डुमरडीह टोला में शनिवार की सुबह जंगली हाथी ने बिरसाय हांसदा 30 वर्ष पिता हीरालाल हांसदा नामक युवक को पैरों से कुचल कर मार डाला। मृतक बिरसाय मूल रुप से ग्राम केन्दुआ भेलवारा, थाना विष्णुगढ़, जिला हजारीबाग का रहने वाला था। शादी समारोह में शामिल होने के लिए ससुराल डुमरडीह गांव आया था। बताया जाता है के पंचायत के मुखिया सतीश मुर्मू के चचेरे भाई बाबुचंद मांझी पिता गणेश मांझी की शादी थी। उसके घर रात भर पार्टी चली, सुबह बिरसाय शौच के लिए पास के सपाही गाढ़ा की ओर जा रहा था। इसी बीच झुंड से बिछड़ कर गांव में घुस आए एक आक्रामक दंतैल हाथी को ग्रामीणों की भीड़ जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान उसका सामना एक दंतैल हाथी से हो गया। युवक ने भागने की कोशिश की, लेकिन हाथी ने उसे सूंड से उठाकर पटक दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गुस्से में पागल जंगली हाथी युवक को जमीन में पटक कर उसे पैरों से कुचल रहा है। ग्रामीणों की भीड़ ने भी सारा दृश्य देखा, लेकिन चाह कर भी कुछ नहीं कर सके। काफी मशक्कत के बाद जब हाथी जंगल की ओर चला गया। इसके बाद घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। ग्रामीणों के सहयोग से उसे तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां के डॉक्टरों ने उसे सदर अस्पताल रामगढ़ रेफर कर दिया। जहां पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से हाथियों का झुंड क्षेत्र में विचरण कर रहा है। हाथियों के आक्रामकता के कारण लोग दहशत में हैं।

## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त के निर्देश पर पूरे जिले में वृहद रूप से हुआ अबुआ आवास का गृह प्रवेश कार्यक्रम



**रामगढ़।** अबुआ आवास योजना के तहत उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर शनिवार को पूरे रामगढ़ जिले में वृहद रूप से गृह प्रवेश कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे जिले में अबुआ आवास योजना के तहत नवनिर्मित 1447 आवासों का गृह प्रवेश किया गया। जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा गृह प्रवेश के दौरान लाभुकों को उपहार के रूप में बर्तन सेट उपलब्ध कराया गया। गृह प्रवेश कार्यक्रम के तहत गोला एवं दुलमी प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में रामगढ़ विधायक ममता देवी शामिल हुईं।वहीं कार्यक्रम के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा प्रखंडवार जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के तहत गोला प्रखंड के लिए उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, पतरातू प्रखंड के लिए गीतांजलि कुमारी, दुलमी प्रखंड के लिए अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, मांडू प्रखंड के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, चितरपुर प्रखंड के लिए जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी एवं रामगढ़ प्रखंड के लिए जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह ने अपने अपने प्रखंडों में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में नवनिर्मित आवासों का भी निरीक्षण किया। अबुआ आवास योजना के तहत प्रखंडों में आयोजित गृह प्रवेश कार्यक्रम के तहत जिला परिषद सदस्यों, सांसद व विधायक प्रतिनिधियों, मुखिया, वार्ड सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल हुए। गौरतलब है की शनिवार को पूरे जिले में अबुआ आवास योजना के तहत आयोजित गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान कुल 1447 नवनिर्मित आवासों का गृह प्रवेश किया गया जिसमें चितरपुर प्रखंड से 143, दुलमी प्रखंड से 205, गोला प्रखंड से 497, मांडू प्रखंड से 322, पतरातू प्रखंड से 207 एवं रामगढ़ प्रखंड से 73 आवासों का गृह प्रवेश किया गया।

### सरकार की योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक पहुंचे, यही हमारी प्राथमिकता है : ममता




रामगढ़। दुलमी प्रखंड अंतर्गत अम्बागढ़ विद्यालय परिसर में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना के अंतर्गत गृह प्रवेश कार्यक्रम का भव्य आयोजन 10 मई को किया गया। इस कार्यक्रम में जमीरा पंचायत, उसरा पंचायत एवं सोसो पंचायत के लाभुकों को उनके नव-निर्मित अबुआ आवास की सौगात दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधानसभा की लोकप्रिय विधायक ममता देवी, विशिष्ट अतिथि बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रमुख रेणु देवी, मुखिया अमरुन निसा, पंचायत समिति सदस्य शेखबाहदुर मौजूद थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता दुलमी प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी ने अपने संबोधन में कहा झारखंड सरकार गरीबों और वंचितों के लिए संकल्पबद्ध है। अबुआ आवास योजना मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी का वह सपना है, जिसमें हर गरीब को अपना पक्का घर मिले। यह सिर्फ ईंट और सीमेंट की दीवार नहीं, बल्कि सम्मान और सुरक्षित जीवन की नींव है। सरकार की योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक पहुंचे, यही हमारी प्राथमिकता है। लाभुकों को उपहारस्वरूप वर्तन सेंट सौंपते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और प्रशासन से आग्रह किया कि शेष लाभुकों को भी जल्द से जल्द योजना का लाभ दिलाया जाए। लाभुकों ने अपने नव-निर्मित आवास को पाकर सरकार के प्रति आभार जताया और इसे जीवन में स्थायित्व व सम्मान का प्रतीक बताया। किसान सम किसान समृद्धि योजना के तहत 12 लाभूको के बीच सोलर चलित मोटर पंप का वितरण किया गया।

### राधा-गोविन्द पब्लिक स्कूल में रक्त- जांच शिविर का किया गया आयोजन

रामगढ़। राधा-गोविन्द पब्लिक स्कूल तथा इनरव्हील क्लब के तत्वाधान में शनिवार को रक्त जांच शिविर का आयोजन विद्यालय के सभागार में किया गया। इसमें कक्षा नवम, दशम् एवं द्वादश के छात्राओं के रक्त की जांच की गई। इस आयोजन में इनरव्हील क्लब से आए पिंकी पोद्दार (अध्यक्ष), नवलजीत कौर (सचिव), मेघा बगडिया, नीरू साहनी, डॉ० आकाश कुमार, हरमीत कौर का योगदान रहा । शिविर के आयोजन का उद्देश्य रक्त परीक्षण कर विभिन्न बीमारियों और स्वास्थ्य स्थितियों का निदान करने और शरीर के अंगों के कार्य की जाँच करना है। साथ-ही साथ ब्लड ग्रुप की जानकारी होने से भविष्य मेंर जरूरत पड़ने पर इसका उपयोग किया जा सकता है। इस शिविर में 8-10 से ज्यादा हिमोग्लोबिन वालों को दवा दी गई तथा 8 से कम हिमोग्लोबिन वाले छात्राओं को चिकित्सक से मिलने की सलाह दी गई । विद्यालय के चेयरमैन बी०एन० साह ने रक्त-जांच शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि समय-समय पर विद्यालय में स्वास्थ्य संबंधी जांच शिविर का आयोजन होता रहे । जिससे छात्र लाभांवित हो सके ।

### इंतजार में करते रहे, नहीं पहुंचा नल से जल

**पतरातू।** पूरे झारखंड में ख्याति प्राप्त पतरातू प्रखंड के केंद्र बिंदु पतरातू में आज तक हर घर नल योजना नहीं पहुंचा है। जिसके कारण यहां के पेयजल के लिए लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। दस हजार की आबादी वाला यह क्षेत्र शहर और ग्रामीण परिवेश का इलाका है। पतरातू में सभी जगह ओपन बिजली तार लगे हुए हैं। जिससे आंधी पानी आने से बिजली के तार टूट जाते हैं और इलाके में ब्लैक आउट हो जाता है। कई जगह नालियों का अभाव होने से जल जमाव हो जाता है। यहां का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी अत्यंत जर्जर है। इन समस्या को लेकर हिन्दुस्तान के बोले रामगढ़ की टीम से यहां के लोगों ने अपनी समस्या साझा की। लगभग 10000 आबादी वाला पतरातू अब शहर का रूप ले लिया है। इसी पतरातू के नाम पर पतरातू प्रखंड, अंचल, एसडीपीओ कार्यालय है। यहां तक कि चार हजार मेगावाट क्षमता का निर्माणाधीन सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड भी इसी पतरातू के नाम पर है। जिसका डंका देश विदेश में है। वही पतरातू आज विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है। वर्तमान समय में रामगढ़ जिला के इस प्रखंड में 42 पंचायत हैं। यहां पर का प्रखंड और अंचल कार्यालय है।इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी है। जो अत्यंत जर्जर हो चुका है। इसके जगह पर दूसरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन होना अति आवश्यक है। हालांकि इसके ठीक बगल में कोरोना के लिए 100 बेड का एक प्री-फैब्रिकेटेड अस्पताल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। संभावना है कि इसी 100 बेड के प्री - फैब्रिकेटेड अस्पताल मैं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को स्थानांतरित किया जा सकता है। लोगों का मानना है कि इस अस्पताल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के रूप में नहीं देखा जा सकता है।

## शौच के लिए निकली युवती का अर्द्ध रात्रि में अपहरण, परिजनों ने प्रशासन से लगाई गुहार



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बेड़ोकला में एक युवती का अपहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में ग्राम बेड़ोकला निवासी लड़की के पिता ने बरकट्ठा थाना में लिखित शिकायत की है। जिसमें कहा है कि 7 अप्रैल की रात लगभग 12 बजे मेरी पुत्री शौच के लिए अपने घर से बाहर निकली थी। बताया कि इसी बीच गांव के ही बिक्रम ठाकुर एवं उसके एक सहयोगी ने मेरी पुत्री का अपहरण कर जबरन मोटर साइकिल पर बैठाने लगे। जब मेरी पुत्री जोर से शोर मचाने लगी तो हमलोग घर से बाहर निकले और दोनों को पकड़ने की कोशिश किया। तब तक दोनों लड़कें मेरी पुत्री का अपहरण कर फरार हो गए। युवती के पिता ने आरोप लगाया कि बिक्रम ठाकुर लगभग एक वर्ष पूर्व से मेरी पुत्री का पीछा कर छेड़खानी करता आ रहा था। जिसकी शिकायत बरकट्ठा थाना पुलिस और आरोपी के घरवालों को भी दिया गया था। जिसके पश्चात बिक्रम ठाकुर ने गलती स्वीकार कर माफी मांगते हुए भविष्य में दुबारा गलती नहीं करने की बात कही थी। लड़की के पिता ने पुलिस प्रशासन से अपनी पुत्री की खोजबीन करने और आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। इस बाबत बरकट्ठा थाना प्रभारी गौतम उरांव ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का है और दोनों लड़का लड़की बालिग हैं।

## तार में शॉर्ट सर्किट होने से मचान में लगी आग



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चेचकपी पंचायत के ग्राम केवालु में शनिवार सुबह 7:00 बजे ढाली साव पिता बंधन साव के मचान में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने बताया कि संभवतः एलटी तार बगल से ही गुजारा है।वहीं दो तार आपस में टकराने के कारण यह घटना हुई है। पीड़ित ने बताया कि मचान में आग लगने से काफी क्षति हुआ है। ग्रामीणों के सहयोग से मोटर पंप चलाकर मचान में लगे आग को बुझाने का प्रयास किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव पहुंचे और घटना का जायजा लिया।उन्होंने कहा बिजली विभाग के लापरवाही के कारण यह आग लगी है।बिजली विभाग को शीघ्र ही इसे दुरुस्त करना चाहिए। इस दौरान किसी के हताहत की कोई सूचना नहीं मिली।

## बीएड, एमएड, बीपीएड की प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा का आदेश

**हजारीबाग।** उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने बीएड, एमएड, बीपीएड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2025 को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु परीक्षा केंद्र के बाहर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा आदेश लागू की है। बीएड, एमएड, बीपीएड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2025 दिनांक 11 मई 2025 दिन रविवार को सदर अनुमंडल अंतर्गत कुल तेरह केंद्रों में संचालित होगी। अनंदा कॉलेज,. इंटर साइंस कॉलेज , ज्ञान ज्योति कॉलेज आफ फार्मेसी, संत स्टेफेन स्कूल, अमृत नगर हाई स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, मोंटफोर्ट स्कूल हजारीबाग, अनंदा हाई स्कूल , संत रॉबर्ट गर्ल्स हाई स्कूल, संत कोलंबस कॉलेजिएट स्कूल, संत रॉबिर्ट हाई स्कूल, बिहारी गर्ल्स हाई स्कूल , हिंदू प्लस टू हाई स्कूल। परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि के अंदर परीक्षार्थी को छोड़कर अन्य व्यक्तियों की प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगी। परीक्षा केंद्र के इर्द-गिर्द घातक हथियार, लाठी, आग्नेयास्त्र इत्यादि लेकर घूमने पर प्रतिबंध रहेगी। परीक्षा केंद्र में बुक, नोटबुक, पेपर, मोबाइल या अन्य वस्तुएं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट अंदर ले जाने पर प्रतिबंध रहेगी। लाउडस्पीकर आदि पर प्रतिबंध रहेगी। यह निषेधाज्ञा आदेश दिनांक 11 मई 2025 को परीक्षा की समाप्ति तक सभी केंद्र पर लागू रहेगा। यह आदेश परीक्षा केंद्र पर लगे सरकारी पदाधिकारी/ पुलिस पदाधिकारी/ कर्मी पर लागू नहीं होगा। यह आदेश परीक्षा केंद्र पर लगे सरकारी पदाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी/कर्मी पर लागू नहीं होगा।

## मदर्स डे को लेकर विद्यालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# यह दिन हमारे प्रति मां ने क्या-क्या त्याग किया है वह याद दिलाता है



रामगढ़। पूरी दुनिया मई माह के दूसरे रविवार को मदर्स डे सेलीब्रेट करती है यह सभी को मालूम है। यह दिन खासतौर से सभी माताओं को समर्पित है। वैसे तो माताओं के प्रति प्यार और सम्मान हर पल ही मन में होता है लेकिन इस एक दिन उसे जताकर माताओं को खास महसूस कराये जाने का चलन है। शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 10 मई को कक्षा नर्सरी से लेकर पांचवी तक के बच्चों ने अपने माताओं के प्रति अपने अभिवादन व्यक्त करने के लिए क्राउन, बैज और कार्ड बनाया । इन गतिविधियों को पूरा करने के लिए शिक्षिकाओं ने बच्चों की मदद की। गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने का प्रचलन है और इसी कारण बच्चों ने इस गतिविधि का आनंद लिया। प्राचार्य हरजाप सिंह ने कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारी मां ने हमारे लिए क्या-क्या त्याग किए हैं और किस तरह योगदान दिया है। आज की गतिविधि प्रयोगात्मक गतिविधि पर आधारित थी जिसमें बच्चों ने कार्ड , बैज और क्राउन बनाकर सीखा। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रमुख सरदार परमदिप सिंह कालरा, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार मनमोहन सिंह लाम्बा, सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरेंद्र पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरींदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जौली, सरदार नरेंद्र पाल सिंह गुजराल, सरदार सतींदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली,सरदार गुरप्रीत सिंह चाना ,सरदार रमन बेदी ने विद्यालय में हो रही इस प्रकार की गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात की।

## एसपी ने अपराध गोष्ठी का किया आयोजन

# अभियान चलाकर जनता को जागरूक करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़



एसपी अजय कुमार द्वारा 10 मई को एसपी कार्यालय स्थित सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उन्होंने मुख्य रूप से कोर्ट से संबंधित मामलों, लंबित कांडों, अतिसंवेदनशील कांडों (हत्या, पोक्सो, आगजनी, नक्सल, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, एनडीपीएस, लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी आदि ) की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में टीएसपीसी/पीएलएफआई के सक्रिय सदस्यों का प्रोफाईल तैयार करने, संवेदनशील कांडों में जेल से बाहर निकले अभियुक्तों का सत्यापन कर निगरानी रखने , प्रत्येक दिन थाना/ओपी प्रभारी द्वारा थाना में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग करने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही जनशिकायत के प्राप्त मामलों पर अविलंब कार्रवाई करने, लंबित सम्मन, वारण्ट, कुर्की, पास्पोर्ट, चरित्र सत्यापन, पीजी पोर्टल, आयोग से संबंधित मामलों, लंबित मालखाना का त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादित करने, महिला उत्पीड़न (पोक्सो एवं बलात्कार) के मामलों को 02 माह के अंदर निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित उपायों एवं जगरूकता अभियान चलाने, दागियों, गिरोह के सदस्यों का सत्यापन करने, सी०सी०टी०एन०एस० अन्तर्गत आइआइएफ-1 जव 7 फॉर्म को अद्यतन करने, दुकानदारों से अनुरोध कर धारा-144 सीआरपीसी या 163 बीएनएसएस का उपयोग करें।

## रामगढ़ नाट्य महोत्सव को लेकर कार्यशाला का शुभारंभ

**रामगढ़।** कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के सौजन्य से रामगढ़ नाट्य महोत्सव 2025 का भव्य शुभारम्भ होटल शिवम इन, रामगढ़ में शनिवार को किया गया। कर्णधार सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था की ओर से नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ अंचलाधिकारी सुदीप एक्का, बतौर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सह प्रसिद्ध व्यवसायी कमल बगड़िया, कला प्रेमी विजय मेवाड़ ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक एवं कर्णाधार रामगढ़ के संस्थापक विक्रांत गुप्ता ने कहा।

## ट्रेड यूनियन मोर्चा ने हड़ताल सफल बनाने को लेकर बनाई रणनीति

**गिद्दी।** अरगड्डा क्षेत्र संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा ने हड़ताल सफल बनाने को लेकर रणनीति बनाई है। संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा ने शनिवार को गिद्दी दुर्गा मंडप में बैठक करके 20 मई के देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने को लेकर रणनीति बनाई है। बैठक में हड़ताल को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के विभिन्न परियोजना में पिट मीटिंग करने की तिथि तय किया गया। गिद्दी ए सीएचपी में 17 मई को पिट मीटिंग करने का निर्णय लिया गया।

## पुलिस ने मरीजों के बीच वितरित किया राशन

नवीन मेल संवाददाता। बरही



अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में निक्षय पोषाहार कार्यक्रम के तहत टीबी पीड़ितों के बीच तीन माह का राशन वितरित किया गया. कार्यक्रम डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के निगरानी में आयोजित हुई. डॉ ज्ञानी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के निक्षय मित्र योजना के तहत सक्षम व्यक्ति स्वेच्छा से टीबी पीड़ितों को अपनी ओर से राशन उपलब्ध करवाते है. यह कार्यक्रम वैसे लोगो के सहयोग से ही चल रहा है. उन्होंने अन्य लोगो को भी इस दिशा में आगे आने की अपील किया. कार्यक्रम में शामिल बतौर मुख्यातिथि एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने कि हर सक्षम व्यक्ति को लाचार और पीड़ित व्यक्ति की मदद करनी चाहिए. भूखे को भोजन व प्यासे को पानी पिलाना ही सबसे बड़ा मानव धर्म है. उन्होंने अपनी ओर से 5 टीबी पीड़ितों को राशन उपलब्ध करवाया. इसके साथ ही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार, सब इंस्पेक्टर शिवम गुप्ता, नरेंद्र कुमार पांडेय,, रामेश्वर रविदास, सुरजीत चौधरी, ऐश्वर्या सिन्हा, जया सिन्हा ने भी एक एक मरीजों को राशन उपलब्ध करवाया.

## किशोरियों के लिए पोषक आहार " विषयक प्रशिक्षण का आयोजन

# बच्चों को पोषक आहार देना जरूरी : कुंती रिगि

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा



मानव विकास संस्था के तत्वावधान में प्रखंड के ग्राम चामुदोहर स्थित प्रशिक्षण भवन में एकदिवसीय "किशोरियों के लिए उत्तम पोषक आहार" विषयक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस निमित प्रखंड के विभिन्न गांवों से किशोरियों की उपस्थिति हुई।वहीं प्रखंड प्रशिक्षक टीम की सदस्या कुंती गिरी ने सबसे पहले बताया कि किशोरावस्था (10-19 वर्ष) जो शरीर के विकास का एक महत्वपूर्ण समय है। इस समय उचित आहार लेना बहुत आवश्यक है ताकि शरीर और मस्तिष्क का संपूर्ण विकास हो सके। इसके बाद उन्होंने सभी किशोरियों से पसंदीदा और नापसंद खाना के नाम को पूछा। तत्पश्चात उन्होंने बताया कि पौष्टिक आहार वह भोजन है जिसमें सभी आवश्यक पोषक तत्व उचित मात्रा में होते हैं । जैसे कार्बोहाइड्रेट ऊर्जा देने के लिए होती है। जिसमें चावल, गेहूं, आलू आदि आते है। कुंती गिरी ने कहा कि बच्चों को पोषक आहार देना जरूरी है। इसके बाद प्रोटीन है जो शरीर की वृद्धि के लिए होती है जैसे दालें, दूध, अंडा आदि आते है। इसके बाद विटामिन और मिनरल्स जो रोगों से लड़ने की शक्ति के लिए जैसे फल, हरी सब्जियां आती है। इसके बाद वसा जो ऊर्जा का भंडार के लिए होती है जैसे घी, तेल, मूंगफली होते है, पानी जो शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए होती है। साथ ही आयरन युक्त भोजन लेनी चाहिए। जैसे पालक, चुकंदर, गुड़, मूंगफली ताकि एनीमिया (खून की कमी) न हो। फिर आयरन की गोली (IFA टैबलेट) सप्ताह में एक बार लें जो सरकारी स्कूलों में दी जाती है। बताया कि किशोरियों को जंक फूड जैसे (पिज्जा, बर्गर, कोल्ड ड्रिंक) इन सब चीजों से बचना चाहिए। हर दिन फिजिकल एक्टिविटी करनी चाहिए जैसे दौड़ना, खेलना, योग आदि। अंत में इन्होंने सभी किशोरियों को धन्यवाद ज्ञापन देकर प्रशिक्षण सत्र को संपन्न किया। इस प्रशिक्षण सत्र को सफल बनाने में राहुल कुमार, रॉबिन कुमार, मारिया दास बास्के, कार्तिक महतो, रोहित टुड्डू, अंजु देवी एवं अन्य ग्रामीण लोगों का योगदान रहा। बच्चों को ज्यादा से ज्यादा हरी सब्जियों पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए ताकि बच्चों निखार आ सके। इनके पढ़ाई और लिखाई के समय इन बातों पर ध्यान देने की जरूरी है।

## सड़कों के किनारे से हटेंगे बाजार




**बरही ।** स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधियों ने बरही चौक की ट्रैफिक व स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए कई बड़े निर्णय लिए है. जिसके तहत के बरही चौक क्षेत्र के चारो रोड में 300 मीटर के दायरे में वाहन् या ऑटो खड़ा करना वर्जित होगा. सड़क किनारे लगने वाले सब्जी दुकान और ठेला को पटना रोड स्थित सर्विस रोड या भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के समीप अथवा एनएचएआई परिसर में शिफ्ट कराया जाएगा. चारो रोड की सफाई के लिए बरही पूर्वी, पश्चिमी और कोनरा पंचायत के मुखिया व पंचायत समिति सदस्य संयुक्त रूप से समिति गठित कर स्थानीय दुकानदारों से प्रतिदिन न्यूतम सहयोग राशि ली जाएगी. जिससे सफाई कर्मी या अन्य कार्य किए जायेंगे. उक्त निर्णय एसडीओ जोहन टुडू की अध्यक्षता में शुक्रवार को लिया गया. एसडीओ ने शीघ्र ही आवश्यक निर्देश जनहित में जारी करने की बात कही है. साथ ही आम लोगों से निर्देशों का अनुपालन करने व प्रशासन को सहयोग देने की अपील किया है. बैठक में एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, एलआरडीसी अजय भगत, एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट दीपा खलखो, उनके प्रतिनिधि टिंकू आलम, पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, कोनरा - 1 पंसस मो यूसुफ, भाग - 2 प्रतिनिधि सगीर, प्रखंड 15वीं वित समन्वयक विजय कुमार आदि मौजूद थे.

विधायक ने मुख्यमंत्री से की सीधी बात, सिमडेगा की समस्याओं पर मांगा समाधान

# मुख्यमंत्री को बताया पेयजल संकट, खटिया एम्बुलेंस से लेकर सर्पदंश व कृषि संबंधी समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले एवं गुमला के पालकोट प्रखंड की समस्याएं अब विधानसभा से बाहर निकलकर सीधी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक पहुँच गई है। सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात कर सिमडेगा जिले एवं गुमला के पालकोट प्रखण्ड की गंभीर समस्याओं को विस्तार से रखा। इस खास मुलाकात में पेयजल संकट से लेकर सर्पदंश, खटिया एम्बुलेंस और ग्रामीण सड़कों की स्थिति तक, हर समस्या पर विधायक ने मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। विधायक ने पेयजल की गंभीर समस्या को उठाया। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस मौसम में जि कई इलाकों में लोगों को पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ रहा है। कुछ गांवों में तो हालात इतने खराब हैं कि पानी के एक बर्तन के लिए सुबह से शाम हो जाती है। भूषण बाड़ा ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि जिले में पेयजल समस्या को दूर करने की दिशा में तेज गति दी जाए और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।



उन्होंने कहा कि यह जिला हॉकी की नर्सरी के रूप में जाना जाता है। लेकिन यहां के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा और प्रशिक्षण नहीं मिल पा रहा है। विधायक ने खेल मैदानों की मरम्मत, आधुनिक खेल उपकरणों की उपलब्धता और प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की मांग की। वहीं खेती की बात करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में वर्षभर खेती संभव हो, इसके लिए बेहतर सिंचाई व्यवस्था और कृषि उपकरणों की जरूरत है। उन्होंने किसानों को प्रशिक्षण और सब्सिडी देने की भी मांग रखी। विधायक भूषण बाड़ा ने सिमडेगा और पालकोट क्षेत्र में मौजूद पर्यटन स्थलों के विकास की मांग की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक स्थलों से भरे इन इलाकों में यदि पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए, तो इससे न केवल जिले को पहचान मिलेगी बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

### सर्पदंश समस्या पर भी रखी अपनी बात

गर्मी और बारिश के बीच क्षेत्र सर्पदंश की घटनाएं तेजी से बढ़ती हैं। विधायक ने मुख्यमंत्री को आगाह करते हुए कहा कि कुछ ही दिनों में सर्पदंश का मौसम शुरू हो जाएगा। ऐसे में पहले से ही एक मजबूत योजना बनानी चाहिए। उन्होंने जिला अस्पतालों में एंटी-वेनम की उपलब्धता, जागरूकता अभियान और सर्पदंश पीड़ितों के लिए त्वरित चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था की मांग की। साथ ही उन्होंने उन परिवारों की सहायता करने की भी मांग की जिनके सदस्य सर्पदंश के कारण असमय काल के गाल में समा चुके हैं।

### विधायक ने कई समस्याओं को भी सीएम के पास रखा

विधायक ने मुख्यमंत्री के समक्ष रखा खटिया एम्बुलेंस की समस्याओं को भी रखा। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिले के कई ऐसे गांव हैं जहां अब तक सड़क नहीं पहुंची है। इन गांवों में बीमारों को खटिया पर लादकर मिलों दूर पैदल अस्पताल लाया जाता है। यह स्थिति न केवल अस्वस्थ्य व्यक्ति के लिए जानलेवा है, बल्कि पूरे सिस्टम पर भी सवाल खड़े करती है। भूषण बाड़ा ने ऐसे गांवों को चिन्हित कर त्वरित रूप से सड़क निर्माण करवाने की मांग की।

### सिमडेगा व पालकोट की समस्याओं को में शीघ्र उठाए जाएंगे कदम : सीएम

इधर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विधायक की बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि सिमडेगा व पालकोट की समस्याओं के समाधान की दिशा में शीघ्र कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वे सिमडेगा एवं पालकोट की ज़मीनी हकीकत का मूल्यांकन कर प्राथमिकता के आधार पर योजनाएं बनाएं। इधर विधायक भूषण बाड़ा के इस पहल ने सिमडेगा और पालकोट के ग्रामीणों के दिल में एक नई उम्मीद जगा दी है। लंबे समय से समस्याओं से जूझ रही जनता अब चाहती है कि बातें कागज़ों तक सीमित न रहें बल्कि धरातल पर उतरें। लोगों का कहना है कि अगर सड़क, पानी, इलाज, खेल और खेती जैसी बुनियादी सुविधाएं सुलभ हो जाएं, तो उनका जीवन बेहतर बन सकता है।।

## विवेकानंद विद्यालय में नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को दिलाई गई शपथ



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** विवेकानन्द शिशु-विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ में को सभी किशोर भारती और कन्या भारती के नवनिर्वाचित पदाधिकारी छात्र छात्राओं को विद्यालय परिसर में सरस्वती माता के समक्ष प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहू के अगुवाई में शपथ दिलाई गई। शपथ दिलाने का कार्य आचार्य सुदर्शन कुमार ने किया।शपथ लेने वाले में सेनापति के लिए छात्र सुभाष सिंह (भरत दल), सह सेनापति छात्र साहिल साहू (एकलव्य दल), मंत्री छात्र श्रेष्ठ कुमार (एकलव्य दल), सह मंत्री छात्र विश्वकर्मा नायक (एकलव्य दल), अध्यक्ष छात्र जगरनाथ सिंह (भरत दल) और उपाध्यक्ष छात्र केदारनाथ सिंह (आरुणि दल) शपथ लिए। वहीं कन्या भारती के सेनापति छात्रा संध्या नायक (भारत दल), सह सेनापति छात्रा पूजा कुमारी (भरत दल), मंत्री छात्रा वर्षा कुमारी (भरत दल), सह मंत्री छात्रा श्रुति कुमारी (भरत दल), अध्यक्ष छात्रा रेणु कुमारी (आरुणि दल), उपाध्यक्ष छात्रा ललिता कुमारी (भरत दल) ने शपथ लिए।अंत में सभी नवनिर्वाचित छात्र और छात्राओं को प्रधानाचार्य के द्वारा बुके देते हुए शुभकामना और आशीर्वाद दिया गया। इस अवसर पर सभी छात्र छात्राओं सहित आचार्य प्रमोद पाणिग्रही, सुदर्शन कुमार, बिमल टेटे, सुदर्शन कुमार, जगेश्वर सिंह, गणेश सिंह, अर्जुन महतो, आचार्या लक्ष्मी देवी, विमला देवी, दशरथी देवी, बसंती देवी, सुश्री शकुंतला कुमारी, यमुना कुमारी, निशि कुल्लू, प्रगति सिंह, दीक्षित कुमारी, रश्मि प्रधान, सुनीति कुमारी, रेखा देवी उपस्थित थे।

सिमडेगा व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

## आपसी समझौते के आधार पर 48 लाख 55 हजार 903 राजस्व की हुई वसूली

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में साल 2025 का दूसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का ऑनलाइन उदघाटन झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सह उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजीत प्रसाद और न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी ने किया। स्थानीय स्तर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरंजन सिंह,डीडीसी संदीप कुमार दोरायबुरू,अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र,डीएसपी रणवीर सिंह आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर एडीजे नरंजन सिंह ने कहा कि आज का यह जो राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजन किया गया है। उसमें सिमडेगा जिला वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़ा। उन्होंने ने राष्ट्रीय लोक अदालत की विशेषता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वादी गण सरल एवं सुविधा तरीके से बिना वकील के,बिना खर्च के अपनी मामलों को निष्पादन कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि न्यायालय में जो मामलों की भार पड़ती थी,राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन से न्यायालय में मामलों का दबाव काफी कम होती है। कम समय में लोक अदालत के माध्यम से



ज्यादा से ज्यादा मामले का निपटारा व निष्पादन किया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निष्पादन के लिए कुल सात बैंचों का गठन किया गया था। मौके पर कुल 28721 मामले निष्पादन के लिए रखे गए थे। जिसमें कुल 28633 मामले निष्पादित किए गए। साथ ही 48 लाख 55 हजार 903 रुपए में समझौता किया गया। पहले बेंच में एडीजे नरंजन सिंह,चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव,अधिवक्ता कैलाश प्रसाद,दूसरे बेंच में सीजेएम निताशा बारला,डिप्टी एलएडीसीएस ब्रिखभान अग्रवाल,अधिवक्ता प्रद्युम्न सिंह,तीसरे बेंच में एसडीजेएम सुमी बीना होरो,अधिवक्ता सुरेश प्रसाद,अनुपा खलखो,चौथे बेंच में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुभाष बाड़ा,असिस्टेंट एलएडीसीएस सुकोमल,अधिवक्ता जगदीश्वर साहू,पांचवें बेंच में सदर सीओ इम्तियाज अहमद,पाकरटांड़ सीओ नितिन शिवम गुप्ता,अधिवक्ता संत प्रसाद सिंह,छठे बेंच में अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत रमेश श्रीवास्तव,सदस्य लक्ष्मीकांत प्रसाद,सदस्य प्रियरंजन कुमार और सातवें बेंच में अध्यक्ष जिला उपभोक्ता फोरम रविन्द्र कुमार और सदस्य लता तिर्की को शामिल किया गया है। मौके पर डीएलएसए सचिव मरियम हेमरोम,एसडीजेएम सुमी बिना होरो,सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान,जिला परिवहन पदाधिकारी संजय बखला,अनुमंडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी मो इम्तियाज अहमद,एलडीएम अभिजित मिंज सहित अन्य पदाधिकारी एवं काफी संख्या में वादी उपस्थित थे।

## बानो रेलवे स्टेशन के पास ऑटो टकराया, नौ लोग घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** शनिवार को बानो रेलवे स्टेशन से यात्रियों को लेकर जा रही एक ऑटो ने अनुपम फ्यूल के समीप सड़क किनारे स्थित पेड़ में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टेम्पो सवार नौ लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टेम्पो तेज गति से जा रही थी और चालक का अचानक संतुलन बिगड़ जाने के कारण यह दुर्घटना हुई।घायलों में अनुज खान, साहिबा बेगम, सनियारो लखवा, नीतू रानी खेस, दीप्ति खेस, सलीम डांग, पिंकी परवीन, दिनेश नायक और सरमीन खातून शामिल हैं। दुर्घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बानो ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए अन्य अस्पतालों में रेफर किया गया।कलाहटोली निवासी सलीम डांग का दाहिना पैर हादसे में टूट गया है, जबकि टेम्पो चालक दिनेश नायक बेहोशी की हालत में अस्पताल लाया गया। अनुज खान अपने परिवार के साथ राउरकेला से बाघचंडी पूजा कराने जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ।बानो थाना प्रभारी सोनू कुमार ने अस्पताल पहुंचकर घायलों की स्थिति की जानकारी ली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने बताया कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है, एक को छोड़कर बाकी सभी की हालत स्थिर है।



## प्रधानमंत्री किसान योजना शिविर आयोजन को लेकर अंचल कार्यालय में किया गया बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा अंचल कार्यालय में प्रधानमंत्री किसान योजना का शिविर आयोजन को लेकर अंचल कार्यालय में अंचल अधिकारी सुधांसु पाठक के द्वारा बैठक आयोजित कर कई दिशा निर्देश दिया। इस मौक़े पर बताया गया कि एक मई से 31 मई तक प्रधानमंत्री किसान योजना का सत्यापन किया जाएगा। इस मौक़े पर 01/05/2025 से 31 मई तक प्रधानमंत्री किसान योजना का विभिन्न स्थानों में शिविर लगाया जाएगा। जिसमें लाभुकों के कागजातों का सत्यापन किया जाएगा। योजना का लाभ से वंचित लोगों का नाम जोड़ा जाएगा। वहीं मृत लोगों के नाम को हटाया जाएगा.। जिसमें जमीन का रसीद ,आधार कार्ड, बैंक पास बुक,, वंशवाली आदि कागजात जमा करने के लिए कहा गया। इस मौक़े पर अंचल निरिक्षक सीधेश्वर. पासवान, राजस्व कर्मचारी, निशि केरकेटा, अंचल कर्मी सी एस सी संचालक मौजूद थे।



## सिमडेगा में रक्तदान को लेकर सिविल सर्जन की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में रक्त की आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने और नियमित रक्तदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को सिविल सर्जन कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने की, जिसमें जिले भर के रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।सिविल सर्जन डॉ. पासवान ने सभी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्त की कमी को दूर करने में सामाजिक संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आग्रह किया कि समाज के अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाए और समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाए, ताकि किसी भी जरूरतमंद को रक्त की कमी से जूझना न पड़े।उन्होंने यह भी जानकारी दी कि सिमडेगा सदर अस्पताल में मरीजों की सुविधा हेतु आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों से इस दिशा में जन-जागरूकता अभियान चलाने की अपील की, ताकि लोग अस्पताल की सुविधाओं का लाभ उठा सकें। बैठक के दौरान विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव रखे, जिन पर सिविल सर्जन ने सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. एंजल टेटे, सिमडेगा रक्तदाता विंग के विकास साहू, अल फलाह समिति के अध्यक्ष ख़ैबब शाहिद, बजरंग दल के आनंद जैसवाल, मारवाड़ी युवा मंच अनिरुद्ध सिंह एवं सबास महतो उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में किशोर भारती और कन्या भारती पदों पर हुआ चयन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सरस्वती विद्या मंदिर, सलडेगा में छात्र-छात्राओं में लोकतंत्र की समझ विकसित करने और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किशोर भारती और कन्या भारती के विभिन्न पदों का निर्वाचन नियमित और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया द्वारा संपन्न कराया गया।विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक के नेतृत्व में यह चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चारों दलों से छात्र-छात्राओं ने नामांकन पत्र भरे। चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए और उम्मीदवारों तथा उनके समर्थकों द्वारा प्रचार-प्रसार कर वोट की अपील की गई।मतदान प्रक्रिया में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यवेक्षकों की देखरेख में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। परिणामस्वरूप कन्या भारती के अध्यक्ष पद पर भरत दल की गायत्री कुमारी को 197 मत, उपाध्यक्ष पर भरत दल की ही प्रज्ञा कुमारी को 202 मत मिले। मंत्री पद के लिए आरुणि दल की गायत्री कुमारी को 138 मत प्राप्त हुए। शिवाजी दल की दामिनी कुमारी ने 202 अंक प्राप्त कर सह मंत्री पद हासिल किया। एकलव्य दल की सपना लिंडा को 153 और शिवाजी दल की रितु कुमारी को 165 अंक प्राप्त हुए, जिससे वे क्रमशः सेनापति और सह सेनापति चुनी गईं।।किशोर भारती के चुनाव में एकलव्य दल के छात्र साहिल प्रधान ने 169 मत प्राप्त कर अध्यक्ष पद जीता। उपाध्यक्ष पद पर एकलव्य दल के रिंकू मांझी (160 मत), मंत्री पद पर शिवाजी दल के बॉबी कुमार (183 मत), सह मंत्री पद पर भरत दल के कांसदेव किसान (160 मत), सेनापति पद पर आरुणि दल के पवन सिंह (148 मत) और सह सेनापति पद पर भरत दल के आजाद साहू (164 मत) निर्वाचित हुए।चुनाव परिणाम के बाद प्रधानाचार्य द्वारा सभी निर्वाचित छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई और विद्यालय परिवार की ओर से फूल-माला पहना कर उनका अभिनंदन किया गया। सलडेगा संकुल के संकुल प्रमुख संतोष दास ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा से करने और विद्यालय की प्रगति में सहभागी बनने का संदेश दिया।प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक ने कहा कि यह प्रक्रिया छात्र-छात्राओं के लिए एक अवसर है जिससे वे लोकतांत्रिक प्रणाली को समझें और भविष्य में एक जागरूक नागरिक के रूप में देश हित में निर्णय लेने में सक्षम बनें। इस चुनाव प्रक्रिया में आचार्य, आचार्या एवं पूर्व किशोर भारती पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा।



## न्यूज बॉक्स

### बोलबा प्रखंड के लेटाबेडा में बन रहे एकलव्य विद्यालय का प्रखंड प्रमुख ने किया निरीक्षण



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के लेटाबेडा गांव में निर्माणाधीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निरीक्षण शनिवार को प्रखंड प्रमुख सुनीता केरकेटा ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। प्रमुख ने निर्माण कार्य में लगे अभियंताओं और श्रमिकों से बातचीत की और उन्हें गुणवत्ता के साथ कार्य को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया।उन्होंने मजदूरों से भी सीधे मुलाकात की और मजदूरी भुगतान तथा कार्यस्थल की स्थिति के बारे में जानकारी ली। प्रमुख ने मजदूरों को किसी भी तरह की परेशानी होने पर सीधे संपर्क करने को कहा और समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया।सुनीता केरकेटा ने कहा कि एकलव्य विद्यालय का निर्माण इस क्षेत्र के आदिवासी बच्चों के लिए शिक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह विद्यालय न केवल शिक्षा के स्तर को ऊंचा करेगा बल्कि बोलबा प्रखंड के समग्र विकास में भी अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय के निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### महाबुआंग थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान, एक वाहन का चालान

**बानो।** महाबुआंग थाना क्षेत्र के चंदन टोली मोड़ के समीप शनिवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी अमरनाथ कुमार सोनी के निर्देश पर एसआई रणधीर कुमार के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया, जिसमें दोपहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहनों की गहन जांच की गई।जांच के दौरान वाहनों के कागजात, डिक्की, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गई। इस दौरान एक वाहन चालक का चालान काटा गया। जांच के क्रम में एसआई रणधीर कुमार ने टेंपो चालकों को निर्देश दिया कि वे आगे की सीट पर महिलाओं को न बैठाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगली बार नियम उल्लंघन की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।वाहन चालकों को यह भी सख्त हिदायत दी गई कि वे शराब पीकर वाहन न चलाएं। इस अभियान को सफल बनाने में महाबुआंग थाना के पुलिस बल के जवानों ने सक्रिय सहयोग किया।



### सिमडेगा में ऑटो चालक तथा ई रिक्शा चालकों के लिए रूट परमिट बनाना अनिवार्य

**सिमडेगा।** जिले के सभी ऑटो चालकों को एवं ई रिक्शा चालकों विशेष सूचना दी गई है कि बिना वैध रूट परमिट के संचालित हो रहे वाहनों का परमिट अनिवार्य रूप से बनवाना सुनिश्चित करें। जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बाखला ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन वाहन स्वामियों के पास अभी तक रूट परमिट नहीं है, वे 21 मई 2025 से 27 मई 2025 तक अपने वाहन के सभी वैध दस्तावेजों के साथ परिवहन कार्यालय, सिमडेगा में आवेदन जमा करें।उन्होंने कहा कि दस्तावेजों के सत्यापन के उपरांत 28 मई 2025 को परमिट निर्गत किया जाएगा। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अनुरोध किया कि वे निर्धारित तिथि के भीतर प्रक्रिया पूरी करें ताकि बाद में किसी प्रकार की कार्रवाई से बचा जा सके।जिला परिवहन विभाग द्वारा यह पहल ऑटो चालकों को सुविधा देने तथा संचालन को वैधानिक बनाने के उद्देश्य से की जा रही है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया मदर्स डे, नन्हें बच्चों ने दी भावनात्मक प्रस्तुतियां

**सिमडेगा।** डीएवी पब्लिक स्कूल, सिमडेगा में शनिवार साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत 'मदर्स डे' उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं।कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा मां पर आधारित रिकॉर्डेड गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों से हुई। साथ ही, बच्चों ने मंच पर आकर अपनी मां की विशेषताओं को साझा किया, जिससे माहौल भावुक और सराहनीय हो गया।प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मां के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हर बच्चे के लिए उसकी मां संसार की सबसे सुंदर मां होती है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए मां का स्नेह और मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय में शिक्षिकाएं भी बच्चों के प्रति मां के समान प्रेम और देखभाल का भाव रखें, जिससे बच्चे निर्भीक होकर अपनी बातें साझा कर सकें। प्राचार्य महोदय ने शिक्षिकाओं से आग्रह किया कि वे बच्चों के साथ स्नेहपूर्ण व्यवहार बनाए रखें।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भी वितरित किए गए। विद्यालय परिसर में कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और भावनात्मक रहा।




### प्रखंड स्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कुरडेग।** प्रखंड संसाधन केन्द्र परिसर में प्रखंड स्तरीय प्रथम कैरम टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग में भाग लिया।अंडर-17 बालिका एकल वर्ग में राउउवि बनगांव की सीमा कुमारी विजेता बनीं, जबकि बालक एकल वर्ग में निर्मला हाई स्कूल के एनोस खेस्स ने बाजी मारी। अंडर-17 बालिका युगल में केजीबीवी की निमिता तिर्की व निशा आईंद ने जीत दर्ज की।अंडर-19 बालिका एकल में केजीबीवी की कस्तुरी कुमारी विजयी रहीं, वहीं युगल वर्ग में पूनम कुमारी व एनसलिन मिंज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बालक युगल में सुजल पासी व एनोस खेस्स की जोड़ी ने विजेता का खिताब अपने नाम किया।प्रतियोगिता के दौरान बीपीओ जया रश्मि, सूरज कुमार, रूबी बाई, रेखा, श्रवण बड़ाईक, इनोर केरकेट्टा और सुबास टोप्पो उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन से छात्रों में खेल के प्रति रुचि और आत्मविश्वास में वृद्धि देखने को मिली।




### हाथी पीड़ित परिवार से मिले झामुमो के पदाधिकारी दिया सहयोग

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के बेड़ाइरगी पंचायत अंतर्गत ओल्हान भंडार टोली में बिते दिनों हाथी द्वारा कई घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था साथ ही घर में रखे अनाज को भी हाथी खा गए थे। जिसकी सूचना वन विभाग और तोरपा विधायक को दी गई थी। तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया के निर्देश पर झामुमो प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी गण ओल्हान भंडार टोली पहुंचकर हाथी पीड़ित परिवार से मिले। हाथी पीड़ित परिवारों को सुख राशन देकर सहयोग किया। इस दौरान झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन, सचिव अमित बडिंग, झामुमो सोय पंचायत अध्यक्ष संदीप समद उपस्थित थे।



### प्रधानमंत्री सुमित सहित मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने लिया शपथ

# लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की जानकारी देना ही बाल संसद का मुख्य उद्देश्य : रुखरियार

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

विगत शुक्रवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बाल संसद का पुनर्गठन किया गया. जिसमे 118 मत से विजय होने वाले प्रधानमंत्री सुमित सहित बाल संसद के सभी सदस्यों को शपथ दिलाई गई. शपथ कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षक सह झारखंड राज्य पेंशनर समाज बड़ी अनुमंडल इकाई के अध्यक्ष राजेंद्र रुखरियार व विशिष्ट अतिथि राजेंद्र प्रसाद केसरी,



एसएमसी अध्यक्ष अमित साहू व सचिव दिनेश साहू ने मां भारती व मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन कर किया. अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने बताया कि प्रांतीय निर्देशानुसार विद्यालय में बाल संसद को लेकर मतदान संपन्न कराया जा चुका है. जिसमे प्रधानमंत्री के 22 प्रत्याशियों के लिए कुल 436 मत पड़े. जिसमे दशम ब के सुमित कुमार विजेता बने. जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतान्त्रिक व्यवस्था, नेतृत्व क्षमता और व्यवहार कुशलता की गुणों का विकास करना है. मुख्यातिथि श्री रुखरियार ने प्रधानमंत्री व अन्य लोगो ने मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यों को शपथ दिलाई. मुख्यातिथि ने कहा कि भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था की जानकारी देना बाल संसद का मुख्य उद्देश्य है. कार्यक्रम का संचालन आचार्य मनीष सिंहा और समापन आचार्य राजू ने शान्ति मंत्र के साथ किया. कार्यक्रम में

## अंडर 17 बालिक वर्ग में शकीला तो लड़कों में देवव्रत प्रथम

**धनबाद।** गोविंदपुर प्रखंड संसाधन केंद्र में प्रखंड स्तरीय कैरम प्रतियोगिता आयोजित की गई. इसमें प्रखंड के सभी प्लस तू व हाई स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया. अंडर 17 एकल बालिका वर्ग में शकीला खातून प्रथम व अंशिका कुमारी द्वितीय रही, जबकि बालक वर्ग में देवव्रत गोप प्रथम विजय कुमार द्वितीय रहे, वहीं, अंडर-19 बालिका में राखी कुमारी प्रथम व सोनी कुमारी द्वितीय तथा बालक वर्ग में सोनू कुमार मुंडा प्रथम व जाहिद अंसारी द्वितीय रहे. इसी प्रकार अंडर 17 बालक युगल में जगदीश मंडल व खेमलाल मंडल विजेता तथा सुमित कुमार दास व पंकज मालाकार उपविजेता, अंडर 17 बालिका युगल में संस्कृति हांसदा व राखी कुमारी विजेता बनी।

### पाकुड़ के मुख्य डाकघर में लगी भीषण आग

# कई सामान जलकर राख कामकाज हुआ प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता। पाकुड़**

जिला मुख्यालय स्थित मुख्य डाकघर में अचानक आग लगने से कंप्यूटर समेत कई सामान जलकर राख हो गए. सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया. मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह डाकघर बंद होने के समय आग लग गई. डाकघर से धुआं निकलता देख आसपास के लोगों ने डाक कर्मी और फायर ब्रिगेड को सूचना दी. सूचना मिलते ही डाक कर्मी और अधिकारी पहुंचे और जैसे ही डाकघर का दरवाजा खोला गया तो भयानक आग और धुआं दिखा. इसी क्रम में फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर सबसे पहले बिजली कनेक्शन काटा और पानी का छिड़काव कर आग पर काबू पाया. जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक कई सामान जलकर राख हो चुके थे. उप डाकपाल अनाथ कुमार दास ने बताया कि कल शाम को काम खत्म होने के बाद सभी कर्मी और अधिकारी कार्यालय बंद कर चले गए थे. आज आग लगने की सूचना आसपास के लोगों ने दी. आग लगने के कारण कई कंप्यूटर, सर्वर, प्रिंटर, स्कैनर, टेबल, कुर्सी, इनवर्टर, बिजली के तार समेत कई अन्य सामान जलकर राख हो गए हैं. उन्होंने बताया कि कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बच गए हैं. आग लगने से काफी नुकसान हुआ है और इस कारण काम पूरी तरह बाधित हो गया है.

## दिव्यांगों को मिलेगा निःशुल्क व्हील चेयर व श्रवण यंत्र

**रामगढ़।** लघु उद्योग भारती की ओर से 13 मई को होटल शिवम इन में आयोजित समारोह में सवा सौ दिव्यांगों को व्हील चेयर और 51 वधीरों को श्रवण यंत्र दिया जाएगा। समारोह के बतौर मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल उपस्थित रहेंगे। जबकि, बतौर विशिष्ट अतिथि लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सचिव इंद्र अग्रवाल व एफ़जेसीसीआई के अध्यक्ष परेश गट्टानी और बतौर सम्मानित अतिथि लघु उद्योग भारती के प्रांतीय अध्यक्ष विजय छापड़िया होंगे। यह जानकारी शनिवार को प्रांतीय महामंत्री विजय मेवाड़ ,प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रवीण झा, रामगढ़ जिला इकाई के अध्यक्ष अनिल गोयल व सचिव अखिलेश्वर सिंह ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने कहा कि होटल शिवम इन्न के सभागार में यह समारोह सुबह 10 बजे से शुरू होगा । इसमें रामगढ़ और हजारीबाग जिले के दिव्यांग महिला व पुरुष को यह लाभ मिलेगा। ये व्हील चेयर जयपुर से मंगाये गए हैं, जो देश की श्रेष्ठ तकनीकी से बनी है। उसी तरह श्रवण यंत्र भी है, जिसपर वारंटी भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के अभियान से प्रेरित यह समारोह दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ेगा । क्योंकि प्रधानमंत्री ने हीं विकलांगों को दिव्यांग विशेषण से विभूषित किया है । लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों ने कहा इतनी बड़ी संख्या में श्रेष्ठ गुणवत्ता वाले उपकरणों को दिव्यांगों को दिया जाने वाला एक दिन में किसी संगठन की ओर से प्रदेश का इस तरह का यह पहला कार्यक्रम होगा । उन्होंने बताया संगठन सदस्य और कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरी ऊर्जा से जुड़े हुए हैं।

## हाईटेक बुलेट से जंगलों में सरपट दौड़ेंगे वनरक्षी

रामगढ़। मैन पॉवर और संसाधनों की कमी से जूझ रहे वन विभाग के लिए अच्छी खबर है। जिला अंतर्गत आठ वनरक्षियों को हाईटेक बाइक प्रदान किया गया है। इसकी खरीदारी वन्य जीव प्रबंधन योजना के तहत हुई थी। इसके तहत 5 बाइक टाटा वेस्ट बोकारो और 3 बाइक सीसीएल कोतरे बसंतपुर पचमो कोल परियोजना प्रबंधन योजना के तहत खरीदा गया था। शनिवार को वन प्रमंडल कार्यालय रामगढ़ में बाइक वितरण समारोह हुआ। इसमें मुख्य रुप से वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार शामिल हुए। उन्होंन सभी वन रक्षियों को बाइक की चाबी सौंपी। साथ ही बाइक के सहारे क्षेत्र में गश्ती तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने बाइक चलाने के दौरान हमेशा यातायात नियमों की पालन की बात कही। बताया कि वन्य जीव प्रबंधन योजना वन अपयोजन एवं पर्यावरण स्वीकृति के शर्तो के अनुपालन में बने हैं। इनका उद्देश्य माइनिंग क्षेत्रो के आस पास हो रहे पर्यावरण और वनों पर हो रहे कुप्रभाव को कम करना है। यह योजना 10 वर्षों के लिए बनी है। इसकी सहायता से वन्य उन्मूलन, आजीविका विकास, पौधरोपण, घांस का प्रसार, वन विभाग का सशक्तिकरण आदि में किया जाता रहेगा। यह योजना वन क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। मौके पर टाटा प्रबंधन की ओर से प्रवीण, अलोक कुमार सिंह, सीसीएल की ओर से जीएम माइनिंग राजीव, एफ अहमद आदि मौजूद थे।

### पुलिस ने राहुल दुबे गैंग के चार अपराधियों को किया गिरफ्तार

# अपराधियों से दो देसी पिस्टल एक बाइक व 5 मोबाइल बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

सपी अजय कुमार ने शनिवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया किया। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि 12 गत अप्रैल को लगभग 11:30 बजे रात्रि में सिरका परियोजना के सीएचपी कोयला स्टॉक स्थित कांटा घर के समीप खड़े हाईवा ट्रक संख्या जेएच02जे6878 को अज्ञात अपराधियों द्वारा आग लगाने एवं फायरिंग कर दहशत फैलाने के संबंध में रामगढ़ थाना कांड सं0-101/2025, दिनांक-13.04.2025, 8चप / धारा - 111(2) / 111 ' (3) / 109 ' (1) / 326 ' (बी) / 61 ' (2) / 3 ' (5) बीएनएस एवं 25(6) / 25 ' (8) / 27 ' (2) आर्म्स एक्ट एवं दिनांक- 16/17.04.2025 की रात्रि समय करीब 12:05 बजे पतरातु रेलवे साईडिंग के गेट पर अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा लेवी / रंगदारी वसुलने एवं दहशत फैलाने की नियत से हवाई फाईरिंग किया



गया था। उक्त संबंध में पतरातु थाना कांड सं0-97/25, दिनांक-17.04.2025, धारा-109/111 ' (2) (बी) /308 (4) /61/ (2) (ए) भारतीय न्याय संहिता एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। एसपी अजय कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक, कार्यालय रामगढ़ ज्ञापांक-893/अप०शा०, दिनांक-26.04.2025 के माध्यम से उक्त दोनो काण्डों के उद्भेदन हेतु गौरव गौस्वामी सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान दल (एसआइटी का गठन किया गया। एसपी ने बताया कि उन्हें को 9 मई को करीब 13:10 बजे गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि संगठित अपराधी राहुल दुबे गैंग के अपराधी सनी सिंह उर्फ सौरभ कुमार सिंह, पिता-स्व० धन्नजय सिंह, ग्राम-रेलीगढ़ा, थाना-गिद्दी, जिला-हजारीबाग को नईसराय जाने वाली रोड में अवस्थित सीसीएल कांटा घर के आगे साधु कुटिया जंगल में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की की योजना बना रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा गौरव गौस्वामी सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी पतरातु के नेतृत्व में गठित विशेष अनुसंधान दल को उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया। गठित टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से अलग-अलग टीम का गठन कर नईसराय जाने वाली रोड में अवस्थित सीसीएल कांटा घर के आगे साधु कुटिया जंगल में छापामारी किया गया। जिसमें एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस द्वारा खदेड़कर पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति से नाम पता पुछने पर अपना नाम सनी सिंह, पिता-स्व० धन्नजय सिंह, ग्राम-रेलीगढ़ा, थाना-गिद्दी, जिला-हजारीबाग, स्थायी निवास ग्राम रसलपुरा, थाना-डोरीगंज, जिला-सारण (बिहार) बताया। पकड़े गए व्यक्ति से गहनता से पूछताछ करने पर सनी सिंह के द्वारा बताया गया कि हम राहुल दुबे गैंग के लिए काम करते हैं। तत्पश्चात् रामगढ़ थाना कांड संख्या-101/25 एवं पतरातु थाना कांड संख्या 97/25 में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है।

## मनरेगा की अधूरी योजनाओं को जल्द पूरा करें : डीसी



**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम के डीसी कुलदीप चौधरी व डीडीसी संदीप कुमार मीणा ने शनिवार को जगन्नाथपुर प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में मनरेगा व अन्य योजनाओं का जायजा लिया. इससे पहले डीसी व डीडीसी ने जगन्नाथपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक कर बीडीओ व 16 पंचायतों के कर्मियों की उपस्थिति में मनरेगा व अबुआ आवास योजना के कार्यों पर चर्चा की. अधिकारियों व पंचायत कर्मियों को अधूरे काम को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया. इस दौरान मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन अंतर्गत कूप निर्माण, प्रति ग्राम पांच योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का पंचायत वार अवलोकन किया गया. साथ ही अबुआ आवास योजना 2023-24 एवं 2024-25 अंतर्गत प्रथम व द्वितीय किस्त के भुगतान उपरांत आवास निर्माण की स्थिति और पूर्ण आवास की स्थिति व आवास जिओ टैगिंग से संबंधित प्रतिवेदन का भी क्रमवार समीक्षा कर आवश्यक एवं उचित दिशा-निर्देश दिया गया. बैठक में मनरेगा अंतर्गत पर्याप्त संख्या में योजना नहीं लेने व पोटो हो खेल मैदान का विकास नहीं होने पर कसीरा पंचायत के रोजगार सेवक बरय पूर्ति को स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया. साथ ही सभी पंचायतों में वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के लिए 3 दिनों के अंदर स्थल चयन कर योजना आरम्भ करने का निर्देश दिया गया. अबुआ आवास योजना 2023-24 अंतर्गत पिछले 1 वर्ष में एक भी आवास पूर्ण नहीं किए जाने के कारण करंजिया पंचायत के पंचायत सचि सुभाष चंद्र गोप, मोंगरा पंचायत के पंचायत सचिव राजेश कुमार एवं तोडांगहातु के पंचायत सचिव प्रियंका सोय को स्पष्टीकरण करते हुए सभी पंचायत सचिवों को अगले एक सप्ताह में अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया गया.

## स्कॉलर बीएड कॉलेज में टीएलएम मेला व खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**गिरिडीह।** छात्रों की शिक्षा को बेहतर बनाने एवं गुणात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनती स्थित स्कॉलर बीएड कॉलेज में टीएलएम मेला का आयोजन किया वही छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना एवं सामाजिक कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एकदिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कबड्डी ,100 मीटर दौड़, भाला फेंक, एवं गोला फेक समेत कई प्रतियोगिता की गई। यह प्रतियोगिता प्राचार्य डॉक्टर शालिनी खोवाला के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता का शुरूआत प्राचार्या डॉ शालिनी खोवाला द्वारा फीता काटकर किया गया। 100 मीटर के दौड़ प्रतियोगिता में महिलाओं वर्ग से शिवानी मरांड़ी प्रथम, मनीता मुर्मू द्वितीय व बसंती टुड्डु तृतीय स्थान प्राप्त की. वहीं पुरूष वर्ग में मो. नियाज हसन प्रथम, मुन्ना सोरेन द्वितीय व मुन्ना किस्कु तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक महिला वर्ग में उषा किरण, श्रेया सिन्हा व सुजाता कुमारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त की।

दिव्यांगों को मिलेगा निःशुल्क व्हील चेयर व श्रवण यंत्र

## मित्रता हो तो श्री कृष्ण और सुदामा जैसी : त्रिदेव शास्त्री

**धनबाद।** गोविंदपुर के गोसाईंडीह में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का समापह हो गया. कथा के अंतिम दिन कथा व्यास त्रिदेव शास्त्री ने मित्रता का मर्म समझाया. कहा कि मित्रता अगर देखनी हो तो श्री कृष्णा और सुदामा की देखें. एक महाराजा और दूसरा दरिद्र ब्राह्मण. दोनों की मित्रता अंतरात्मा से थी. लेकिन आज लोगों में दोस्ती कामर्शियल हो गई है. लेन-देन हो, व्यापार चलता हो तो मित्रता है, अन्यथा नहीं. व्यापार और लेन-देन छुटते ही मित्रता समाप्त हो जाती है. उन्होंने कहा कि सुदामा पोटली में चावल बांधकर श्री कृष्ण से मिलने द्वारिका गए थे. सुदामा को देखते ही श्री कृष्ण ने उनकी स्थिति जान ली थी. सुदामा जब वापस लौटने लगे, तो बार-बार कहा कि अब मैं जा रहा हूं. उन्हें लगा कि श्री कृष्ण जाते वक्त कुछ दे देंगे, पर इसके पहले ही श्री कृष्ण ने उनकी झोपड़ी को महल में बदल दिया

*कथा के दौरान शास्त्री ने देश के वीर जवानों के लिए श्री कृष्ण से प्रार्थना की. इससे पूर्व मुख्य यजमान राजकुमार गिरि ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया.*

था. जब सुदामा अपने घर पहुंचे तो झोपड़ी ढूंढने लगे, परंतु वह झोपड़ी थी ही नहीं. फिर उन्हें पता चला कि उनकी झोपड़ी महल में बदल गई है. त्रिदेव शास्त्री ने कहा कि मित्रता वही जो सुख-दुख में एक-दूसरे के काम आए. लेकिन आज की मित्रता स्वार्थ की हो गई है. स्वार्थ सधने के बाद मित्रता समाप्त हो जाती है. कथा के दौरान शास्त्री ने देश के वीर जवानों के लिए श्री कृष्ण से प्रार्थना की. इससे पूर्व मुख्य यजमान राजकुमार गिरि ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया. भाजपा नेत्री तारा देवी, प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, डीएन सिंह, धरनीधर मंडल, वीरेंद्र सिंह, गणेश गिरि, नीरज मिश्रा आदि ने कथा व्यास को सम्मानित किया ।

## हत्या या मौत! पहले बच्चे को दफनाया फिर शव को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

देवघर। सारवां थाना अंतर्गत मणिगढ़ी गांव में 11 वर्षीय प्रीतम कुमार की मौत के बाद अजीबो गरीब एक मामला सामने आया है. पहले साधारण मौत समझकर शव को परिजनों ने दफना दिया लेकिन जब हत्या की आशंका जताई गई तो दफनाए गए डेड बॉडी को बाहर निकालकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. दरअसल, घटना को लेकर बच्चे के पिता ने बताया कि प्रीतम कुमार अपने मित्रों के साथ गोनू झा नाम के व्यक्ति के बागान में आम तोड़ने गया था. इसी दौरान बागान मालिक गोनू झा मौके पर पहुंच गया और उसे देखते ही सभी बच्चे मौके से भाग गए. लेकिन प्रीतम कुमार पेड़ पर ही फंस गया. जिसके बाद मोनू झा ने उसे पेड़ से नीचे उतारा और पीटने लगा, जिसमें प्रीतम की मौत हो गई. घटना को लेकर प्रीतम के पिता राजेश यादव ने कहा कि गोनू झा ने उसके बच्चे की गर्दन दबाकर उसे जमीन पर पटक दिया. जिससे बच्चा चित होकर जमीन पर गिर गया. गोनू झा ने बच्चे के शरीर पर पानी छीटकर



उसे होश में लाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. बच्चे को मृत देख गोनू झा ने अपने बगीचे के बाहर के रास्ते पर बच्चे के शव को फेंक दिया. जब गांव वालों से प्रीतम के पिता को सूचना मिली कि उसका बच्चा रास्ते में गिरा हुआ है, तो आनन-फानन में आसपास के लोग और परिजन इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए. लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. अस्पताल से लाने के बाद बच्चे के शव को दफना दिया गया. सभी लोगों ने यह सोचा कि शायद किसी जहरीले सांप के काटने से प्रीतम की मौत हो गई है, लेकिन एक दिन बाद मृतक प्रीतम के छोटे भाई ने अपनी मां को कहा कि उसके भाई की मौत किसी जहरीले सांप के काटने से नहीं बल्कि गोनू झा के द्वारा बर्बता पूर्वक मारने के कारण हुई है. जब यह बात लोगों को पता चली तो लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी. जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दफनाए हुए शव को शनिवार को बाहर निकाला और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा. इस मामले में स्थानीय सीओ राजेश शाह ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर डेड बॉडी को फिर से निकाला गया है।

## बोलबा प्रखंड कार्यालय में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को दिया गया प्रशिक्षण

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड कार्यालय के सभागार में जन वितरण प्रणाली (PDS) के दुकानदारों को स्मार्ट दुकान संचालन को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सभी डीलरों ने भाग लिया।इस अवसर पर अंचल अधिकारी ने बताया कि बोलबा प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली की दुकानों को अब स्मार्ट दुकान के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है। इस नई व्यवस्था के तहत लाभुकों को पारदर्शी और तकनीकी माध्यम से राशन उपलब्ध कराया जाएगा।स्मार्ट दुकान संचालन को लेकर दुकानदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन सिमडेगा जिला से आए इंजीनियर मो. सादिक ने किया। उन्होंने तकनीकी पहलुओं, मशीन संचालन, अंगूठा सत्यापन, डिजिटल रिकॉर्ड रखने जैसे विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी।

### चिलचिलाती धूप में किसानों को नहीं मिल पा रही सिंचाई की सुविधा,

# खेत में लगी सब्जी की फसल हो रहे बर्बाद

**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**

सारवां प्रखंड सब्जी की खेती का हब माना जाता है. सारवां क्षेत्र के किसानों द्वारा उपजाए गए सब्जी सिर्फ देवघर जिले में ही नहीं बल्कि जामताड़ा, गिरिडीह, बांका, जमुई के बाजार तक पहुंचती है. इन दिनों सारवां प्रखंड के किसानों की हालत काफी खराब है और वह अपने खेतों में सब्जी नहीं उपजा पा रहे हैं. क्योंकि किसानों के खेत में एक बूंद भी पानी नहीं पहुंच पाता है. जिस वजह से किसानों के फसल बर्बाद हो रहे हैं. सारवां क्षेत्र के किसानों ने कहा कि जिस तरह से लगातार चिलचिलाती धूप और गर्मी पड़ रही है. ऐसे में फसल को पानी की आवश्यकता है लेकिन आसपास सिंचाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण किसानों के फसल बर्बाद हो रहे हैं.सारवां के किसान विनोद कुमार ने बताया कि टमाटर, सरसों, खीरा, मिर्ची, कद्दू, भिंडी, परवल, गोभी सहित विभिन्न सब्जियों की खेती इस



क्षेत्र के किसान सालों भर करते हैं, लेकिन गर्मी के मौसम में किसानों के लिए सिंचाई सबसे बड़ी समस्या हो जाती है. किसान मनोज वर्मा ने बताया कि पानी की कमी के कारण कई एकड़ में लगी सब्जियां बर्बाद हो रही हैं, लेकिन पानी का इंतजाम नहीं हो पा रहा है. उन्होंने बताया कि कई बार जिला प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इसकी शिकायत की गई है, लेकिन उनके द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया जाता है. किसान राजेश कुमार ने बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन ने यह आश्वासन दिया था कि ड्रोन के माध्यम से इस क्षेत्र में किसानों के फसलों की सिंचाई की जाएगी लेकिन अभी तक इसको लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं. किसानों की समस्या को लेकर जिले के भूमि संरक्षण विभाग के पदाधिकारी संजय कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की तरफ से इस वर्ष मोटर और तालाब लगाने की योजना शुरू नहीं हुई है. अगले महीने से विभाग के द्वारा सारवां क्षेत्र में काम शुरू होगा. जहां भी सिंचाई और पानी की कमी है, वहां पर तालाब या डोभा बनाए जाएंगे ताकि जल संरक्षण कर किसानों को पानी पहुंचाया जाए. भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि स्थानीय विधायक के अनुमोदन पर किसानों को समय-समय पर सुविधा मुहैया कराई जाती है लेकिन वर्तमान में अत्यधिक गर्मी की वजह से कई नदी और तालाब भी सूख गए हैं. जिस वजह से किसानों को दिक्कतें आ रही है. लेकिन भूमि संरक्षण विभाग की तरफ से सिंचाई के लिए पानी के इंतजाम कराए जाएंगे. विभाग किसानों की समस्या को लेकर गंभीर है. गौरतलब है कि सारवां प्रखंड में ज्यादातर किसान सब्जियों की खेती करते हैं. जिसके लिए पानी की अत्यधिक आवश्यकता होती है. पानी नहीं रहने के कारण किसानों के फसल बर्बाद हो रहे हैं. सारवां क्षेत्र के किसानों ने कहा कि यदि नदी से मोटर जोड़ दिए जाएंगे तो शायद किसानों को थोड़ी राहत मिलेगी. इस चिलचिलाती धूप और गर्मी में बर्बाद हो रहे फसल भी सुरक्षित रह पाएंगे.

## महिला के पेट से निकला 7.5 किलो का स्प्लीन ट्यूमर

**धनबाद।** धनबाद में एक महिला के पेट से 7.5 किलोग्राम को स्प्लीन निकला गया है. धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉ. अली जैद अनवर ने इस निकाला है. स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने इसे अब तक कर सबसे बड़ा ट्यूमर बताते हुए गिनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल कराने के लिए आवेदन दिया है. उन्होंने कहा है कि अब तक विश्व में किसी महिला के शरीर से निकाला गया सबसे बड़ा स्प्लीन 2.5 किलोग्राम का था. जबकि डॉ अनवर द्वारा निकाले गए स्प्लीन का वजन 7.5 किलोग्राम है. यह न केवल एक चिकित्सीय चमत्कार है, बल्कि झारखंड की बढ़ती मेडिकल क्षमताओं का प्रमाण भी है. उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता झारखंड के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना है. उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक सर्जरी ने झारखंड को चिकित्सा मानचित्र पर नई पहचान दिलाई है.

### खबर का असर : वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

# कंस्ट्रक्शन कंपनी के मुंशी पर भारतीय वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

लचरागढ़ से बाड़ीब्रिंगा तक 13 किलोमीटर तक हो रही सड़क निर्माण में बिना अनुमति विशालकाय इमारती और फलदार पेड़ों को काटने और जंगलों में छिपाने की खबर छपने के बाद मामले को वन विभाग ने गंभीरता से लिया है। डीएफओ शशांक शेखर के निर्देश पर शनिवार को वाली बिना परमिशन लिए सड़क निर्माण कंपनी द्वारा पेड़ काटने मामले को वन विभाग ने गंभीरता से लिया है। शनिवार को डीएफओ शशांक शेखर के निर्देश पर वन विभाग की पांच सदस्य टीम लचरागढ़ से बाड़ीब्रिंगा तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य स्थल पर नक्शा के साथ पहुंचकर जंगलों में छुपाए गए बोटों को जब्त कर लिया। मौके पर मौजूद प्रभारी वनपाल हेमन्त कुमार ने बताया कि लकड़ियों की जब्ती के लिए वन विभाग ने एक जेसीबी और दो हाइवा भी साथ लेकर गई थी। जांच के क्रम 28 पेड़ों को काटने का प्रमाण मिला है। वहीं 9 बोटा और दो हाइवा (9 घनमीटर) फलदार पेड़ों की लड़की जब्त की गई। जिसके बाद ग्रामीणों के बयान के आधार पर वन विभाग ने एसआरएमवी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मुंशी दिनेश कुमार साहू, पिता स्व रामजी साहू पर भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं इस मामले में वन विभाग के हेमंत कुमार ने बताया कि पेड़ काटने में और जिनका भी नाम आयेगा उनके ऊपर भी मामला दर्ज किया जायेगा। जब्ती टीम में प्रभारी वनपाल हेमन्त कुमार के अलावा वन उप परिसर पदाधिकारी मनोज कच्छप, प्रदीप कुल्लू, नीतीश कुमार, सतेंद्र चिक बड़ाइक सहित एक होम गार्ड का जवान पवन तिर्की शामिल हैं।

**रातों - रात जेसीबी से उखाड़े गए कई कटे पेड़ों के ठूंठ, जंगलों से बोटा भी गायब**

स्थानीय ग्रामीणों ने मीडिया को बताया कि सैकड़ों पेड़ काटे जाने की खबर प्रकाशित होने के बाद कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मियों ने जेसीबी लगाकर कई इमारती पेड़ों के ठूंठ को रातों - रात उखाड़कर ठिकाना लगा दिया, और जंगलों में छुपाए गए बोटों को भी हटा दिया गया है। इसलिए वन विभाग की टीम को शनिवार को मात्र 28 पेड़ काटने का साक्ष्य मिला है और मात्र 9 बोटा ही वन विभाग के हाथ लगा है।

## जलाओ आग सीने में वतन पुकारता



वसुंधरा पुकारती, गगन पुकारता
जलाओ आग सीने में, वतन पुकारता।
जो रच रहे षड्यंत्र देश के विखंडन का,
उनके मान- मर्दन को प्रण पुकारता।
कठुवा, किश्तवार, रियासी अब पहलगांव
कायरों निहत्थों पर चलाने को गोलियां।
जिस बाप ने सिखाया, उसे भी लेकर आ
विषधर, तुझपर गिराता हूँ बिजलियां।
जो छद्म युद्ध कर रहे, उन्हें दिखा दो।
छिप के वार कर रहे, उन्हें सिखा दो।
क्रुद्ध हिन्द कितना
कराल होता है।
त्रिशूल पर सवार
महाकाल होता है।
क्षत विक्षत लाशों
की रक्तिम ढेर से
एक लिंग प्रकट
होंगे ले मशाल
लाल
लेलिह्य जिह्वा से रक्तपान के लिए
रणचंडी सजायेगी एक नया थाल।
देश के सब्र का टूट गया बांध अब
बलिदानी जत्थों का समर्पण पुकारता।
जो रच रहे षड्यंत्र देश के विखंडन का
उनके मान मर्दन को प्रण पुकारता।
देश प्रेम की अग्नि जलाए रखने के लिए
तूफान को आसमान उठाये रखने के लिये।
रण के मैदान में आ जुटो ऐ वीर बान्कुरों,
लहू के लाल रंग से मशाल बालने के लिए।
यह युद्ध महायुद्ध है, बचे ना कोई जयचन्द,
अंदर और बाहर यह युद्ध छिड़ा है प्रचंड।
रुको ना वीर साहसी, झुको ना वीर साहसी,
दुश्मन के इलाकों को बांट दो खण्ड - खण्ड।
आँसू नहीं, आक्रोश है छाया हर चेहरे पर,
यह आग नहीं बुझने देना, चमन पुकारता।
जो रच रहे षड्यंत्र देश के विखंडन का,
उनके समूल उन्मूलन को प्रण पुकारता।
वसुंधरा पुकारती, गगन पुकारता
जलाओ आग सीने में वतन पुकारता।
जो रच रहे षड्यंत्र देश के विखंडन का
उनके मान-मर्दन को प्रण पुकारता।



ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र

## सिंदूर

सौभाग्य चिन्ह यह है सिन्दूर,
भारत की नारी का।
बुरी नजर जो डाले इसपर,
खैर नहीं उसके जीवन
का।।
अभिमान यह
नारी का है,
देव भी देते मान।
इसका भी रंग
लाल है,
रहा सुहागन की
पहचान।।
मांग का सिन्दूर
पोछा था,
विनाश तुम्हारा निश्चित था।
सिन्दूर की ताकत तुम क्या जानो,
संहार तुम्हारा निश्चित था।।
गर्व हमें उन वीरों पर है,
बेखौफ उन्हें दफना भी दिया।
सोयी थी दुनिया सारी,
पर दुश्मन को वो जगा दिया।।
जगत देख हैरान है,
हौसला यह भारत की।
तीन मार्ग की वात अचम्भित,
गुणगान करे इस भारत की।।
ठान लिया था वीरों ने भी,
घर का दरवाजा तोड़ूँगा।
आतंकी तुझको मारूँगा,
तभी चैन से सोऊँगा।।



पुष्पा पाण्डेय

काव्य कोना

## मानवता-सदाचार

मानवता-सदाचार
क्या अर्थ है?
तारतम्य है क्या?
शायद भूले-बिसरे शब्द
कहीं किसी लुप्तप्राय भाषा के
उत्सुकता में नये प्रयोग के
प्रयोगधर्मी कोई प्रयोग कर गया कहीं!
पुछा बहुतेरे से
संदर्भ तो समझा दो
अर्थ तो बतला दो
बच के बगल से खिसक गया हर कोई
सर्वशक्तिमान को पता हो शायद
न जाने पूछें- तो पूछें कैसे उससे।
उहोपोह में बस यूँ ही
कहीं से एक ज्ञान भरी आवाज आई
किस सोच में पड़ा है
क्या-क्या ढूँढता है
अरे जड़-बुद्धि इंसान -
फायदे की बात कर और फिर चल निकल
चल चला चल - चल चला चल
कहाँ किस चक्कर में पड़ा है
मानवता-सदाचार

नाग मणि

# भगवान बचाए इन भगवानों से



सुधा गोयल 'नवीन

आज की ताजा खबर --- "लड़की से छेडखानी करने, कामोत्तेजक व्यवहार करने एवं उत्पीड़न के आरोप में तथाकथित भगवान के विरुद्ध एक एफआईआर दर्ज करवाई गई है।"



ताजा खबर उस भगवान ने भी पढ़ी। कुछ मुस्कुराए, फिर उन्होंने दूसरी ताजा खबर छपवाई, " शहर वासियों को सूचित किया जाता है कि इस युग के भगवान का अवतार हो चुका है। वे सांसारिक व्याधियों का मनोवैज्ञानिक कारण ढूंढकर तत्क्षण इलाज करते हैं। शंकालु, नास्तिक एवं बुद्धिजीवियों से अनुरोध है कि वे भगवान के कार्यविधान में विघ्न डालें। अन्यथा विनाशकारी फल के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।"

सुविधा के लिए एक छद्म नाम दे देते हैं। भगवान भभूतानंद। खबर सभी प्रमुख अखबारों में छपी। शहरवासी स्तब्ध हैं .....यह हो क्या रहा है .........

भभूतानंद निश्चिन्त हैं ...... भभूतानंद के कुकर्मों का पिटारा खुलने पर भी अन्धविश्वासी जनता उनके विरुद्ध कुछ सुनने या मानने को तैयार ही नहीं है। उनके दीवाने भक्तों ने यहाँ तक कह दिया कि लड़की का दोष होगा। बेकार की बातों में उलझ कर अविश्वास करोगे तो अपना ही घाटा करोगे ...... देखा नहीं उस दिन कमला की मौसी, पेट दर्द से कैसी कराह रही थी ........ बाबा ने ज़रा सी भभूत चटाई नहीं कि उठकर बैठ गई। फिर तो ऐसी हंस-हंस कर बातें कर रही थी जैसे कभी कुछ हुआ ही न था।

अब भला उसे कौन समझाता कि इस्टीरौयड मिली कितनी सारी भभूत बाबा ने अपनी पोटली में बाँध रखी है। रोते गिड़गिड़ाते भक्तगण पहुंचे नहीं कि बाबा अपना करिश्माई भभूत निकालते और मुस्कुराते हुए आशीर्वाद स्वरूप पकड़ा देते। भक्त दुरुस्त हो जाता और भभूतानंद की जयजयकार करता। उन्हें चमत्कारी कहता व भगवान का दर्जा दे डालता। भगवान भभूतानंद की तूती बोलने लगी।

एफआईआर क्या दर्ज हुई कि बाबा के भक्तों में, जो अधिकतर 25 से 30 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले ग्रामवासी थे, खलबली मच गई। उन्होंने झंडा संभाल लिया। गेरुआ वस्त्र धारण कर लिए। नंगे पैर, धूप, धूल, वर्षा की परवाह किये बिना भगवान की रक्षा हेतु सीधे थाने पहुँच गए। उनके भगवान कष्ट में हैं, वे कैसे चुप बैठ सकते थे। एक ज़माना था जब भक्त की रक्षा करने के लिए भगवान तरह-तरह के वेष धारण कर उल्टे पाँव दौड़े चले आते थे। आज भगवान पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं तो क्या भक्त पीछे हटेंगे, कदापि नहीं ........ आज उनकी आस्था की परीक्षा है। जब तक एफआईआर वापस नहीं ली गई, भभूतानंद को निर्दोष नहीं साबित कर दिया गया, उनके भक्तों ने अन्न-जल ग्रहण नहीं किया। भभूतानंद लांछन मुक्त हो गए। लड़की के साथ असभ्य व्यवहार करते हुए रंगे हाथों पकड़े गए थे ..... उसे पीड़ा पहुंचाते देखे गए थे ...... उन्होंने स्वीकार भी कर लिया था कि मजबूरी वश उन्हें ऐसा आचरण करना पड़ा था ....लेकिन उनके अनुयायी उन्हें निर्दोष मानते हैं। उनका मानना है कि भगवान कुछ गलत कर ही नहीं सकते। उनके इस कर्म में भी कोई सत छुपा होगा ..... कुछ अच्छा ही होने वाला होगा।

भभूतानंद को मैं लगभग भूल ही चुकी थी कि एक दिन अचानक किसी पत्रिका के पन्ने पलटते हुए मुझे उनकी तस्वीर दिखाई दी। अर्थात अब वे राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो चुके थे. अति विशिष्ट जान पडे वे। ज़री और सिल्क का बेहद कीमती चोला पहने थे, बटनों में हीरे जैसी चमक वाले पत्थर जड़े थे। लम्बे-लम्बे बाल खुले हुए थे, इतने चमकदार व् लहराते हुए जैसे किसी विलायती शैम्पू से धुले हों और कंडीशनर भी लगाया हो। माथे पर तिलक, आँखें मुंदी हुईं, दोनों हाथ जोड़े हुए। एक बारगी मन में श्रद्धा उत्पन्न हुई, फिर उनकी पूरी जिन्दगी व उनसे जुड़ी हुई कहानियां याद आ गईं।

आजकल जगह-जगह उनकी सभाएं हो रही थीं, उनके प्रवचनों से लाभ उठाने वालों की संख्या सहस्त्रों से बढ़कर हजारों में पहुँच चुकी थी। उनके तेजोमय, प्रभावी व्यक्तित्व से सम्मोहित जनता अपनी सारी संपत्ति, जमीन जायदाद भी अर्पित करने में संकोच नही कर रही थी।

भभूतानंद आम जनता के मनोविज्ञान से निश्चय ही भलीभांति परिचित थे। उन्हें पता था कि आम-जन कर्म से अधिक चमत्कार में विश्वास करती है। कर्मठता की जगह आडम्बर ने ले ली है।

भगवान को समर्पण से नहीं, धन-धान्य से जीतने की प्रवृति बढ़ती जा रही है, तो इसका फ़ायदा यदि भभूतानंद जैसे स्वयंभू भगवानों को मिल रहा है तो इसमें उनका दोष कहाँ हुआ।

भभूतानंद का अमोघ अस्त्र था "काम-क्रीड़ा". ... वे जनता को विशवास दिला रहे थे कि समस्त शारीरिक असंतुलनों, कुंठाओं, तनावों, चिड़चिड़ेपन, अनिद्रा, यहाँ तक कि मोटापे का भी एक मात्र कारण काम इच्छा का पूर्ण न होना है। उनके शिविर में लड़कियों के साथ लड़कों का भी इलाज होता था। सब खुले आम ...... समाज के ठेकेदारों की आँखों के सामने ....... नाक के नीचे .....

सब चुप हैं .....सब शांत हैं ..... सब मन्त्र मुग्ध हैं ..... भगवान भभूतानंद का बाजार गर्म है। उनकी तूती बोल रही है। उनके बक्से खनक रहे हैं।

मैं तो बस यही कहती हूँ कि भगवान बचाए मुझे इन भगवानों से।

## पिता को पत्र-पुत्री का प्रेम

आदरणीय पूज्य बाबू जी,
सादर चरणस्पर्श ।

आप असम में रहते हैं, उसके पहले आप कोलकाता में रहते थे। जब मैं पाँच वर्ष की थी तब आप मुज़फ्फरपुर में रहते थे मोतीझील में। फिर आपने नयाटोला में अपना घर बनवा लिया । लेकिन घर बनते ही मानों धरा आपको पुकारने लगी। हम आठ भाई बहनों को पालने के लिए और दीदी की शादी के लिए आपको ज्यादा रुपयों की जरुरत थी। सो आप वनवास पर निकल गए और माँ गृहस्थी समेटें बच्चों की परिचारिका बन गईं। उनमें ममत्व मुझे कभी लगा ही नहीं। नहीं आप में पितृत्व की झलक दिखाई दी। आप दोनों अपने कर्म और धर्म में मुझे रोबोट सम लगें और जहाँ बच्चे सिर्फ बाल मजदूरी की भूमिका में नजर आते रहे। यह सब बाल मन की बातें थीं।



प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम'

अब लगता है स्नेह निधि संचित करने के लिए समय ही कहाँ बचता था आपके पास। आप तो धूप पानी बारिश में तपते रहे, अपनी संतति को ज्ञानवान बनाने के लिए। और माँ चौबीसों घण्टे अपने संतति में जीवन के लिए जरूरी एक एक गुण संपोषित करती रही जिससे कि अपनी जिंदगी में हम सभी भाई बहन नाकारा न रह जाए । उन्हीं की दी हुई शिक्षा पद्धति है जो हम सुविधा पूर्वक जिए जा रहें हैं । नौ वर्ष में माँ ने रोटी बनाना सीखाया, बर्तन धोना, स जी काटना, भुजिया काटना और भूजना। शाकाहारी भोजन, मांसाहारी भोजन तथा पूजा पाठ के लिए भोग व प्रसाद बनाना।

कितने तरह से, कितने कारणों से घर में भोजन बनता है, सबका महत्व समझाना और अमनिया बर्तन में भोग बनाना, सभी व्यवहार उन्होंने बचपन में ही सिखाना शुरु कर दिया था। जो कॉलेज पहुँचते -पहुँचते लगभग आ ही गया था। आज जो हम सब शेर बनें घूमतें हैं सब माँ की बदौलत ही तो है। यह सब सिखाने के क्रम में हम बच्चों के ना-नुकुर करने पर दण्ड देने पर कोई हस्तक्षेप नहीं करना आपके लिए बहुत कठिन होता था लेकिन फिर भी आप कभी भी हस्तक्षेप नहीं करते थे । जिसका नतीजा है कि हमलोग सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, तथा पाक कला में निपुण हो सकें ऐसा लगता था लेकिन शिक्षा तो ताउम्र चलते रहता है यह माँ का कहना था । मैंने भी अपने बच्चों को वो सभी ज्ञान दिया जो मैंने अपनी माँ और सासु माँ से ग्रहण किया था।

उम्र के अंतिम पड़ाव में आकर लगता है कि माँ पिता का प्यार सिर्फ व्यवहार के द्वारा हम सभी के अंतस में निरंतर प्रवेश करता रहा है। अपने जीवन के घटनाक्रम में एक नजर डालने पर यह समझ में आता है कि माता पिता का सामंजस्य कितना बेहतरीन था । कोई किसी के क्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं करते थे और न कोई आदेश पारित किया जाता था । एक बात बड़ों ने जो कह दिया बस वही फाइनल हो जाता था। कोई जीद नहीं चलती थी । सभी रिश्तों का महत्व था। उसे निभाया भी जाता था। यह सारी बातें मेरे अंतस में उमड़ती घुमड़ती रही । मैं हमेशा आप से रोश में रही कि आप हम से नेह नहीं जताते । अब समझ में आता है जो कहा गया वह दिखावा था जो महसूस किया गया वही प्यार था । बस इसीलिए यह पत्र लिखना पड़ा कि आप से माफी माँग लूँ। आप तो कब से हमसे दूर चले गए वहाँ जहाँ जाकर हम बात नहीं कर सकते हैं। लेकिन मन को हल्का करने के लिए यह लिखना भी जरुरी था । बाकी सब कुशल मंगल है।

आपकी बेटी

## लाल पानी

अपार्टमेंट के ए ब्लॉक और बी ब्लॉक में पानी की टंकियाँ क्रमशः अलग-अलग थीं, लेकिन बोरवेल मात्र एक कॉमन बचा था। इसमें भी जल-स्तर काफी नीचे जा चुका था और मोटर ऊपर टंकी तक पानी पहुँचाने में असमर्थ था। इसीलिए, नीचे ग्राउंड फ्लोर के नल से पानी ढोकर ले जाना लोगों की मज़बूरी थी। पहला बोरवेल तो गत वर्ष ही जबाव दे चुका था। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और बेतरतीब बिछते कंक्रीट के जंगलों ने भूगर्भ-जल का स्तर तेजी से नीचे गिराया था। पानी की किल्लत से दोनों ब्लॉक के रहवासी दो खेमों में बँट चुके थे। एक-दूसरे पर पानी की चोरी और फिज़ूलखर्ची का आरोप लगाते हुए बोरवेल में जल-स्तर ऊपर आने तक आज पहरेदारी में दो-तीन घंटों से जमे हुए थे। थोड़ी दूरी पर ही सुगनी उराईन का आदिवासी-मुहल्ला था।



मनोज कुमार झा 'मनु'

बूढ़ी सुगनी को भरोसा था कि आज पानी का टैंकर अवश्य आयेगा। आखिर अपनी अस्वस्थता के बावजूद आदिवासी-मुख्यमंत्री से



जनता-दरबार में बीते कल ही वह शिकायत कर आई थी। 'जल-जंगल-जमीन' की तबाही पर भी उसने मुख्यमंत्री को ख़ूब खरी-खोटी सुनायी। आठवीं तक पढ़ने के बाद समाज सेवा से जुड़ गयी थी। स्वतंत्रता-संग्राम के महानायक बिरसा मुंडा उसके आदर्श जो थे। टैंकर जैसे ही आकर रुका, कतारबद्ध लोगों की अनुशासित व्यवस्था पलभर में धराशायी हो गयी। "समरथ को नहिं दोष गोसाईं" की तर्ज पर लोगों ने अपने-अपने जलपात्र भरे। बेचारी बूढ़ी सुगनी इस रेलमपेल मे कैसे टिक पाती?

"ओह, बहू भी काम पर चली गयी और बेटा घर में रंगीन पानी पीकर अभी तक खर्राटे भर रहा है। बच्चों के लिए पीने का पानी, खाना बनाना – सबकुछ तो बचा ही है।," सुगनी के हलक प्यास से सूख रहे थे। वह कल रात भी बस दो घूँट पानी ही पी पायी थी। निठल्ले बेटे को कोसते हुए वह मन ही मन बुदबुदाने लगी, "बहू को क्या जबाव दूँगी?" उसकी आँखें भीग गईं। उधर मोटर स्टार्ट हुआ कि बोरवेल धीमी गति से पानी देना शुरू कर दिया था। "पहले हम, तो पहले हम।" दोनों ब्लॉक के लोग आपस में उलझ पड़े। तथाकथित संभ्रात लोगों के बीच हाथापाई होने लगी। कुछ लोग घायल हो गए। कल तक जो आपसी प्रेम में मिलकर पानी का दुरूपयोग कर रहे थे वो आज उसी पानी के लिए एक-दूसर का खून बहाने को आमादा थे।

उधर सुगनी का शरीर बुखार से तप रहा था। वह जमीन पर निढाल पड़ी थी। उसकी मुँदती आँखें इस तमाशे को देख रही थीं कि कुलीनता के धवल परिधान पर भी पानी के झगड़े में खून के छींटे पड़ रहे थे। उसकी आँखों में 'आदिवासियत की संरक्षा' और 'अबुआ-राज' की संकल्पना भी धूमिल पड़ने लगी थीं।

## किसना की माई



माथे पर गोल बिंदिया, सीधे पल्लू की साड़ी,
बेली के गजरे और हाथों में मेहंदी रचाया करो,
भागकर आऊँ कहीं से भी, आँचल में छिपाया करो न,
माँ, किसना की माँ जैसी बनो न....
मुझे देख लगा देतीं गुझिया-मठरी-शक्करपारे की लाइनें,
मेरे दोस्तों को देख तुम ही उन्हें अपनाया करो,
करो ढेर सारी बातें, भरपूर दुलार लुटाया करो न,
माँ, किसना की माँ जैसी
बनो न....
क्या होता पर्सनल
टाइम, किसे कहते बिज़ी
शेड्यूल?
यूजर आई-डी, पासवर्ड
भूलकर, अपने लल्ला
को पास बुलाया करो,
जितनी नेमत से रखती हो
मोबाइल को पास में,
कभी गोद में मुझे भी सुलाया करो न,
माँ, किसना की माँ जैसी बनो न.....
गुस्से में अगर पापा, बोल जाएँ कुछ उल्टा-सीधा,
कभी चुप्पी दिखाकर भी उन्हें हराओ न,
दोनों के क्लेश में पिस रहा मेरा बचपन,
ममता की मूरत-सी बन मुझे गले लगाओ न,
माँ, कभी किसना की माँ जैसी बनो न....
क्यों समझ आते तुम्हें साइन-कॉस-थीटा के फॉरमूला,
किन रंगों से सजाना है मेरा बचपन ?
बस इतना ही समझ जाओ न,
माँ, कभी किसना की माँ जैसी बनो न.....
अकेले में डरता हूँ मैं,
तकिये में सिर छिपा कई बार सिसकता हूँ मैं,
किसी के आने के आहट से ही रोम-रोम सिहरता हूँ मैं,
अपनी ढाल में छिपा मुझे डर से बाहर करो न,
माँ, कभी किसना की माँ जैसी बनो न.....



सत्या सिन्हा

## आदर्श पति की ट्रेनिंग



हास्य-व्यंग्य वार्ता



ललन शर्मा

आज सुबह, मैं बड़े आराम से बिस्तर पर लेटा अखबार हाथ में लिए साप्ताहिक राशिफल में अपनी राशि देख रहा था। लिखा था – यह सप्ताह आपके लिए नये अनुभव लायेगा। वैवाहिक जीवन सुखी रहेगा। इतने में श्रीमती चाय लेकर आयी और बगल में आराम से बैठ गई। उसने बड़े प्यार से मुस्कुराते हुए चाय का प्याला मेरी ओर बढ़ाया, तो मन ही मन राशिफल लिखने वाले ज्योतिष को धन्यवाद देने लगा। अभी दो घूंट गले से उतरे ही थे कि श्रीमती ने टोका - ''अजी, आपने आज का अखबार देखा।'' मुझे लगा कोई विशेष घटना हो गई जिसका संबंध मेरी श्रीमती से है। फिर भी मैंने कहा, ''क्या कोई चटपटा समाचार छपा है या फिर साड़ियों की सेल लगी हैं ?''

छोड़िये जी, आपको हमेशा मज़ाक़ सूझता है, मैं तो उस विज्ञापन के बारे में कह रही हूँ।'' उसने शर्माते हुए अखबार पर अपनी कोमल अंगुली को रखते हुए कहा। मैंने डरते-डरते विज्ञापन पर नज़र डाली। शीर्षक पर नज़र पड़ते ही मेरे होश कपूर की गोली की तरह आकाश में फुर्र से उड़ गए। मुझे चक्कर पर चक्कर आने लगे। फिर भी खुद को संभाला और तोते की तरह पढ़ने लगा। लिखा था - ''खुल गया.... खुल गया.... आपके शहर में पहली बार........ एकलौता और अनोखा....... आदर्श पति ट्रेनिंग सेंटर..''

अजी ! मैंने पढ़ लिया है, तुम्हारे लायक है, इससे सभी के पति आदर्शवादी हो जायेंगे। यह सुनकर मेरे दिमाग का मीटर कांपने लगा। चाय भी कड़वी लगने लगी। सामने बैठी श्रीमती मुझे मेरा बॉस नज़र आने लगी। अब तो मेरा गिड़गिड़ाना स्वभाविक था। देखिए मैडम, इतने सारे काम तो मैं कर देता हूँ फिर ये ट्रेनिंग लेने की क्या जरूरत है ? एकदम बेकार ट्रेनिंग होगी। उससे ज्यादा तो मैं जानता ही हूँ।'' मैंने श्रीमती को मक्खन लगा कर नर्म करना चाहा।, ''पर आपको यह ट्रेनिंग लेनी ही चाहिए वर्ना कल को पड़ोसिनें कहेंगी ''कैसी कंजूस है मिसेज शर्मा ? अपने पति को ट्रेनिंग भी न आप अभी सेन्टर जाइए और फार्म ले आइए।''

एक घंटे की सघन तलाशी के बाद शहर के निर्जन क्षेत्र में मैंने उस सेन्टर को खोज निकाला। वह मकान मुझे भूतहा लगा, डर लगने लगा। सोचा वापस लौट जाऊँ। पर खाली हाथ लौटने का रिस्क मैं नहीं ले सकता था, लिहाजा अंदर दाखिल हुआ तो देखा की एक अधेड़ तंदुरूस्त, खूबसूरत महिला बैठी है।

मेरे अभिवादन पर उसने फार्म पकड़ा दिया और बोली - ''इसे भरकर कल लेते आइए''

घर आते ही पत्नी ने तुरंत फार्म भरा, और बोली - ''आज ही फार्म दे आइए ताकि कल से ही आप जा सकें। मैं उल्टे पांव सरपट भागा। अगले दिन मुझे ट्रेनिंग सेन्टर के विशाल कँटिदार मैदान में ले जाया गया। वहाँ मेरे जैसे और भी पति आए हुए थे। कुछ तो मेरे परिचित ही निकले।

अगले दिन सुबह-सुबह हमारी परेड शुरू हो गई, चार घंटे बगैर चाय नाश्ता के खुले मैदान में खड़ा रहा और भूखे रहने का अभ्यास करता रहा। तभी एक अन्य महिला ट्रेनर आई और जूते-चप्पल, टूटे-फूटे बर्तन बोरे में से निकाल कर मुझ पर फेंकने लगी। मैं चिल्लाया ''यह आप क्या कर रही हैं ! अपने पति का गुस्सा मुझ पर क्यों निकाल रही हैं ?'' वह चिल्लाई - ''शटअप, चिल्लाओ मत, जुबान बंद रखो और चुपचाप मार सहते जाओ। आपको सहनशील बनाया जा रहा हैं। पत्थर की मूर्ति की तरह बर्दाश्त करने का अभ्यास कीजिए, आदर्श पति में यह गुण होना जरूरी हैं'' थोड़ी देर बाद उसने कहा- ''अब आपलोग किचन में जायेंगे। ''मैंने भगवान को धन्यवाद दिया - ''चलो कम से कम दोपहर का खाना तो नसीब होगा। जब किचन पहुँचा तो वहाँ अजीव भंयकर दृश्य था। एक अन्य महिला हाथ में हंटर लिए अपना लेक्चर शुरू कर चुकी थी। वह कह रही थी - ''अब आपको रसोईघर के बर्तनों को इस्तेमाल करना तथा नाना प्रकार के विदेशी व्यंजन बनाना सिखाया जायेगा। पर याद रहे, एक भी बर्तन टूटना नहीं चाहिए वर्ना...........'' इस बात को सुनकर मुझे चक्कर आने लगे।

इसके बाद वाले दिनों में हमें बच्चों की देख-भाल, सौन्दर्य प्रसाधन का इस्तेमाल, वक्त पड़ने पर बहरा होने का अभ्यास, पत्नी की हर आज्ञा के सामने सर झुकाने का योगा-अभ्यास, तथा घरेलू मुद्दों पर गुंगा रहने का अभ्यास कराया गया।

अंतिम दिन प्राचार्या ने मुझे ए-ग्रेड आदर्श पति का प्रमाण देते हुए कहा - ''मुझे आशा है कि हमारी मिलिटरी स्टाईल ट्रेनिंग के बाद आपको दुबारा आने की जरूरत नहीं पड़ेगी।'' विदाई समारोह के बाद मैं सीधे घर की तरह भागा। वहाँ देखा श्रीमती हाथ में हार लिए इंतजार कर रही हैं, मुहल्ले के सभी लोग अपने हाथों में फूल लिए मेरे स्वागत में खड़े हैं। मुझे खुद पर ट्रेंड-पति होने का गर्व हो रहा था। पत्नी ने स्वागत करते हुए कहा - ''मुझे खुशी है कि मेरे पति पूरे मुहल्ले में एक ऐसे व्यक्ति हैं जो प्रशिक्षण लेकर आदर्श पति बने हैं।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

## आज का दोहा

वर्दी पहनी झूठ की, पहना वही लिबास।
मजलिस में भी शब्द बम, छोड़े किया निराश।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)




# पाकिस्तान का पोस्ट और ड्रोन लॉन्च पैड तबाह

**जंग जारी**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)** भारतीय सेना ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के एक पोस्ट और आतंकवादी लॉन्च पैड को पूरी तरह तबाह कर दिया है। यह वह पोस्ट है जहां से ट्यूब लॉन्च किए गए ड्रोन भारत में हमले के लिए भेजे जा रहे थे। यह पाकिस्तान की नापाक हरकतों पर एक और करारा जवाब है। दरअसल, पाकिस्तान द्वारा बिना किसी उकसावे के ड्रोन हमलों में वृद्धि की गई है। पाकिस्तान की इस हरकत पर भारतीय एयर डिफेंस ने त्वरित कार्रवाई की है। शनिवार सुबह लगभग 5 बजे, पंजाब के अमृतसर स्थित खासा कैंट इलाके में दुश्मन के कई सशस्त्र ड्रोन देखे गए। भारतीय वायु रक्षा यूनिट्स ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी दुश्मन ड्रोन को नष्ट कर दिया। भारतीय सेना के मुताबिक, पाकिस्तान द्वारा भारत की संप्रभुता का उल्लंघन और नागरिकों की सुरक्षा को खतरे में डालना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। भारतीय सेना का कहना है कि वे दुश्मन की हर साजिश को नाकाम करेंगे। सेना के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर के बारामुला से लेकर गुजरात के भुज तक, पाकिस्तान से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर 26 स्थानों पर पाकिस्तान के ड्रोन देखे गए हैं। इन ड्रोन में से कई सशस्त्र ड्रोन बताए जा रहे हैं। ये ड्रोन सैन्य और नागरिक ठिकानों के लिए खतरा बन सकते थे। ड्रोन गतिविधियों की जानकारी जिन स्थानों से मिली है, उनमें बारामुला, श्रीनगर, अवंतीपोरा, नगरोटा, जम्मू, फिरोजपुर, पठानकोट, फाजिल्का, लालगढ़ जट्टा, जैसलमेर, बाड़मेर, भुज, कुवारबेट और लखी नाला शामिल हैं। श्रीनगर हवाई अड्डे और दक्षिण कश्मीर के अवंतीपोरा एयरबेस समेत कई प्रतिष्ठानों पर इन ड्रोन हमलों को नाकाम कर दिया गया।

## अफवाहों पर ध्यान न दें, केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं जारी : सीएम धामी

**देहरादून (आईएएनएस)**



उत्तराखंड की चारधाम यात्रा को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। केदारनाथ यात्रा के लिए देवभूमि आने वाले श्रद्धालुओं को हेली सेवाएं लगातार मिलती रहेंगी। इसकी जानकारी खुद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए दी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। इसके साथ ही सीएम धामी ने बताया कि अब तक 4 लाख से अधिक श्रद्धालु धामों के दर्शन कर चुके हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें चलाई जा रही थीं, जिसमें दावा किया गया था कि उत्तराखंड सरकार ने भारत-पाकिस्तान तनाव को लेकर अगले आदेश तक हेली सेवाएं बंद कर दी हैं। हालांकि, इस दावे को लेकर राज्य सरकार की तरफ से बयान सामने आया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "प्रिय श्रद्धालुगण, प्रदेश में चारधाम यात्रा निर्बाध रूप से संचालित है। अब तक 4 लाख से अधिक श्रद्धालु धामों के दर्शन कर चुके हैं। श्री केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं भी पूरी तरह से संचालित हैं।" उन्होंने आगे लोगों से अपील करते हुए कहा, "आपसे निवेदन है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। प्रदेश सरकार आपके यात्रा अनुभव को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। किसी भी जानकारी और सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1364 और 0135-1364 पर कॉल कर सकते हैं।" इससे पहले सीएम पुष्कर धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''देवभूमि उत्तराखंड में प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण चारधाम यात्रा हेतु पधारते हैं, हमारी सरकार द्वारा यात्रा को सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। यह बेहतर हो रही व्यवस्थाओं का ही परिणाम है कि मात्र 9 दिनों में 4 लाख से अधिक श्रद्धालु चारों धामों में दर्शन कर चुके हैं।

**राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी**

## रावलपिंडी में लहराएगा भारत का तिरंगा

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**



आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने हाल ही में सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान को एक सख्त चेतावनी दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि भारत कभी किसी को पहले नहीं छेड़ता, लेकिन अगर कोई भारत की तरफ आंख उठाकर देखे, तो उसे छोड़ा भी नहीं जाता। राघव चड्ढा ने कहा, "यह भारत का उसूल है- न हम किसी को पहले छेड़ते हैं, न ही बाद में किसी को छोड़ते हैं। हम 140 करोड़ लोग चट्टान की तरह अपनी सेना के साथ खड़े हैं। भारत शांति चाहता है, लेकिन सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा।" उन्होंने आगे कहा कि भारत की धरती महात्मा बुद्ध की भूमि है, लेकिन यह अर्जुन और भीम जैसे महावीर योद्धाओं की भी भूमि है। चड्ढा ने पाकिस्तान को चेताते हुए कहा कि अगर उसने भारत की संप्रभुता को चुनौती दी, तो परिणाम बेहद गंभीर होंगे। उन्होंने कहा, "हमारी वायु रक्षा प्रणाली दुश्मन की मिसाइलों को मच्छर की तरह मसल रही है। हमारे पास वह ताकत है जो किसी भी खतरे को मुंहतोड़ जवाब दे सकती है।

**प्रधानमंत्री सेना प्रमुखों से की मुलाकात**

# पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की जानकारी ली

**प्रधानमंत्री की निगरानी**

- पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को रक्षा और सैन्य शीर्ष नेतृत्व के साथ उच्च स्तरीय बैठक की
- यह बीते 24 घंटों में दूसरी बार रक्षा मंत्री, सेना प्रमुखों और एनएसए के साथ बैठक थी



- रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहमयार खान और सियालकोट जैसे पाक सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले।

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'ऑपरेशन सिंदूर' पर नजर बनाए हुए हैं। शनिवार को इसी सिलसिले में उन्होंने एक महत्वपूर्ण बैठक की अगुवाई की। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी शामिल रहे। यह बैठक ऐसे समय में हुई जब भारत ने पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को पूरी तरह से विफल कर दिया है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को इस दौरान पाकिस्तान द्वारा किए गए हमले, भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई और सैन्य तैयारियों की पूरी जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री लगातार हर घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं। बीते 24 घंटे में प्रधानमंत्री मोदी की सेना प्रमुखों और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ यह दूसरी और महत्वपूर्ण बैठक है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को भी ऐसी ही एक बैठक की अध्यक्षता की थी। यह भी बताया गया, "पाकिस्तान की इन हरकतों के बाद तुरंत जवाबी हमले का एक्शन लिया गया। रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहमयार खान पर पाक सैन्य ठिकानों पर सटीक हथियारों और लड़ाकू जेट से हमला किया गया। सियालकोट का एयरबेस भी टारगेट किया गया।

## पाकिस्तान के हमलों के बीच भारत की सख्त जवाबी तैयारी, एयरबेस, अस्पताल और स्कूल बने निशाना

'ऑपरेशन सिंदूर' पर विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पाकिस्तान के साथ जारी तनाव पर सैन्य अधिकारियों ने कहा कि उधमपुर, पठानकोट, आदमपुर और भुज एयरबेस को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा, पाकिस्तान ने मिसाइलें दागीं और अस्पताल तथा स्कूल को निशाना बनाया गया। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने एयर फोर्स स्टेशन सिरसा और एयर फोर्स स्टेशन सूरतगढ़ के शनिवार सुबह की फोटो दिखाईं और कहा कि ये सुरक्षित हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया, "पाकिस्तानी सेना पश्चिमी सीमाओं पर लगातार हमले कर रही है, उसने भारत के सैन्य ठिकानों पर हमला करने के लिए ड्रोन, लंबी दूरी के हथियार, युद्धक हथियार और लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया है। भारत ने कई खतरों को नाकाम कर दिया, लेकिन पाकिस्तान ने 26 से अधिक स्थानों पर हवाई मार्ग से घुसपैठ करने की कोशिश की। पाकिस्तान ने पंजाब के वायुसेना बेस को निशाना बनाने के लिए रात 1:40 बजे हाई-स्पीड मिसाइलों का इस्तेमाल किया। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं और स्कूलों पर भी हमला किया।"

## 'सब्र का बांध' टूटा तो पाकिस्तान में तबाही आएगी : मंगल पांडेय

**पटना (आईएएनएस)**



भारत-पाकिस्तान तनाव को लेकर बिहार सरकार में मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि पाकिस्तान नापाक हरकतें लगातार कर रहा है। ड्रोन, मिसाइल दाग कर वह भारतीय नागरिकों को टारगेट कर रहा है। भारतीय सेना संयमित होकर पाकिस्तान की हर नापाक हरकत का मुंहतोड़ जवाब दे रही है। लेकिन, अगर हमारी सेना का सब्र का बांध टूटा तो पाकिस्तान में तबाही आएगी। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान बिहार सरकार में मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने उन आतंकी ठिकानों पर वार किया, जहां भारत के भीतर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता था और जहां आतंकी शरण लेते थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के राजनीतिज्ञ और सैन्य अधिकारी न केवल मारे गए आतंकियों के जनाजे में शामिल हुए, बल्कि उन्हें सम्मान भी दिया, जिससे आतंकवाद के प्रति उनकी निष्ठा स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। भारत की ओर से भी कड़ा जवाब दिया जा रहा है।

## ये पीएम मोदी का समय है, दुश्मन एक नहीं सौ बार सोचता है : सीएम मोहन

**सीहोर (आईएएनएस)**



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि यह नया भारत है, इसे कोई छेड़ेगा तो उसे छोड़ेंगे नहीं। सीहोर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री यादव ने भारत की सेना द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के सवाल पर संवाददाताओं से बातचीत की। उन्होंने कहा, "आज भारत बदल गया है, यह पुराना जमाना नहीं है, जब हम वैश्विक जैसे न जाने कितने तरह के मुद्दे लेकर चलते थे और कांग्रेस के शासन काल में हमारे सैनिकों के सिर काट लिए जाते थे। हमारी सेना बार-बार ऑर्डर मांगती थी, सरकार से ऑर्डर मांगती थी और कहती थी कि उसे सिर्फ ऑर्डर मिल जाए तो वह निपट लेंगे। लेकिन अब समय बदल गया है। आज का समय ऐसा है कि दुश्मन एक बार नहीं, सौ बार सोचता है जब भारत की तरफ देखने का साहस करता है। कोई भारत को छेड़ेगा तो भारत उसे छोड़ेगा नहीं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समय है।" इससे पहले शुक्रवार को मुख्यमंत्री यादव ने कहा था कि हमें अपनी सेना पर पूरा विश्वास है। हमारी सेना मजबूती से राष्ट्र की सीमाओं पर तैनात है।

## मीडिया चैनलों को सिविल डिफेंस एयर रेड सायरन के उपयोग से बचने की केंद्र की सलाह

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्र सरकार ने सभी समाचार चैनलों को अपने कार्यक्रमों में 'सिविल डिफेंस एयर रेड सायरन' की आवाज का उपयोग करने से बचने के लिए परामर्श जारी किया है। असल में इस सायरन का उपयोग केवल सामुदायिक जागरूकता अभियान के लिए किया जाता है। एक एडवाइजरी में महानिदेशालय अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड ने कहा कि सिविल डिफेंस एक्ट, 1968 के सेक्शन 3 (1) (डब्ल्यू) (i) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सभी मीडिया चैनलों से अनुरोध है कि वे समुदाय को शिक्षित करने के अलावा अपने कार्यक्रमों में नागरिक सुरक्षा हवाई हमले के सायरन की आवाज़ का उपयोग करने से बचें।"इसमें कहा गया है कि सायरन के नियमित उपयोग से हवाई हमलों के सायरन के प्रति नागरिकों की संवेदनशीलता कम हो सकती है और नागरिक इसे मीडिया चैनलों द्वारा वास्तविक हवाई हमलों के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली नियमित बात समझ सकते हैं। इसमें आगे कहा गया कि अधिकारी नागरिक सुरक्षा अधिनियम, 1968 के अनुसार नागरिक सुरक्षा तैयारियों को बढ़ाने में सहायता के लिए तत्पर हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच 15 मई तक बंद रहेंगे भारत के 32 एयरपोर्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और संबंधित विमानन अधिकारियों ने नोटिस टू एयरमेन (नोटम) जारी कर उत्तरी और पश्चिमी भारत के 32 हवाई अड्डों को सभी नागरिक उड़ान संचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की है। ये आदेश 15 मई तक प्रभावी रहेगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सुबह के ताजा अपडेट में कहा, "परिचालन कारणों से यह बंद 15 मई 2025 को भारतीय समयानुसार 05:29 बजे तक रहेगा।"इन प्रभावित हवाई अड्डों में आदमपुर, अंबाला, अमृतसर, अवंतीपोरा, बठिंडा, भुज, बीकानेर, चंडीगढ़, हलवारा, हिंडन, जैसलमेर, जम्मू, जामनगर, जोधपुर, कांडला, कांगड़ा (गग्गल), केशोद, किशनगढ़, कुल्लू मनाली (भुंतर), लेह, लुधियाना, मुंद्रा, नालिया, पठानकोट, पटियाला, पोरबंदर, राजकोट (हीरासर), सरसावा, शिमला, श्रीनगर, थोइस और उत्तरलई शामिल हैं। इस अवधि के दौरान इन हवाई अड्डों पर सभी नागरिक उड़ान गतिविधियां निलंबित रहेंगी। एएआई ने दिल्ली और मुंबई फ्लाइट इन्फॉर्मेशन रीजन में हवाई यातायात सेवा (एटीएस) के 25 मार्गों को भी परिचालन कारणों से अस्थायी रूप से बंद करने का फैसला किया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा, "नोटम जी0555/25 (जो जी0525/25 को प्रतिस्थापित करता है) के अनुसार, 25 मार्ग खंड 14 मई 2025 को 2359 यूटीसी (15 मई 2025 को 0529 भारतीय समयानुसार) तक ग्राउंड लेवल से लेकर असीमित ऊंचाई तक अनुपलब्ध रहेंगे।

## पाकिस्तानी ड्रोन के निशाने पर थे निर्दोष नागरिक, भारतीय सेना ने मार गिराया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय सेना की वायु रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के हमले को नाकाम कर दिया है। पाकिस्तान ने हमला ड्रोन के जरिए शनिवार की सुबह किया। हालांकि, पहले से सतर्क भारतीय सेना के आगे पाकिस्तान की एक नहीं चली और उसके ड्रोन जमीन पर औंधे मुंह गिरे। बड़ी बात यह है कि पाकिस्तान की सेना ने विस्फोटकों से भरे ड्रोन भारतीय आबादी क्षेत्र में भेजे थे। इनका मकसद पंजाब में सामान्य नागरिकों के ठिकानों पर हमला करना था। पाकिस्तान के ड्रोन भारत में ज्यादा से ज्यादा सामान्य नागरिकों को नुकसान पहुंचाना चाहते थे। लेकिन, पाकिस्तान के नापाक मंसूबे को भारतीय सेना ने पूरी तरह से विफल कर दिया।

**भारतीय सेना के जज्बे को सलाम**

# 72 घंटे में ही पाकिस्तान के सैकड़ों ड्रोन मिसाइल कर दिए तबाह: राजीव रंजन

**पटना(आईएएनएस)**



ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई का जवाब भारत ने पाकिस्तान के तीन एयरबेस को टारगेट कर दिया है। भारत की इस कार्रवाई पर जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि पाकिस्तान लगातार नापाक हरकत कर रहा है और भारतीय सेना की ओर से उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। 72 घंटे के भीतर भारत ने पाकिस्तान के सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलों को नष्ट किया। शनिवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि मैं भारतीय सेना के जज्बे को सलाम करता हूं। उन्होंने बहुत धैर्य के साथ पाकिस्तान की उकसावे वाली हरकतों का ऐसा जवाब दिया है कि महज 72 घंटे के अंदर पाकिस्तान में मौजूद कई आतंकी ठिकानों, उनके सैन्य प्रतिष्ठानों और पुलिस स्टेशनों को नष्ट कर दिया है। सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलों को भारत ने मार गिराया है। उन्होंने पाकिस्तान को चेताया, " पाकिस्तान अगर अभी भी नहीं संभला तो भारत सख्त कार्रवाई करेगा। पाकिस्तान लगातार भारतीय नागरिकों को निशाना बना रहा है। लेकिन, हमारी वायुसेना का राफेल गुरुर है। राफेल के होने से हमारी डिफेंस में अभूतपूर्व समृद्धि आई है। भारत के एयर डिफेंस में जो उपकरण इस्तेमाल किया जा रहा है वह पाकिस्तान के किसी भी हमले को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।" जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि पीएम मोदी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठकें हो रही हैं। सीसीएस की बैठक हो या फिर दूसरी बैठकें। खुफिया विभाग से लगातार पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह लगातार संवाद कर रहे हैं। भारतीय सेना को खुली छूट दी गई है वह अपनी रणनीति के तहत पाकिस्तान की नापाक हरकत को मुंहतोड़ जवाब दें।

**आईएमएफ के फैसले से उमर अब्दुल्ला हैरान, पूछा**

# कैसे होगा तनाव कम, जब पाकिस्तान फंड का इस्तेमाल तबाही मचाने में कर रहा

**जम्मू (आईएएनएस)**



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आईएमएफ के पाकिस्तान को दिए गए फंड पर हैरानी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए अपना दुख और रोष जाहिर किया। हैरान अब्दुल्ला ने लिखा, " मुझे समझ नहीं आता कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय उपमहाद्वीप में बढ़ते तनाव को कैसे कम करने के बारे में सोच सकता है। जब आईएमएफ पाकिस्तान को उन सभी हथियारों के लिए पैसे दे रहा है जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान पुंछ, राजौरी, उरी, तंगधार और कई अन्य स्थानों को तबाह करने के लिए कर रहा है।" उमर अब्दुल्ला ने शनिवार सुबह दो पोस्ट डाले। पहले में जम्मू कश्मीर प्रशासनिक अधिकारी की पाक गोलाबारी में मौत पर दुख जताया और दूसरे में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के फैसले पर हैरानी जताई। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सुबह पाकिस्तान की ओर से हुई भारी गोलाबारी और बमबारी में राज कुमार थापा शहीद हो गए। थापा जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक सेवा में एडिशनल डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कमिश्नर के पद पर तैनात थे। सीएम ने दुख जताते हुए लिखा- ''राजौरी से आई दिल दहला देने वाली खबर। हमने जम्मू-कश्मीर प्रशासन सेवा के अधिकारी को खो दिया। अभी कल ही वे उपमुख्यमंत्री संग जिले का दौरा कर रहे थे और मेरी अध्यक्षता में हुई ऑनलाइन बैठक में भी शामिल हुए थे। आज उनके आवास पर पाकिस्तान की ओर से गोलाबारी हुई, इसमें राजौरी के एडिशनल डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कमिश्नर राज कुमार थापा शहीद हो गए।''उमर अब्दुल्ला शुक्रवार को जम्मू भी पहुंचे। उन्होंने प्रभावित इलाकों का दौरा किया और जमीनी हकीकत से रूबरू हुए। मुख्यमंत्री जम्मू और सांबा जिलों में स्थापित मिश्रीवाला, नागबनी, बिश्नाह और ठंडी खुई में शिविरों और आवास केंद्रों का भी दौरा किया था। पिछले तीन दिनों से पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में ड्रोन हमले कर रहा था, जिनमें से ज्यादातर ड्रोन भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने नष्ट कर दिए। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह श्रीनगर में दो जोरदार धमाके हुए, वहीं जम्मू के अखनूर कस्बे में तीन बड़े धमाकों की आवाज सुनाई दी। पुंछ में भी इस तरह के धमाके सुने गए। पुंछ में बाजार बंद हैं और जम्मू, सांबा, कठुआ, राजौरी और पुंछ जिलों के स्कूल-कॉलेज भी बंद कर दिए गए हैं।

**भारत-पाक तनाव के बीच फेक न्यूज की भरमार**

## पीआईबी फैक्ट चेक ने किया फेक न्यूज का ऑपरेशन

**नई दिल्ली (हि.स.)**

भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे भारी तनाव, गोलाबारी के बीच सोशल मीडिया पर फेक न्यूज की बाढ़ आ गई है। सोशल मीडिया पर भारत-पाक के बीच चल रहे तनाव को लेकर चल रही फेक खबरों का पीआईबी फैक्ट चेक ने खंडन करते हुए लोगों को सर्तक रहने की सलाह दी है। फेक खबरों की सूची जारी करते हुए पीआईबी फैक्ट चेक की तरफ से शनिवार को बताया गया कि उधमपुर एयरबेस को नष्ट करने की गलत खबरें चलाई जा रही हैं, जबकि उधमपुर एयरबेस चालू है। एआईके न्यूज' द्वारा लाइव टीवी पर प्रसारित वीडियो में दावा किया गया है कि पाकिस्तान ने उधमपुर एयरबेस को नष्ट कर दिया है। पीआईबी फैक्ट चेक ने बताया कि प्रसारित वीडियो राजस्थान के हनुमानगढ़ की एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने की घटना से संबंधित है, जिसका भारत-पाकिस्तान की मौजूदा स्थिति से कोई संबंध नहीं है। इसके साथ विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर को माफी मांगते हुए दिखाते हुए एक छेड़छाड़ किया हुआ वीडियो ऑनलाइन प्रसारित हो रहा है। पीआईबी फैक्ट चेक ने बताया कि यह वीडियो एआई द्वारा जनरेट किया गया है और झूठे प्रचार का हिस्सा है। इसके साथ एक भारतीय वायुसेना विमान दुर्घटना का पुराना वीडियो गलत संदर्भ में शेयर किया जा रहा है।

# विराट कोहली भी लेना चाहते हैं टेस्ट से संन्यास

- 14 साल लंबे शानदार करियर पर विराम लगाएंगे
- 123 टेस्ट कोहली ने अभी तक खेला है
- 68 में कप्तानी की और 46.85 की औसत से 9230



**मुंबई।** रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के कुछ दिन बाद स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड में 20 जून से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की बड़ी सीरीज से पहले बीसीसीआई को सूचित किया है कि वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना चाहते हैं। माना जा रहा है कि वह इस सीरीज के लिए टीम का हिस्सा होंगे।
जानकारी के अनुसार, कोहली पिछले एक महीने से बीसीसीआई अधिकारियों के साथ इस बारे में चर्चा कर रहे थे। अगर कोहली ने अपना मन नहीं बदला, तो वह 14 साल लंबे शानदार करियर पर विराम लगाएंगे, जिसमें उन्होंने 123 टेस्ट खेले, जिनमें से 68 में कप्तानी की और 46.85 की औसत से 9230 रन बनाए हैं।
हालांकि हाल के समय में टेस्ट क्रिकेट में उनका प्रदर्शन खास नहीं रहा है। जब उन्होंने नवंबर 2024 में पर्थ टेस्ट में 100 रन बनाए, तो वह उनका जुलाई 2023 (वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में) के बाद पहला टेस्ट शतक था। उनका औसत, जो 2019 में पुणे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ करियर बेस्ट 254 रन बनाने के बाद 55.10 था, पिछले 24 महीनों में गिरकर 32.56 हो गया है।
इसके बावजूद, यह समझा जा रहा है कि टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ता इस दौरे पर कोहली के अनुभव को बेहद महत्वपूर्ण मानते हैं, जहां भारत एक नए कप्तान की अगुआई में खेलेगा। शुभमन गिल सबसे आगे हैं रोहित शर्मा की जगह लेने की दौड़ में, जिन्होंने इसी सप्ताह की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी।
रोहित के अलावा भारत के पास आर अश्विन भी नहीं हैं, जिन्होंने 2024-25 की ऑस्ट्रेलिया सीरीज के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे इस समय टीम में नहीं हैं, और मोहम्मद शमी की फॉर्म भी लंबे समय की चोट के बाद वापसी में सवालों के घेरे में है। ऐसे में कोहली, रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह के साथ मिलकर गिने-चुने सीनियर खिलाड़ियों में शामिल हैं। इससे पहले कि रोहित ने कोहली से टेस्ट कप्तानी की कमान संभाली, भारत ने कोहली की कप्तानी में खेले गए 68 टेस्ट मैचों में से 40 में जीत हासिल की और केवल 17 में हार मिली। ये 40 जीतें कोहली को भारत का सबसे सफल टेस्ट कप्तान बनाती हैं। महेंद्र सिंह धोनी ने 60 में से 27 और सौरव गांगुली ने 49 में से 21 टेस्ट जीते थे।

# भारत का लक्ष्य श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना

एजेंसी

**कोलंबो।** भारत रविवार को आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले महिला वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में मेजबान श्रीलंका से भिड़ने पर सभी विभागों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए दृढ़ संकल्पित होगा। रविवार के फाइनल के लिए, श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने घोषणा की है कि प्रशंसक स्टेडियम में मुफ्त में फाइनल देख सकेंगे।
लीग चरण में श्रीलंका के खिलाफ ही भारत को त्रिकोणीय श्रृंखला में अपनी एकमात्र हार का सामना करना पड़ा था और रविवार का मुकाबला उन्हें चामरी अथापथु की अगुवाई वाली टीम पर पलटवार करने का मौका देता है, साथ ही फाइनल खेलने के दबाव का सामना करने का भी मौका देता है - ऐसा कुछ जो उन्हें इस साल के वनडे विश्व कप की तैयारी में भी मदद करेगा।
भारतीय बल्लेबाजी के नजरिए से, जेमिमा रोड्रिग्स 67 की औसत से 201 रन बनाकर उनकी सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रही हैं - जिसमें पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार 123 रन भी शामिल हैं।



**भारत:** प्रतीका रावल, स्मृति मंधाना, हरलीन देयोल, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्री चरणी, स्नेह राणा, शुचि उपाध्याय, क्रांति गौड़, यास्तिका भाटिया, तेजल हसब्निस और

फीफा 2031 संस्करण

# महिला विश्व कप में 48 टीमों को शामिल करने की मिली मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) ने शुक्रवार को फीफा परिषद की बैठक के बाद घोषणा की है कि उन्होंने 2031 संस्करण से महिला विश्व कप में भाग लेने वाली टीमों की संख्या 32 से बढ़ाकर 48 करने का फैसला किया है। आभासी रूप से आयोजित बैठक में लिए गए इस निर्णय से प्रतिनिधित्व काफी व्यापक हो जाएगा, ज्यादा देशों और खिलाड़ियों को शीर्ष प्रतियोगिता तक पहुंच मिलेगी और दुनिया भर में महिला फुटबॉल में निवेश में तेजी आएगी। 48 टीमों वाला फीफा महिला विश्व कप 12-समूह प्रारूप अपनाएगा, जिसमें मैचों की कुल संख्या 64 से बढ़कर 104 हो जाएगी और टूर्नामेंट एक सप्ताह आगे बढ़ जाएगा। फीफा महिला विश्व कप के 2031 और 2035 संस्करणों के लिए मेजबानी की आवश्यकताओं को तदनुसार अनुकूलित किया गया है। फीफा अध्यक्ष जियानी इनफैंटिनो ने कहा, "यह सिर्फ फीफा महिला विश्व कप में 16 और टीमों के खेलने के बारे में नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करके सामान्य रूप से महिलाओं के खेल के बारे में अगला कदम उठाना है कि अधिक फीफा सदस्य संघों को टूर्नामेंट से लाभ उठाने का मौका मिले और वे समग्र दृष्टिकोण से अपनी महिला फुटबॉल संरचनाओं को विकसित कर सकें।" फीफा महिला विश्व कप 2023, पहला ऐसा विश्व कप है जिसमें सभी संघों की टीमों ने कम से कम एक मैच जीता और पांच संघों की टीमें नॉकआउट चरण में पहुंचीं, कई अन्य रिकॉर्डों के अलावा, इसने वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए एक नया मानक स्थापित किया।



> "यह एक ऐतिहासिक पहल है। फीफा हर लड़की को फुटबॉल खेलने का मौका देने के लिए प्रतिबद्ध है।"
> **फीफा अध्यक्ष**

# तीरंदाजी विश्व कप स्टेज 2 में भारत ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते

**शंघाई।** भारत ने शनिवार को शंघाई में हुए आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज 2 में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक अपने नाम किए। पुरुषों की कंपाउंड टीम ने स्वर्ण, महिलाओं की टीम ने रजत और मिक्स्ड टीम ने कांस्य पदक जीता। पुरुषों की कंपाउंड टीम में अभिषेक वर्मा, ओजस देओताले और ऋषभ यादव शामिल थे। इस टीम ने फाइनल में मेक्सिको को 232-228 अंकों से हराकर स्वर्ण पदक जीता। सेमीफाइनल में भारत ने डेनमार्क को 232-231 से हराया था। इस टीम ने क्वालीफाई राउंड में सबसे अधिक 2134 अंक हासिल किए थे, जिससे उन्हें पहले राउंड में बाय (सीधा प्रवेश) मिला। इसके बाद उन्होंने क्वार्टरफाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को 239-232 से हराकर आगे का सफर तय किया। महिलाओं की कंपाउंड टीम में ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा धमांगांवकर और चिकिता तनीपार्थी ने रजत पदक जीता। फाइनल में भारत को मजबूत मेक्सिको टीम से 221-234 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि हार एकतरफा थी, लेकिन पूरे टूर्नामेंट में भारतीय महिलाओं ने शानदार प्रदर्शन किया और दूसरा स्थान हासिल किया। महिला टीम ने भी क्वालिफिकेशन में सबसे ज्यादा 2114 अंक बनाकर पहले राउंड में बाय पाया था। उन्होंने क्वार्टरफाइनल में कजाखस्तान को 232-229 और फिर सेमीफाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को 232-230 से हराया। ग्रेट ब्रिटेन की टीम में दुनिया की नंबर एक तीरंदाज एला गिब्सन भी शामिल थीं।



# मो. अफजल ने तोड़ा पुरुषों के 800 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड, दुबई में रचा इतिहास

**दुबई।** एशियाड सिल्वर मेडलिस्ट मोहम्मद अफजल ने शुक्रवार को दुबई में आयोजित यूएई एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों के 800 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना डाला। अफजल ने 1 मिनट 45.61 सेकंड में रेस पूरी कर 2018 में जिन्सन जॉनसन द्वारा बनाए गए 1:45.65 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। 29 वर्षीय अफजल ने यह कारनामा वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर के ब्रॉन्ज लेवल मुकाबले में किया, जो दुबई पुलिस स्टेडियम में आयोजित हुआ था। हालांकि वे रेस में केन्या के निकोलस किप्लागट से पीछे रह गए, जिन्होंने 1:45.38 सेकंड में रेस जीत ली।वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए क्वालिफिकेशन समय नहीं छू सके हालांकि अफजल ने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड तो बनाया, लेकिन वह 2025 वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए ऑटोमैटिक क्वालिफिकेशन टाइम 1:44.50 सेकंड को पार नहीं कर सके। इससे पहले उन्होंने 2023 हांगझो एशियन गेम्स में 800 मीटर में सिल्वर मेडल जीता था, जहां उनका समय 1:48.43 सेकंड था।

# नोवाक जोकोविच जेनेवा ओपन में खेलेंगे

**नई दिल्ली।** नोवाक जोकोविच इस सीजन पहली क्ले कोर्ट जीत की तलाश में जेनेवा ओपन में उतरेंगे। टूर्नामेंट आयोजकों ने शुक्रवार को पुष्टि की कि सर्बियाई स्टार 17 से 24 मई तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। यह फ्रेंच ओपन से पहले खिलाड़ियों के लिए अंतिम वार्मअप टूर्नामेंट है। छठे वरीयता प्राप्त जोकोविच इस साल यूरोपीय क्ले कोर्ट सीजन में अब तक जीत नहीं दर्ज कर सके हैं। वे मोंटे कार्लो और मैड्रिड ओपन में जल्दी बाहर हो गए थे। उनका रिकॉर्ड अब तक 0-2 का है। इस बार वे अपने करियर का 100वां खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगे।

# आईपीएल: विदेशी खिलाड़ियों ने भारत छोड़ना शुरू किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अगर मई में आईपीएल दोबारा शुरू होता है, तो बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद को आईपीएल 2025 के बचे हुए 16 मुकाबलों की मेजबानी के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। ईएसपीएन क्रिकइंफो को जानकारी मिली है कि अगर भारत सरकार से हरी झंडी मिलती है, तो इन तीन शहरों में टूर्नामेंट को दोबारा शुरू करने की योजना पर काम किया जा सकता है।
भारत-पाकिस्तान के बीच सीमा पर बढ़े तनाव को देखते हुए बीसीसीआई ने शुक्रवार को आईपीएल को एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया था। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बीसीसीआई ने टूर्नामेंट को दोबारा शुरू करने के लिए कोई अंतिम तारीख तय की है या नहीं।
हालांकि बीसीसीआई ने इन तीन वेन्यू को तैयार रखने का फैसला पहले ही ले लिया है, लेकिन अधिकारियों ने माना है कि मौजूदा हालात में आईपीएल को जल्दी शुरू करना चुनौतीपूर्ण होगा। फ्रेंचाइजियों को शुक्रवार को अनौपचारिक रूप से इसकी जानकारी दे दी गई थी, और कई टीम अधिकारियों ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से बातचीत में संकेत दिया कि टूर्नामेंट के बचे हुए मैच इस साल के बाद के हिस्से में कराए जा सकते हैं।
अगर मई में आईपीएल दोबारा शुरू होता है, तो बीसीसीआई के सामने सबसे बड़ी चुनौती विदेशी खिलाड़ियों को वापस लाना होगा। जैसे ही स्थगन की घोषणा हुई, खिलाड़ी अपने-अपने देशों के लिए पहली उपलब्ध फ्लाइट से रवाना होने लगे। उम्मीद है कि शनिवार तक ज्यादातर विदेशी खिलाड़ी भारत छोड़ देंगे।
फ्रेंचाइजियों को उम्मीद है कि अगर टूर्नामेंट मई के आखिरी हिस्से में दोबारा शुरू होता है, तो ज्यादातर विदेशी खिलाड़ी लौट सकते हैं। लेकिन उन्होंने यह भी माना कि अगर टूर्नामेंट की विंडो 25 मई से आगे जाती है तो फिर कोई गारंटी नहीं होगी। इसकी वजह कई खिलाड़ियों की द्विपक्षीय सीरीज की व्यस्तता और ऑस्ट्रेलिया तथा दक्षिण अफ्रीका के बीच 11 जून से लॉर्ड्स में शुरू होने वाला वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल है।
आईपीएल 2025 के अब तक 57 मुकाबले पूरे हो चुके हैं और 58वां मैच आठ मई को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच धर्मशाला में खेला जा रहा था, जो 10.1 ओवर के बाद रद्द कर दिया गया। आईपीएल ने अब तक यह तय नहीं किया है कि उस मैच को दोबारा खेला जाएगा या नहीं।
अभी भी लीग स्टेज के 12 मुकाबले बचे हैं, और उसके बाद चार प्लेऑफ मैच हैं। पहले हैदराबाद में क्वालिफायर 1 और एलिमिनेटर होना था, जबकि कोलकाता को क्वालिफायर 2 और फाइनल की मेजबानी करनी थी।



**फ्रेंचाइजियों को उम्मीद है** कि अगर टूर्नामेंट मई के आखिरी हिस्से में दोबारा शुरू होता है, तो ज्यादातर विदेशी खिलाड़ी लौट सकते हैं।



## नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** 24 मई को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में प्रस्तावित नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 को मौजूदा भारत-पाकिस्तान तनाव के मद्देनजर अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। आयोजकों ने शुक्रवार को यह घोषणा की।
आयोजन समिति ने बताया कि यह निर्णय विचार-विमर्श और सभी पक्षों से बातचीत के बाद लिया गया है। खिलाड़ियों, साझेदारों और व्यापक समुदाय की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। 'राष्ट्र सर्वोपरि, खेलों की एकता की शक्ति पर विश्वास'नीरज चोपड़ा क्लासिक की आयोजन समिति ने अपने बयान में कहा, "हम खेल की एकता की शक्ति में विश्वास रखते हैं, लेकिन इस नाजुक समय में राष्ट्र के साथ खड़े रहना ज्यादा ज़रूरी है। हमारी पूरी श्रद्धा और भावनाएं इस समय हमारे सशस्त्र बलों के साथ हैं, जो देश की रक्षा में अग्रिम पंक्ति में डटे हुए हैं।"
यह प्रतियोगिता वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल मीट का हिस्सा है। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की नई तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी।



# देश में खाने-पीने की चीजों का पर्याप्त स्टॉक: प्रल्हाद जोशी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** वर्तमान हालात को देखते हुए केंद्र सरकार ने खाने-पीने की चीजों को लेकर होड़ न मचाने की सलाह नागरिकों को दी है। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि देश में जरूरी वस्तुओं की कोई कमी नहीं है।नागरिकों से अपील है कि वे घबराएं नहीं और न ही खाद्य सामग्री खरीदने के लिए बाजार में दौड़ लगाएं।
केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भरोसा दिलाया है कि देश में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। चावल का मौजूदा स्टॉक 135 लाख मीट्रिक टन के बफर मानक के मुकाबले 356.42 लाख मीट्रिक टन है।
इसी तरह, गेहूं का स्टॉक 276 लाख मीट्रिक टन के बफर मानक के मुकाबले 383.32 लाख मीट्रिक टन है, जो जरूरत से कहीं ज्यादा है, जिससे देश भर में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है।
केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा, "मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारे पास वर्तमान में सामान्य आवश्यकता से कई गुना अधिक स्टॉक है, चाहे वह चावल हो, गेहूं हो या चना, अरहर, मसूर या मूंग जैसी दालें हों। इसकी कोई कमी नहीं है और नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे घबराएं नहीं और न ही खाद्यान्न खरीदने के लिए बाजारों में भागदौड़ करें।"
इसके अलावा, भारत के पास वर्तमान में लगभग 17 लाख मीट्रिक टन खाद्य तेल का स्टॉक है।
घरेलू स्तर पर, सरसों के तेल की उपलब्धता चालू पीक उत्पादन सीजन के दौरान पर्याप्त है, जो खाद्य तेल की सप्लाई को और बढ़ा रहा है। चालू शुगर सीजन की शुरुआत 79 लाख मीट्रिक टन के कैरी-ओवर स्टॉक के साथ हुई।
इथेनॉल उत्पादन के लिए 34 लाख मीट्रिक टन के डायवर्जन को ध्यान में रखते हुए, उत्पादन 262 लाख मीट्रिक टन होने का अनुमान है। अब तक, लगभग 257 लाख मीट्रिक टन चीनी का उत्पादन हो चुका है। 280 लाख मीट्रिक टन की घरेलू खपत और 10 लाख मीट्रिक टन के निर्यात को ध्यान में रखते हुए, समापन स्टॉक लगभग 50 लाख मीट्रिक टन होने की उम्मीद है, जो दो महीने की खपत से अधिक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अनुकूल जलवायु परिस्थितियों को देखते हुए 2025-26 शुगर सीजन के लिए उत्पादन का पूर्वानुमान भी आशाजनक है। उन्होंने आगाह किया कि भ्रामक रिपोर्टों का शिकार न बनें और जमाखोरी या भंडारण में लिप्त किसी भी व्यक्ति पर आवश्यक वस्तु अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा चलाया जाएगा।

# 15 मई तक बंद रहेंगे भारत के 32 एयरपोर्ट

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और संबंधित विमानन अधिकारियों ने नोटिस टू एयरमेन (नोटम) जारी कर उत्तरी और पश्चिमी भारत के 32 हवाई अड्डों को सभी नागरिक उड़ान संचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की है। ये आदेश 15 मई तक प्रभावी रहेगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सुबह के ताजा अपडेट में कहा, "परिचालन कारणों से यह बंद 15 मई 2025 को भारतीय समयानुसार 05:29 बजे तक रहेगा।"
इन प्रभावित हवाई अड्डों में आदमपुर, अंबाला, अमृतसर, अवंतीपोरा, बठिंडा, भुज, बीकानेर, चंडीगढ़, हलवारा, हिंडन, जैसलमेर, जम्मू, जामनगर, जोधपुर, कांडला, कांगड़ा (गग्गल), केशोद, किशनगढ़, कुल्लू मनाली (भुंतर), लेह, लुधियाना, मुंद्रा, नालिया, पठानकोट, पटियाला, पोरबंदर, राजकोट (हीरासर), सरसावा, शिमला, श्रीनगर, थोइस और उत्तरलई शामिल हैं। इस अवधि के दौरान इन हवाई अड्डों पर सभी नागरिक उड़ान गतिविधियां निलंबित रहेंगी। एएआई ने दिल्ली और मुंबई फ्लाइट इन्फॉर्मेशन रीजन में हवाई यातायात सेवा (एटीएस) के 25 मार्गों को भी परिचालन कारणों से अस्थायी रूप से बंद करने का फैसला किया है।
नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा, "नोटम जी0555/25 (जो जी0525/25 को प्रतिस्थापित करता है) के अनुसार, 25 मार्ग खंड 14 मई 2025 को 2359 यूटीसी (15 मई 2025 को 0529 भारतीय समयानुसार) तक ग्राउंड लेवल से लेकर असीमित ऊंचाई तक अनुपलब्ध रहेंगे।"एयरलाइनों और उड़ान संचालकों को मौजूदा हवाई यातायात सलाह के अनुसार वैकल्पिक मार्गों की योजना बनाने की सलाह दी गई है। प्रमुख विमानन कंपनी एयर इंडिया ने कहा, "मौजूदा स्थिति में हम सभी यात्रियों से अपडेट रहने का आग्रह करते हैं।"एयर इंडिया ने बताया, "विमानन अधिकारियों की सूचना के अनुसार, भारत के कई हवाई अड्डों के बंद रहने के कारण जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट के लिए उड़ानें 15 मई तक रद्द की जा रही हैं।

# भारत के पहले हाइड्रोजन-पावर्ड ट्रक को दिखाई गई हरी झंडी

एजेंसी

**रायपुर।** अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए भारत के पहले हाइड्रोजन फ्यूल सेल ट्रक को शनिवार को हरी झंडी दिखाई गई। हाइड्रोजन से चलने वाले ये ट्रक धीरे-धीरे कंपनी के लॉजिस्टिक्स संचालन में इस्तेमाल होने वाले डीजल वाहनों की जगह लेंगे।
अदाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी ने एक बयान में कहा, "अदाणी, एक भारतीय और एक इंटरनेशनल एनर्जी टेक्नोलॉजी फर्म के अलावा, एक बड़े ऑटो मैन्युफैक्चरर के सहयोग से कार्गो ट्रांसपोर्ट के लिए 'हाइड्रोजन फ्यूल सेल बैटरी-ऑपरेटेड ट्रक' को विकसित कर रहा है।" हर ट्रक स्मार्ट टेक्नोलॉजी और तीन हाइड्रोजन टैंक से लैस हैं, जो 40 टन तक कार्गो को 200 किलोमीटर की रेंज तक लेकर जा सकते हैं।
छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर में पहले ट्रक को हरी झंडी दिखाई। इसका इस्तेमाल गारे पेल्मा।



ब्लॉक से राज्य के पावर प्लांट तक कोयले के परिवहन के लिए किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, "छत्तीसगढ़ में भारत के पहले हाइड्रोजन-पावर्ड ट्रक की लॉन्चिंग राज्य की सस्टेनेबिलिटी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस तरह की पहल हमारे कार्बन फुटप्रिंट को काफी हद तक कम करेगी और उद्योग के लिए एक नया मानक स्थापित करेगी। छत्तीसगढ़ न केवल देश की बिजली की मांगों को पूरा करने में सबसे आगे है, बल्कि सस्टेनेबल प्रैक्टिस को अपनाने में भी मिसाल कायम करता है।

## भारत-पाकिस्तान तनाव का असर, भारतीय शेयर बाजार इस सप्ताह गिरावट के साथ बंद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार सप्ताह के दौरान तेजी से गिरावट के साथ बंद हुए। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण निवेशकों में घबराहट पैदा हो गई और सभी सेक्टर में बिकवाली की लहर सी दौड़ गई, जिसका असर शेयर बाजार पर गिरावट के रूप में देखने को मिला। निफ्टी 1.39 प्रतिशत गिरकर 24,008 पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 1.30 प्रतिशत गिरकर 79,454.47 पर बंद हुआ। सेक्टर के हिसाब से रियलिटी, बैंकिंग, फार्मा और फाइनेंशियल सर्विस शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट आई, जिसमें 2 प्रतिशत से 6 प्रतिशत के बीच गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर, ऑटो और मीडिया शेयरों ने कुछ मजबूती दिखाई और गिरावट को कम करने में मदद की। व्यापक बाजार भी प्रभावित हुए, जिसमें मिड- और स्मॉल-कैप सूचकांक 0.90 प्रतिशत और 2.17 प्रतिशत के बीच गिरे। अगला सप्ताह बाजारों के लिए महत्वपूर्ण होने की उम्मीद है। विशेषज्ञों ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक हालात में किसी भी तरह के घटनाक्रम पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के अजीत मिश्रा ने कहा, "इसके अलावा, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई), थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) और ट्रेड डेटा जैसे प्रमुख आर्थिक संकेतकों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### आम्रपाली परियोजना क्षेत्र में दो फॉग कैनन से किया जायेगा जल छिड़काव




**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली परियोजना क्षेत्र में कोल परिवहन के दौरान होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रबंधन द्वारा शनिवार से 12 हजार लीटर जल क्षमता वाले दो फॉग कैनन लगाया गया है। जल छिड़काव करने वाले दोनों (फॉग कैनन) मशीनों के सामने एसडीओ सन्नी राज ने नारियल फोड़ने के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसडीओ ने कहा कि कोयला के उड़ने वाले धूलकणों को नियंत्रित करने में ये स्प्रिंकलिंग मशीन महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। जीएम अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त वाहन परियोजना क्षेत्र में प्रतिमाह ढ़ाई हजार किलोमीटर तक चलाया जायेगा। सीसीएल प्रबंधन के पर्यावरणीय व सामाजिक दायित्व निर्वहन के प्रति सतत प्रयासरत रहने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मौके पर जीएम (ऑपरेशन) एकेबी सिंह,पीओ मोहम्मद अकरम, स्टाफ अधिकारी (असैनिक)रंजन प्रधान, उप- प्रबंधक (पर्यावरण) मोनू कुमार राय, सीएसआर अधिकारी मोहसिन रजा, रामानंद पंडित, संजय कुमार गुप्ता समेत अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### डीटी ने किया खान का निरीक्षण, लक्ष्य पूरा करने का निर्देश



**बालूमाथ (लातेहार)/टंडवा (चतरा)।** मगध कोल माइंस में शनिवार को मगध सीसीएल परियोजना में डीटी चंद्रशेखर तिवारी का आगमन हुआ। उन्हें सीसीएल मगध परियोजना महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ, परियोजना पदाधिकारी एस सत्यनारायण ने बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान परियोजना डीटी ने खान का निरीक्षण किया। मौके पर खान से जुड़ी हर एक बातों को मगध महाप्रबंधक ने अवगत कराया। उत्पादन से लेकर डिस्पैच आदि बातें विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने वर्ष 2024-25 पर कोयला उत्पादन का लक्ष्य को पूरा करने का आवश्यक सुझाव दिया। साथ ही सुरक्षा के साथ लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिए। मौके पर महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ, स्टाफ ऑफिसर (खान) डी के सिंह, परियोजना पदाधिकारी सदाला सत्यनारायण, वीपी आरके, जीएम जीएस रेड्डी समेत परियोजना के कई अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### करीमनडीह में छात्रों ने निकाली जागरुकता रैली




**हैदरनगर।** प्रखंड के मोकहर कला पंचायत के उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय करीमनडीह के स्कूली बच्चे ने शनिवार को रुआर कार्यक्रम (बैक टू स्कूल कंपेन) के तहत जागरुकता रैली निकाली। इसमें शामिल संबंधित प्रधानाध्यापक के अलावा राजद के प्रदेश सचिव रिजवान खान, मुखिया प्रतिनिधि नावाजिश खान, पूर्व उपप्रमुख कमर रजा ने बताया कि सरकार के निर्देश के तहत ग्रामीण बच्चे व उनके अभिवाकों को सरकारी स्कूलों से जोड़ने का अभियान सतत जारी रखना है। अनामांकित बच्चों को उनके अभिवावकों से संपर्क कर उन्हें स्कूल तक पहुंचाना इस अभियान का लक्ष्य है। स्कूली बच्चों ने इस रैली के माध्यम शिक्षा संबधित विभिन्न जागरुकता के श्लोगन की तख्ती लेकर स्कूल सहित आसपास के इलाके व पोषक क्षेत्र में भ्रमण किया।

# मानसून की जल्दी इंट्री से किसानों को होगा बड़ा लाभ

- रियल टाइम मॉनिटरिंग से अगले कुछ दिनों में पता लगेगा मानसून की दिशा और स्थिति

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर।** मानसून के आगमन को लेकर मौसम वैज्ञानिकों के जारी अनुमान से किसानों को बड़ा लाभ होने की संभावना जताई गई है। इस बार मानसून के तय समय से पहले दस्तक देने के संकेत मिल रहे हैं। मौसमीय स्थितियों में बदलाव और वैश्विक मॉडल्स के अनुसार मानसून की रफ्तार सामान्य से तेज हो सकती है। इस संबंध में प्रमुख ग्लोबल एनडब्ल्यूपी मॉडलिंग केंद्रों से अग्रिम पूर्वानुमान के अनुसार दक्षिण एशियाई क्षेत्र, जिसमें भारत में भी जल्द मानसून सक्रिय हो सकता है। अगले कुछ हफ्तों में हवा के सकुर्लेशन पैटर्न में बदलाव की प्रबल संभावना जताई गई है। बताया गया है कि अंडमान में जल्द मानसून की एंट्री के बाद मध्य मई तक मानसून की बारिश शुरू हो सकती है। 13 मई तक मानसून की पहली दस्तक की संभावना जताई है। इसके बाद मई के अंतिम सप्ताह में केरल में मानसून पहुंच सकता है। जिससे भारत के मुख्य भूभाग में वर्षा शुरू होगी। भूमध्यीय तरंगें मानसून को रफ्तार भी दे सकती है। मौसम विश्लेषण में यह भी सामने आया है कि भूमध्य रेखीय रॉस्बी तरंगें और अन्य आर्द्र इक्वेटोरियल वेव्स, जो या तो आगे बढ़ रही हैं या स्थिर हैं। यह भारत के मौसम पर असर डाल सकती हैं। इन तरंगों का प्रभाव आने वाले दिनों में मानसून की गति बढ़ा सकता है। इससे दक्षिण भारत में जल्द बारिश की संभावनाएं प्रबल होगी। यदि समय पहले मानसून ने दस्तक दी तो इससे खेती और जल संसाधनों को बड़ा लाभ मिलना बताया गया है। किसानों को समय पर बुवाई का मौका के साथ जलाशयों और भूजल स्त्रोतों को रिचार्ज करने में सहायता मिलेगी। अब देखना होगा कि रियल टाइम मॉनिटरिंग से अगले कुछ दिनों में मानसून की दिशा और स्थिति क्या स्पष्ट होती है।

### गर्मा फसलों के लिए बना फायदेमंद मौसम

**मोहम्मदगंज।** अब तक बरकरार उमस भरे मौसम के बीच ही शनिवार को तापमान में उछाल आ गया है। बताया गया कि इससे मौसम में बदलाव के बावजूद भी बादल के साथ धूप व गर्म हवाओं के बीच दिनभर असहज महसूस किया गया। इस दौरान दोपहर बाद भी तापमान 40 पर रिकॉर्ड किया गया। इससे बैचेनी महसूस होती रही।बीते कई दिनों तक 35-36 पर तापमान पहुंच गया था। इससे धूप और गर्मी से राहत मिल रही थी। बताया गया कि तापमान का यह स्तर 13 मई तक रह सकता है। ऐसी स्थिति में इन दिनों में पानी के अलावा अन्य पेय पदार्थों के अधिक सेवन और विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होगी। बताया गया कि ऐसे मौसम चक्र में मौसमी बीमारियों ने लोगों की परेशानी बढा दी है। हालांकि गर्मा फसलों के लिए उनकी नियमित सिंचाई के साथ चालू मौसम अनुकूल बताया गया है। जो मक्का,मूंग और मूंगफली की लहलहाती फसलों के लिए फायदेमंद साबित होगी। मौसम पूवार्नुमान के अनुसार इन दिनों में लू के प्रभावी रूप धारण करने की संभावना के मद्देनजर बुजुर्गों और बच्चों के लिए सावधानी बरतना जरूरी होगा। जानकारों की मानें, तो मौसम में उतार-चढ़ाव का सिलसिला बीमारी और बरसात को लेकर शुभ संकेत नहीं है।



## यात्रियों से भरी बस पेड़ से टकराई, 2 दर्जन यात्री घायल



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा-चैपारन पथ पर गंधरिया के पास यात्रियों से भरी सुधांशु बस दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिससे उसमें सवार 2 दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गये। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर सभी घायलों को सदर अस्पताल भेजा। मिली जानकारी के अनुसार चतरा-चौपारण मुख्यपथ स्थित गंधरिया के पास सुधांशु बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसमें 24 से अधिक लोग घायल हो गये। बस चतरा से यात्रियों को लेकर तिलैया जा रही थी। घटना के बाद सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। डॉक्टरों की विशेष टीम ने दुर्घटना में घायल यात्रियों का इलाज किया। इसमें कई बच्चे भी घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि चालक का बस से संतुलन बिगड़ने के कारण दुर्घटना हुई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी सदर अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल चाल लिया। यात्रियों ने बताया कि बस की रफ्तार बहुत तेज थी। डॉक्टरों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद कहा कि सभी घायलों की हालत स्थिर है। गंभीररुप से घायलों को विशेष निगरानी में रखा गया है।

### लंबी प्रतीक्षा के बाद प्रखंड में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू

# जिला जवाहर पथ में चला प्रशासन का बुलडोजर

- सीओ कर रहे हैं मानिटरिंग

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर।** बाजार क्षेत्र सहित मुख्य पथ व नदी-नालों की भी व्यापक पैमाने पर की गई अतिक्रमण की आवाज वर्ष 2018 से ही उठ रही है। इस संबध में लगातार विभिन्न सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर कई सरकारी संस्थानों में दर्जनों बार पत्राचार भी किया है। इस दौरान अतिक्रमणकारियों को अब तक चार बार नोटिस भी तामिला कराया है। बावजूद स्थिति इतनी जटिल हो गई कि बाजार क्षेत्र में दोपहिया लेकर या पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। दो माह पूर्व अंतिम नोटिस के बावजूद सरकारी भूमि, रास्ते व सड़क के प्रति अतिक्रमणकारियों में कोई भी प्रतिक्रिया नहीं होने पर शनिवार को बाजार क्षेत्र के व्यस्ततम जवाहर पथ में प्रशासनिक बुलडोजर चलाना शुरू हो गया है। इस अभियान की स्वयं मानिटरिंग कर रहे सीओ संतोष कुमार ने बताया कि इस मुहल्ले के कुल 19 लोगों को पूर्व में ही कई बार स्वयं सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने का मौका नोटिस के माध्यम दिया गया था। इसमें एक मकान को छोड़ अन्य अतिक्रमणकारी ने घर के बाहर ओटा व चबूतरा का निर्माण अवैध रुप में किया है, किन्तु कोई सुगबुगाहट नहीं होने पर इस मुहल्ले को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके अलावा अन्य गली मुहल्लों में फेज वाइज प्रक्रिया शुरू की जायेगी। हालांकि इस कार्रवाई के बाद मुहल्ले में कहीं खुशी तो कहीं गम का माहौल भी छाया है। नीचले तबके के शमीम राईन, उसमान, मुजफ्फरुल हुसैन, अफजल, उमेश, अशरफ आदि अन्य लोगों ने कहा कि इस कार्रवाई में बड़े, दबंग व धनवान की पहुंच, पैरवी से इनके बड़े मकानों को ध्वस्त करने में पक्षपात की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में की गई सरकारी स्तर पर रेखांकन व सीमांकन अनुसार सभी लोगों की जमीन अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया तो उच्च न्यायालय की शरण में भी जाने को तैयार हैं। वहीं प्रखंड के वरीय पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, मुखिया कमल कमल कुमार पासवान ने कहा कि प्रशासन किसी भी स्तर पर कोई भी लोगों के साथ पक्षपात नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने दूसरे जमीन का कागजात दिखाकर प्रशासन को गुमराह करना चाह रहे हैं, किन्तु किसी वाद विवाद से हटकर प्रशासन को अपनी सरकारी भूमि को खाली कराना ही मुख्य उदेश्य है।

### पैर का नस फटने से ग्रामीण का निधन

**हैदरनगर।** प्रखंड के परता पंचायत मुख्यालय निवासी 60 वर्षीय महेन्द्र चंद्रवंशी का पैर का नस फटने के बाद अधिक रक्तस्त्राव से निधन हो गया। परिजनों सहित पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने बताया कि महेन्द्र के पैर में सूजन तीन वर्ष पूर्व से ही था। इससे उनके पैर के नस असमय फूलने की शिकायत होते रही है। इस दौरान उन्होंने लंबे समय से होमियोपैथिक की दवा का सेवन भी करते रहे हैं। शुक्रवार की दूसरे पहर अचानक उनके पैर में पूर्व से फूले नस फटने के बाद इतना रक्तस्त्राव हो गया कि उसने चंद मिनटों में ही दम तोड़ दिया। मृतक के कमाऊ विवाहित चार पुत्र सहित भरापूरा परिवार है। पुत्रों के अनुसार उनके पिता को बाहर कई जगहों पर इलाज कराने का दवाब बनाये जाने के बावजूद उन्हें होमियोपैथिक की दावा पर ही भरोसा था। किन्तु उन्हें लंबे समय से दवा खाने के बावजूद उनकी बीमारी ठीक नहीं हो सका।

## कपड़ा दुकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर खाक

नवीन मेल संवाददाता



**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया-टंडवा रोड स्थित मां सिंहवाहिनी वस्त्रालय में सार्ट सर्किट से आग लग जाने के कारण दुकान में रखें लगभग 25 लाख रुपये का कपड़ा जलकर राख हो गया। पुलिस एवं दुकानदारो की त्परता के कारण कई दुकान आग की चपेट मे आने से बच गये। दुकानदार प्रियरंजन कुमार के अनुसार शुक्रवार की रात वह दुकान बंद कर के घर चले गए थे ।शनिवार की सुबह 4:00 बजे सिंहवाहिनी बस छोड़ने आए। बस के एजेंट मोहम्मद ऐनुल हक की नजर दुकान से निकल रहे धुवा पर पड़ी। इसकी सूचना उन्होंने तुरंत सिमरिया थाना प्रभारी प्रियेश प्रशुन और मकान मालिक ज्ञान रंजन को दिया। सुचना मिलते हि थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा कपड़ा जलकर राख हो गया था। लोगों के अनुसार दुकान में शॉर्ट सर्किट के कारणआग लगी। आग लगने के कारन दुकानदार प्रियरंजन को 25 लाख रुपए का नुकसान हो गया। इस संबंध में दुकानदार ने सिमरिया थाना में इसकी लिखित सूचना दी ।

## लंबित अबुआ व पीएम आवास जल्द पूर्ण करें : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में लंबे समय से लंबित पड़े प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना को गति देने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद प्रखंड के अलौदिया,बारी एवं अन्य पंचायतों के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान किश्त की राशि भुगतान के बावजूद आवास को पूर्ण नहीं कर रहे लाभुकों को जल्द से जल्द आवास को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने स्पष्ट शब्दों में लाभुकों को कहा कि जो लाभुक आवास निर्माण में रुचि नहीं दिखा रहे हैं व



ससमय लंबित पड़े आवास को पूर्ण करे,अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बता दे कि चंदवा प्रखंड में वर्ष 2016-17 से 2021-22 तक 73, वर्ष 2023-24 में 482 पीएम आवास, 2023-24 में 483 अबुआ आवास पेंडिंग है। 2024-25 में 1806 अबुआ आवास में महज 17 का ही काम शुरू हो पाया है। इसके अलावा 16 आंबेडकर आवास भी लंबित है, जिसे पूर्ण करने को लेकर बीडीओ प्रयास कर रहे हैं। आवास निरीक्षण के क्रम में आवास योजना के प्रखंड समन्वयक कुश ध्वज कुमार, पंचायत सचिव,रोजगार सेवक भी मौजूद थे।

## पेज एक के शेष

### राष्ट्र सुरक्षा सर्वोच्च...

कक्ष के साथ-साथ जिला स्तर के कंट्रोल रूम को एक्टिव करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्य के भीतर सभी छोटे-बड़े पीएसयू (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) के सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अस्पताल के रूफटॉप पर मेडिकल साइन बोर्ड लगाए जाएं। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, सचिव पूजा सिंघल, सचिव राजेश शर्मा, सचिव विप्रा भाल, विशेष सचिव आईपीआरडी राजीव लोचन बक्शी, आईजी ऑपरेशन एवी होमकर, आईजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार, एसपी एटीएस ऋषभ झा, एसपी अभियान अमित रेणु, कमांडेंट जैप -1 राकेश रंजन सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

### पाकिस्तान ने तीन...

पाकिस्तान के ड्रोन हमले भारत ने नाकाम कर दिए हैं। श्रीनगर, उधमपुर में धमाके सुने गए। नियंत्रण रेखा पर फायरिंग हुई। राजौरी, बारामूला, छंब में भी गोलीबारी की सूचना है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान में भी कई जगहों पर धमाके की सूचना है। वहीं, सेना ने कहा कि नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी नहीं हुई है। इससे पहले, विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने जानकारी दी थी कि शाम 5 बजे से भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर लागू हो गया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तान के डीजीएमओ (डायरेक्टर जेनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस) ने भारत के डीजीएमओ को दोपहर में फोन किया और गोलीबारी रोकने पर सहमति बनी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा, पाकिस्तान के डीजीएमओ ने आज दिन में 03:35 बजे भारतीय डीजीएमओ को फोन किया। उनके बीच सहमति बनी कि दोनों पक्ष शाम 05:00 बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। इस सहमति को लागू करने के लिए दोनों पक्षों को निर्देश दिए गए हैं। वे 12 मई को 12:00 बजे फिर से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी शर्तों पर सीजफायर किया है। भारत के विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने कहा, भारत और पाकिस्तान ने आज (10 मई 2025) गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनाई है। भारत ने सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद के खिलाफ लगातार दृढ़ और अडिग रुख बनाए रखा है। वह ऐसा करना जारी रखेगा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, पिछले 48 घंटों में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शहबाज शरीफ, भारत के विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर तथा भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार असीम मलिक सहित वरिष्ठ भारतीय और पाकिस्तानी अधिकारियों से बातचीत की है। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान की सरकारें तत्काल युद्ध विराम और व्यापक मुद्दों पर बातचीत शुरू करने पर सहमत हो गई हैं। हम शांति का मार्ग चुनने में प्रधानमंत्री मोदी और शरीफ की बुद्धिमत्ता और विवेक की सराहना करते हैं। वहीं, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने भी तत्काल युद्धविराम की पुष्टि की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि पाकिस्तान अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से समझौता किए बिना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए हमेशा से प्रयासरत रहा है। ज्ञात हो कि पिछले महीने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाकर 6-7 मई 2025 की रात को पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया था। इसके बाद पाकिस्तान ने लगातार भारतीय सैन्य ठिकानों और आबादी वाले इलाके में ड्रोन तथा मिसाइलों से हमले किए, जिनमें ज्यादातर को भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' में...

मिशन को अंजाम दिया, जिससे तकनीकी और रणनीतिक श्रेष्ठता का प्रदर्शन हुआ।

**लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया :** भारत ने किसी भी सैन्य या नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना नहीं बनाया, केवल आतंकवादियों के ठिकानों और उनकी संपत्तियों को निशाना बनाया गया। भारत ने व्यापक तनाव से बचते हुए अपने जीरो टॉलरेंस सिद्धांत का पालन किया।

**प्रमुख आतंकवादियों का सफाया :** भारत की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल लोगों सहित कई खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया गया। एक ही रात में कई आतंकी मॉड्यूल के नेतृत्व का सफाया कर दिया गया।

**तीनों सेनाओं का शानदार तालमेल :** भारतीय थल सेना, नौसेना और वायु सेना ने समन्वित हमले किए, जो भारत की बढ़ती संयुक्त युद्ध क्षमता का सबूत है।

**दुनिया को दिया संदेश :** भारत ने दुनिया को दिखाया कि अपने लोगों की रक्षा के लिए हम अनुमति का इंतजार नहीं करेंगे। आतंक को कभी भी, कहीं भी दंडित किया जाएगा। इस ऑपरेशन ने यह भी दिखाया कि आतंकवादियों और उनके आकाओं के पास छिपने के लिए कोई जगह नहीं मिलेगी।

### ये हैं मारे...

1. जिसका नेतृत्व जमात-उद-दावा (वैश्विक आतंकवादी संगठन) के हाफिज अब्दुल रऊफ ने किया। पाक सेना के एक रिटायर लेफ्टिनेंट जनरल और पंजाब पुलिस के आईजी नमाज समारोह में शामिल हुए।
2. हाफिज मुहम्मद जमील (जैश-ए-मोहम्मद) : मौलाना मसूद अजहर का सबसे बड़ा साला। बहावलपुर के मरकज सुभान अल्लाह का प्रभारी। युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और जैश-ए-मोहम्मद के लिए धन जुटाने में सक्रिय रूप से शामिल।
3. मोहम्मद यूसुफ अजहर उर्फ उस्ताद जी उर्फ मोहम्मद सलीम उर्फ घोसी साहब (जैश-ए-मोहम्मद) : मौलाना मसूद अजहर का साला। जैश-ए-मोहम्मद के लिए हथियारों की ट्रेनिंग संभालता था। जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी हमलों में शामिल। आईसी-814 अपहरण मामले में वांछित।
4. खालिद उर्फ अबू अक्शा (लश्कर-ए-तैयबा) : जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी हमलों में शामिल। अफगानिस्तान से हथियारों की तस्करी में शामिल। फैसलाबाद में सुपुर्द-ए-खाक किया गया, जिसमें वरिष्ठ पाकिस्तानी सेना के अधिकारी और फैसलाबाद के डिप्टी कमिश्नर शामिल हुए।
5. मोहम्मद हसन खान (जैश-ए-मोहम्मद) : मुफ्ती असगर खान कश्मीरी का बेटा, जो पाकिस्तान के क जे वाले कश्मीर (पीओके) में जैश का ऑपरेशनल कमांडर था। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमलों के समन्वय में अहम भूमिका निभाई।

### श्रीनगर से नलिया...

भारत के सशस्त्र बलों ने अधिकांश खतरों को सफलतापूर्वक निष्क्रिय किया। फिर भी उधमपुर, आदमपुर, भुज, पठानकोट, बठिंडा में वायु सेना के ठिकानों पर हमारे उपकरणों और कर्मियों को नुकसान पहुंचाया। पाकिस्तान ने रात में 01:40 बजे एक हाई स्पीड मिसाइल का इस्तेमाल कर पंजाब के वायुसेना बेस को निशाना बनाने की कोशिश की। पाकिस्तान ने श्रीनगर, अवंतीपुर और उधमपुर के वायुसेना अड्डों पर चिकित्सा केंद्र और स्कूल को निशाना बनाया। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तान द्वारा सैन्य ठिकानों को जानबूझकर निशाना बनाने के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने त्वरित और सुनियोजित जवाबी हमले किए। टेक्निकल इंस्टॉलेशन, कमांड एंड कंट्रोल साइट्स, रडार साइट्स व हथियार भंडार को चुनकर निशाना बनाया गया। रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहीमयार खान, सूकूर व चुनिया स्थित पाकिस्तान सैन्य ठिकानों पर एयर लॉन्च सटीक हथियारों और लड़ाकू विमानों से प्रहार किया। इधर, सिंगापुर ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच जारी 'सैन्य टकराव' को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है और उसने दोनों पक्षों से तनाव कम करने का आग्रह किया है। सिंगापुर ने एक बयान में कहा कि पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए जघन्य आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य टकराव को लेकर सिंगापुर गंभीर रूप से चिंतित है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात करने के बाद कहा कि भारत का दृष्टिकोण हमेशा से ही संतुलित और जिम्मेदाराना रहा है और आगे भी ऐसा ही रहेगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि रुबियो ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों पक्षों को गलत अनुमान लगाने से बचने के लिए तनाव कम करने और डायरेक्ट संवाद को फिर से स्थापित करने के तरीके तलाशने की जरूरत है।

### सिंधु जल संधि...

सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान के डीजीएमओ (डायरेक्टर जेनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस) ने शनिवार दोपहर भारतीय डीजीएमओ को कॉल किया था। इसके बाद दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच बातचीत हुई और यह समझ बनी कि जमीनी, समुद्री और हवाई मोर्चों पर सभी प्रकार की सैन्य कार्रवाई को रोका जाएगा। हालांकि, यह स्पष्ट किया गया है कि इस समझ के बाद किसी अन्य मुद्दे पर किसी तटस्थ स्थल पर बातचीत करने का फिलहाल कोई निर्णय नहीं हुआ है। इस घटनाक्रम के बीच, भारत ने अपनी स्थिति पर स्पष्टता बनाए रखी है कि आतंकवाद के खिलाफ उसकी नीति में कोई नरमी नहीं लाई जाएगी।

## सीएम के आगमन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने किया बाराही धाम का निरीक्षण



- 14 को भूमि पूजन अनुष्ठान कार्यक्रम में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** बराही धाम परिसर में शनिवार को पलामू उपायुक्त के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीम बराही धाम में पहुंची। बता दें कि शिवांश चेरिटेबल ट्रस्ट के रणधीर सिंह व जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित आम नागरिकों को कार्यक्रम मेंआमंत्रित किया है। इस निमित नगर निगम आयुक्त जावेद हुसैन, अभियान एसपी राकेश कुमार सिंह, छतरपुर एसडीएम आशीष गंगवार, हुसैनाबाद एसडीएम गौरांग महतो, एसडीपीओ छतरपुर अवध यादव, अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार ने भूमि पूजन स्थल, हैलीपेड, समेत कई स्थलों का निरीक्षण किया, निरीक्षण के बाद स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह उर्फ टूटू सिंह, शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक रंधीर कुमार सिंह, इवेन्ट्स व्यवस्थापक आकाश सिन्हा ने बताया कि सीएम के आगमन को लेकर सभी बिंदुओं की जानकारी दी।

नगर निगम आयुक्त जावेद हुसैन ने आयोजकों को कई निर्देश दिया। मालूम हो कि बराही धाम महोत्सव पिछले सात मई से शुरू हो चुकी है। आगामी 14 मई को इस धाम परिसर में 551 फीट मां दुर्गा, 151 फिट नवग्रह मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन अनुष्ठान कार्यक्रम किया जा रहा है।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा कई मंत्री, विधायक, सांसदों के अलावा देश के महान साधु संतों की इस पुनीत कार्य में शामिल होंगे।

### मार्को रुबियो ने विदेश मंत्री जयशंकर से की बात, कहा-

# बातचीत बहाल करने के तरीके तलाशें दोनों पक्ष

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**



● **सटीक हमले :** रफीकी, मुरीद, चकलाला और रहमयार खान स्थित पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर सटीक हथियारों और लड़ाकू जेट्स से हमले किए गए।

● **न्यूनतम कोलेटरल डैमेज :** हमलों में आम नागरिकों को कम से कम नुकसान पहुंचाने का विशेष ध्यान रखा गया।

● **अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन :** पाकिस्तान ने नागरिक विमानों का प्रयोग कर अंतरराष्ट्रीय हवाई रूट्स का दुरुपयोग किया।

भारत-पाकिस्तान की तनावपूर्ण स्थिति के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बात की। केंद्रीय मंत्री ने इसकी पुष्टि की। वहीं अमेरिकी विदेश विभाग ने भी बातचीत को लेकर एक बयान जारी किया है। इस जयशंकर ने एक्स पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा- सुबह अमेरिका के विदेश मंत्री रुबियो से बातचीत हुई। भारत का दृष्टिकोण हमेशा संतुलित और जिम्मेदाराना रहा है और आज भी ऐसा ही है।

वहीं, अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस के हवाले से कहा गया कि, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बात की। रुबियो ने दोनों पक्षों को तनाव कम करने और सीधी बातचीत बहाल करने के तरीके तलाशने की सलाह दी, ताकि गलतफहमी से बचा जा सके। उन्होंने भविष्य के विवादों को टालने के लिए मदद की पेशकश करते हुए कहा कि 'अमेरिका ने रचनात्मक वार्ता का प्रस्ताव भी रखा है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार सुबह पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से बात की थी। उन्होंने तनाव कम करने का आग्रह किया। टैमी ब्रूस ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से बात की। इस दौरान उन्होंने दोनों पक्षों से तनाव कम करने के तरीके खोजने का आग्रह किया और भविष्य में संघर्ष टालने के लिए रचनात्मक वार्ता शुरू करने में अमेरिका की सहायता की पेशकश की। मार्को रुबियो ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से ऐसे समय में बात की थी, जब पाकिस्तान की ओर से भारतीय क्षेत्रों पर लगातार ड्रोन से हमला किया जा रहा है, जिसका भारतीय सेना करारा जवाब दे रही है।

वहीं, भारतीय सेना ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया था कि भारत के हमले में पाकिस्तान को बड़ा नुकसान हुआ है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया, "पाकिस्तान की इन हरकतों के बाद तुरंत जवाबी हमले का एक्शन लिया गया।

## पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच शांति की पहल करे भारत : महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर(आईएएनएस)।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर चिंता जताते हुए भारत से शांति की पहल करने का आह्वान किया है।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने एक बयान में उन्होंने कहा कि भारत को अपनी सॉफ्ट पावर और उपमहाद्वीप में नेतृत्वकारी भूमिका का उपयोग कर तनाव कम करने के लिए पहला कदम उठाना चाहिए। महबूबा ने अपने बयान में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के उस बयान का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत-पाक तनाव के मामले में अमेरिका एक निश्चित बिंदु से आगे हस्तक्षेप नहीं करेगा। हालांकि, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख से संपर्क कर तनाव कम करने का आग्रह किया है। महबूबा ने इस घटनाक्रम का हवाला देते हुए कहा कि भारत को अब अंतरराष्ट्रीय समर्थन पर निर्भर रहने के बजाय अपनी ताकत और नेतृत्व क्षमता पर भरोसा करना चाहिए।

# 'हमने टू नेशन थ्योरी को खारिज किया' : ओवैसी

भारतीय सशस्त्र बल तनाव न बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, बशर्ते पाकिस्तान भी ऐसा ही करे" -विंग कमांडर व्योमिका सिंह

**किसी भी आतंकी कार्रवाई को भारत के विरुद्ध युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा , उसी के अनुसार जवाब दिया जाएगा**



**ब्यूरो**

## भारत का व्यवहार संयमित और जिम्मेदारी भरा : एस जयशंकर

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बातचीत में कहा कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष में भारत का व्यवहार संयमित और जिम्मेदारी भरा है। दोनों नेताओं की फोन पर बातचीत ऐसे समय हुई जब पाकिस्तान द्वारा भारत के सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की गई, जिन्हें भारत ने नाकाम कर दिया। बातचीत में अमेरिकी विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों पक्षों को तनाव कम करने और बातचीत शुरू करने की जरूरत है। रुबियो ने बातचीत में अमेरिका की मदद की पेशकश भी की।

## भारतीय सेना ने आतंकियों के लॉन्च पैड किए तबाह

भारतीय सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय सेना ने आतंकवादी लॉन्च पैड्स को नष्ट कर दिया। 08 और 09 मई 2025 की रात को पाकिस्तान द्वारा जम्मू कश्मीर और पंजाब के कई शहरों में ड्रोन हमलों की कोशिश करने के बाद पाकिस्तान के दुस्साहस का जवाब देते हुए भारतीय सेना ने आतंकवादी लॉन्च पैड्स को निशाना बनाया और उन्हें तबाह कर दिया। नियंत्रण रेखा के करीब स्थित आतंकवादी लॉन्च पैड अतीत में भारतीय नागरिकों और सुरक्षा बलों के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने का केंद्र थे। भारतीय सेना की कार्रवाई ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे और क्षमताओं को एक बड़ा झटका दिया है।

**नई दिल्ली।** भारत ने निर्णय लिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी कार्रवाई को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसी के अनुसार जवाब दिया जाएगा। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि पाकिस्तानी हमलों के जवाब में रहीम यार खान में पाकिस्तानी सैन्य संपत्तियों को निशाना बनाया। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान ने गलत सूचना देने का दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाने का प्रयास किया; हमारी एस-400 प्रणाली, सूरत में हवाई अड्डों को नष्ट करने के उसके दावे झूठे हैं। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने यह भी कहा कि भारतीय सशस्त्र बल तनाव न बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, बशर्ते पाकिस्तान भी ऐसा ही करे। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि जम्मू क्षेत्र के आरएसपुरा में पाकिस्तान की गोलाबारी में बीएसएफ के आठ जवान घायल हो गए।

**'हमने टू नेशन थ्योरी को खारिज किया' :** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, 'पाकिस्तान यह आसानी से भूल जाता है कि भारत में 23 करोड़ से अधिक मुसलमान रहते हैं और हमारे पूर्वजों ने जिन्ना द्वारा प्रस्तावित 'टू नेशन थ्योरी' को खारिज कर दिया और हमने भारत को अपने देश के रूप में स्वीकार किया और हम यहीं रहेंगे। पाकिस्तान धर्म के नाम पर भारत का विभाजन करना चाहता है, वे भारतीय मुसलमानों, हिंदुओं और अन्य समुदायों के बीच तनाव पैदा करना चाहते हैं। जब वे 'टू नेशन थ्योरी' के बारे में बात करते हैं तो वे अफगानिस्तान सीमा चौकी पर बमबारी क्यों कर रहे हैं, वे ईरानी सीमा चौकी पर बमबारी क्यों कर रहे हैं? पाकिस्तान का डीप स्टेट अपनी सभी अवैध गतिविधियों को छिपाने के लिए इस्लाम को एक मुखौटा के रूप में उपयोग करता आया है।'

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सीडीएस ने की मुलाकात :** भारत व पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव बढ़ने के बीच चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और उन्हें मौजूदा स्थिति से अवगत कराया।

सीडीएस ने आज सुबह रक्षा मंत्री से उनके आवास पर मुलाकात की। भारत ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान ने गुरुवार रात भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की नाकाम कोशिश की और लेह से लेकर सर क्रीक तक 36 स्थानों पर 300 से 400 तुर्किए के ड्रोन दागे। बैठक में उभरती सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह शामिल हुए।

**मोदी ने सैन्य अधिकारियों के साथ की बैठक :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सेना के शीर्ष अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष और उससे उत्पन्न हालात का जायजा लिया। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, तीनों सेनाओं के प्रमुख और सीडीएस अनिल चौहान भी मौजूद रहे। इस बैठक में सुरक्षा परिस्थिति और आगे की रणनीति की समीक्षा की गई। पाकिस्तान के साथ संघर्ष बढ़ता जा रहा है। दरअसल पाकिस्तान ने भारत के सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया। हालांकि भारत ने इन हमलों को नाकाम कर दिया। इसके बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई कर पाकिस्तान के एयर बेस पर हमला बोला। आज हुई प्रेस ब्रीफिंग में कर्नल सोफिया ने बताया कि पाकिस्तान एलओसी पर अपने सैनिकों की तैनाती बढ़ा रहा है।

**बाड़मेर से मिसाइल का मलबा बरामद :** राजस्थान के बाड़मेर में पुलिस ने पाकिस्तानी मिसाइल का मलबा बरामद किया। जैसलमेर और पोखरण से भी इसी तरह के टुकड़े और मलबा बरामद किया गया है।

## लादेन के साथी का बेटा बना पाक सेना में बड़ा अधिकारी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी सेना के इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशन के डीजी अहमद शरीफ चौधरी के पिता का संबंध आतंकी ओसामा बिन लादेन से था। शरीफ के पिता सुल्तान बशीरुद्दीन महमूद को संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका ने आतंकी घोषित किया था। सुल्तान बशीरुद्दीन महमूद ने 1999 में उम्मा तमेर-ए-नू की स्थापना की थी, जो एक चरमपंथी इस्लामिक संगठन था। इस संगठन को अमेरिका ने 2001 में बैन कर दिया था। पाकिस्तान अपने न्यूक्लियर प्रोग्राम के लिए महमूद की काफी सराहना करता है। यूएस ऑफिस ऑफ फॉरेन असेट्स कंट्रोल ने महमूद को ग्लोबल टेररिस्ट घोषित किया था।



# पहलगाम पाकिस्तान प्रायोजित नरसंहार : ओवैसी

### हमें ऐसे तत्वों को अनुमति नहीं देनी चाहिए जो विभिन्न समूहों और धर्मों के बीच मतभेद पैदा करें

**ब्यूरो**

● वक्फ मेरे देश का आंतरिक मामला है

● जब कोई बाहरी ताकत देश की सुरक्षा को खतरा बनती है, तो हमें अपनी राजनीतिक संबद्धता से ऊपर उठना होगा, हमारे देश पर हमला हुआ है और हमें देश के लिए खड़ा होना होगा

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के विरूद्ध शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर की तरफदारी में विपक्ष का हर नेता केन्द्र सरकार के साथ खड़ा है , लेकिन इनमें भी सबसे तीखी आवाज़ एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की है। ओवैसी पाकिस्तान की लगातार कड़े शब्दों में आलोचना करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा कर रहे हैं और सशस्त्र बलों से पड़ोसी देश में आतंकी ढांचे को "पूरी तरह से नष्ट" करने का आह्वान कर रहे हैं। ओवैसी ने कहा है कि किसी भी तरह के टकराव के लिए वृद्धि के लिए पाकिस्तान को ही दोषी मानना होगा। जैसा कि विदेश सचिव ने कहा, हमने अपने लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। हमने केवल उन्हीं लक्ष्यों को चुना है, जहां आतंकवादी संगठन प्रशिक्षण दे रहे थे। हमने किसी भी सैन्य लक्ष्य को नहीं छुआ है और नागरिकों को निशाना बनाने से परहेज किया है। यदि पाकिस्तान इसके बाद भी तनाव बढ़ाता है, तो सरकार ने सही कहा है कि हम चुप नहीं बैठेंगे। इसलिए, इसका दोष पड़ोसी देश पर है।ओवैसी ने कहा है कि मुझे यकीन है कि भारतीय नेतृत्व सभी परिदृश्यों से अवगत है। लेकिन बात का सार यह है कि अगर पहलगाम नहीं हुआ होता, तो क्या हम इस स्थिति में पहुँचते? हमें यह याद रखना चाहिए कि यह पूरी तरह से पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित नरसंहार था। इसी वजह से यह सब हुआ।वक्फ कानून में सरकार की आलोचना और पाकिस्तान के साथ टकराव को लेकर ओवैसी ने कहा कि जहां तक उरी और बालाकोट का सवाल है, मैंने दोनों हमलों का स्वागत किया है। वक्फ कानून के बारे में हमारी स्थिति वही है। हमारी पार्टी को लगता है कि यह संविधान द्वारा दिए मौलिक अधिकारों के खिलाफ बनाया गया एक काला कानून है। हम इसके खिलाफ अपना विरोध और कानूनी लड़ाई जारी रखेंगे।ओवैसी ने कहा कि यह मेरे देश का आंतरिक मामला है। जब कोई बाहरी ताकत देश की सुरक्षा को ख़तरा बनती है, तो हमें अपनी राजनीतिक संबद्धता से ऊपर उठना होगा। हमारे देश पर हमला हुआ है और हमें देश के लिए खड़ा होना होगा। उन्होंने कहा कि मैं जो कुछ भी कह रहा हूं, वह मैं बहुत पहले से कह रहा हूं। अगर किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया है, तो इसमें मेरी कोई गलती नहीं है।असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि एक भारतीय होने के नाते, जब मेरे देश पर आतंकवादी हमला होता है, तो मुझे बोलने का पूरा अधिकार है। मैं ये बातें किसी की प्रशंसा पाने के लिए नहीं कह रहा हूँ। अपनी राजनीति में, मैं हमेशा दिल से बोलता हूं और बोलता रहूंगा। ओवैसी ने कहा कि देश में (ऑपरेशन सिंदूर को लेकर) बहुत उत्साह है और सरकार को इसका इस्तेमाल देश को एकजुट करने और मजबूत करने के लिए करना चाहिए। हमें ऐसे तत्वों को अनुमति नहीं देनी चाहिए जो विभिन्न समूहों और धर्मों के बीच मतभेद पैदा करें।उन्होंने कहा कि मैंने हिमांशी नरवाल का उदाहरण दिया, जिन्होंने अपनी शादी के सातवें दिन (पहलगाम हमले में) अपने पति को खो दिया था, उनके इस बयान के बाद उन्हें निशाना बनाया गया कि हमें कश्मीरियों और मुसलमानों से नफरत नहीं करनी चाहिए।

## भारत के महत्वपूर्ण एयरबेस पठानकोट को पाकिस्तान लगातार बना रहा है निशाना

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पठानकोट के एयरबेस को पाकिस्तान लगातार निशाना बना रहा है।क्योंकि पठानकोट न केवल पंजाब का महत्वपूर्ण मिलिट्री शहर है, बल्कि भारतीय एयरफोर्स के लिए एक प्रमुख फॉरवर्ड एयर बेस भी है। यहां पर गुरुवार रात को भारी ड्रोन हमला हुआ था, जो शुक्रवार तड़के तक जारी रहा।शुक्रवार रात को भी पाकिस्तान की तरफ से लगभग 8:45 पर आधे घंटे तक पठानकोट एयरबेस पर हमले किए गए। इस दौरान इस इलाके में कई जोरदार धमाकों की आवाज सुनाई दी थी। कुछ लोग अपनी गाड़ियों की हेडलाइट बंद करके सड़क पर चल रहे थे। कुछ लोगों ने छतों पर खड़े होकर गोलीबारी को देखा। पठानकोट में जिस इलाके में भारत के सैन्य प्रतिष्ठान हैं, वहां की दीवारों पर देशभक्ति के नारे लिखे हुए हैं। हालात के मद्देनजर न सिर्फ सेना बल्कि पुलिस भी हाई अलर्ट मोड पर है।भारत-पाकिस्तान के बीच लगातार बढ़ रहे तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने तमाम जरूरी दिशा निर्देश जारी किए हैं और लोगों से कहा है कि शाम को घरों से बाहर ना निकलें। लोग इसका पालन भी करते हैं और अपनी दुकानों को भी बंद कर



देते हैं। रात की ड्यूटी पर तैनात असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर जसवीर दास ने कहा कि अब तैयार रहना जरूरी होगा। दास ने कहा, "हम जानते हैं कि पाकिस्तान क्या करने जा रहा है तो लापरवाही बरतने का कोई मतलब नहीं है।" हालात को देखते हुए कुछ होटलों ने अपने यहां ठहरने वाले लोगों को वापस भेज दिया और नई बुकिंग नहीं ली। होटल चलाने वाले लोगों का कह रहा है कि हम हालात के मद्देनजर एहतियात बरत रहे हैं। पठानकोट के पड़ोसी जिले गुरदासपुर के रहने वाले मकान सिंह कहते हैं, "कई साल निकल जाते हैं रिश्ते बनाने में और तोड़ने में बस एक मिनट लगता है।" मकान सिंह अपनी फसल को बेचने के लिए पठानकोट आए थे लेकिन यहां शाम 7 बजे के बाद सब कुछ बंद होने की वजह से वह ऐसा नहीं कर सके। इसी तरह पानीपत के रहने वाले भजनलाल भी पठानकोट में फंसे हुए हैं। वह टिपर ट्रक चलाते हैं।

# लश्कर-ए-तैयबा का मुरीद के मुख्यालय और जैश-ए-मोहम्मद का बहावलपुर बेस है भारत के निशाने पर

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का 200 एकड़ में फैला मुरीदके मुख्यालय तथा जैश-ए-मोहम्मद का बहावलपुर बेस आतंकियों का सबसे बड़ा केंद्र है। यहीं पर आतंकियों का प्रशिक्षण होता है, इसके आका रहते हैं। ऑपरेशन सिंदूर शुरू करते ही भारत ने 7 मई की सुबह पाकिस्तान व पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के अंदर जिन 9 ठिकानों पर हमला किया, वह केवल पड़ोसी के आतंकी ढांचे पर हमला नहीं है, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत के युद्ध का संकेत है। 9 शिविरों में से कम से कम दो लश्कर-ए-तैयबा का मुरीदके मुख्यालय और जैश-ए-मोहम्मद का बहावलपुर बेस शामिल हैं। ये दोनों ही आतंकी ट्रेनिंग कैंप पिछले कुछ सालों में भारतीय धरती पर हमलों की एक श्रृंखला की योजना बनाने और समन्वय करने में उनकी भूमिका के लिए भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर रहे हैं। यह पहली बार है कि जब भारत ने लश्कर-ए-तैयबा के मुरीदके मुख्यालय और जैश-ए-मोहम्मद के बहावलपुर बेस को निशाना बनाया है। लाहौर से एक घंटे की दूरी पर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक तहसील मुख्यालय मुरीदके है। शेखपुरा जिले में तीन लाख से भी कम आबादी वाला एक छोटा शहर मुरीदके तब चर्चा में आया जब 2000 में मरकज़-ए-तैयबा (या तैयबा सेंटर) की



स्थापना हुई थी, जो प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के मूल संगठन मरकज़-ए-दावा वल इरशाद (एमडीआई) का मुख्यालय था। 200 एकड़ से ज़्यादा के विशाल परिसर में फैला, मुरीदके का तैयबा सेंटर लश्कर का कमांड और कंट्रोल सेंटर है। यह आतंकियों की भर्ती व प्रशिक्षण केंद्र और एक विचारधारा का स्कूल था। इस परिसर में स्कूल, मस्जिद, चिकित्सा सुविधाएं और आवासीय क्वार्टर थे।भारत के लिए मुरीदके को लक्ष्य के रूप में चुनना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भारत पर सबसे जघन्य आतंकवादी हमलों का गढ़ रहा है। कारगिल युद्ध के दौरान कश्मीर में आत्मघाती हमले से लेकर मुंबई में 26/11 के हमलों तक 26/11 के हमलों में बंदूकधारी अजमल कसाब व स्काउट डेविड हेडली ने स्वीकार किया है कि उन्हें मुरीदके में इस सुविधा के अंदर प्रशिक्षण मिला था। द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), वह संगठन जिसने पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली है, वह भी लश्कर का मुखौटा ही है। 7 मई को जब भारत ने 1971 के युद्ध के बाद पहली बार पाकिस्तान के भीतर घुसकर हमला किया, तो मरकज़ तैयबा स्पष्ट लक्ष्य था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मरकज-ए-तैयबा अपने आप में एक शहर है। लश्कर मुख्यालय में वह सब कुछ था जिसकी आतंकी गुर्गों और उनके परिवारों को ज़रूरत थी। यह एक सैन्य मुख्यालय की तरह ही संगठित था और सरकार के बिना समर्थन के इसका संचालन संभव नहीं है। तैयबा केंद्र को पाकिस्तान में "बुराई की जड़" बताते हुए उन्होंने कहा कि मुरीदके सिर्फ़ कश्मीर में ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई दूसरे हिस्सों में आतंक का निर्यात करता रहा है।

लश्कर के सभी शीर्ष कमांडर वहीं से काम करते थे। 2000 में श्रीनगर के डाउनटाउन में रहने वाले 17 वर्षीय स्कूली छात्र अफाक अहमद ने शहर में 15 कोर मुख्यालय के गेट पर विस्फोटकों से लदी मारुति कार को उड़ा दिया। घाटी में पहला मानव बम कश्मीर के हिंसाग्रस्त इतिहास में एक नए चरण का प्रतीक था। यह हमला जैश-ए-मोहम्मद नामक आतंकवादी संगठन द्वारा किया गया था। इसका सरगना मसूद अजहर है। इसे 31 दिसंबर 1999 को हाइजैक आईसी-814 के यात्रियों और चालक दल के बदले में कंधार में छोड़ा गया था।इसलिए 7 मई को जब भारतीय मिसाइलों ने पाकिस्तान के भीतर तक हमला किया, तो सबसे दूर का लक्ष्य पंजाब के बहावलपुर में एक मस्जिद थी, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 100 किलोमीटर दूर है। जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह तब से भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर थी, जब से इसे मसूद अजहर के नेतृत्व वाले जैश-ए-मोहम्मद के नए मरकज के रूप में स्थापित किया गया था।विशाल उस्मान अली परिसर को निशाना बनाने का निर्णय भारत में आतंक विरोधी अभियान के प्रतीक के तौर पर है। यह जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह स्थित है, भारत में आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए महत्वपूर्ण प्रतीकात्मक महत्व रखता है। यहीं से मसूद अज़हर ने जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख के रूप में भारत पर कुछ सबसे जघन्य हमलों का समन्वय किया था। लश्कर के मुरीदके मुख्यालय से लगभग 400 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बहावलपुर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के दक्षिणी भाग में आता है। यहां, घनी आबादी वाले औद्योगिक क्षेत्र मॉडल टाउन-बी में जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह स्थित थी। 2019 में पुलवामा में हुए कार बम विस्फोट के तुरंत बाद, जिसने भारत और पाकिस्तान को युद्ध के कगार पर ला खड़ा किया था।पाकिस्तान ने बहावलपुर शहर के बाहरी इलाके में मस्जिद सुभानल्लाह और अल-साबिर मदरसा पर कब्ज़ा करने का दावा किया था। लेकिन वरिष्ठ आतंकवाद निरोधक अधिकारियों का कहना है कि यह जैश का कमांड सेंटर बना हुआ है, जिसे अजहर नियंत्रित करता है।

## मुख्यमंत्री ने पाकिस्तानी गोलाबारी में जान गंवाने वालों के परिजनों को 10-10 लाख की आर्थिक मदद की घोषणा की

**जम्मू (हि.स.)**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को केंद्र शासित प्रदेश में पाकिस्तानी गोलाबारी में जान गंवाने वालों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। पिछले महीने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को सीमा पार 9 आतंकी ठिकानों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा हमला किए जाने के बाद पिछले चार दिनों में पुंछ, राजौरी, जम्मू और बारामुला सेक्टरों में एक अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त और 19 ग्रामीणों की मौत हो गई। बुधवार को पाकिस्तानी गोलाबारी में पुंछ में 12 नागरिकों की जान गई जबकि शुक्रवार को उरी और पुंछ में दो अन्य लोगों की जान गई। शनिवार सुबह पाकिस्तानी गोलाबारी में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी सहित पांच अन्य नागरिकों की जान चली गई। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान की ओर से हाल ही में की गई गोलाबारी के कारण निर्दोष लोगों की जान जाने से बहुत दुख हुआ है। मेरी सरकार अपने लोगों की मुश्किलों को कम करने के लिए हरसंभव उपाय कर रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा साझा की गई इस पोस्ट में कहा गया है कि कोई भी मुआवजा किसी प्रियजन की भरपाई नहीं कर सकता या परिवार को हुए आघात को ठीक नहीं कर सकता है।



# आतंकवाद को वित्तपोषित करना बेतुका, इसे रोका जाना चाहिए : वैश्विक निवेशक जिम रोजर्स

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से पाकिस्तान को एक अरब डॉलर के वितरण को मंजूरी दिए जाने के बाद अनुभवी वैश्विक निवेशक जिम रोजर्स ने शनिवार को कहा कि आतंकवाद को वित्तपोषित करना बेतुका है, जिसे रोका जाना चाहिए। सरकारी सूत्रों के अनुसार, भारत ने ऐसे देश को धन मुहैया कराने का कड़ा विरोध किया है, जो सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित करना जारी रखता है। भारत ने चेतावनी दी है कि इस तरह के समर्थन से वैश्विक संस्थाओं की प्रतिष्ठा को खतरा है और अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों को कमजोर किया जा रहा है। समाचार एजेंसी आईएएनएस के साथ बातचीत में 82 वर्षीय रोजर्स ने कहा कि वह वैश्विक संगठनों द्वारा आतंकवाद को वित्तपोषित किए जाने के खिलाफ हैं। उन्होंने भारत द्वारा अपनी सीमाओं की रक्षा के प्रयासों की सराहना की। रोजर्स ने कहा, "मैं निश्चित रूप से आतंकवाद को वित्तपोषित किए जाने के खिलाफ हूं और मुझे उम्मीद है कि पूरी दुनिया भी इसके खिलाफ है।

### आईएमएफ वोटिंग से भारत ने बनाई दूरी, दर्ज कराई कड़ी आपत्ति

राजनीतिक नेताओं और विशेषज्ञों ने पाकिस्तान को आईएमएफ प्रतिपूर्ति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है, उन्होंने जोर देकर कहा कि इससे भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता को कम करने में मदद नहीं मिलेगी। भारत ने पाकिस्तान को आईएमएफ से और अधिक वित्तीय सहायता का कड़ा विरोध किया है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "सीमा पार आतंकवाद के निरंतर प्रायोजन को पुरस्कृत करना एक खतरनाक संदेश देता है। मंत्रालय ने कहा, "यह फंडिंग एजेंसियों की प्रतिष्ठा के जोखिम में डालता है और वैश्विक मूल्यों को कमजोर करता है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, भारत ने पाकिस्तान को लोन दिए जाने की अपनी असहमति जताते हुए खुद को वोटिंग से अलग कर लिया। भारत ने मतदान में भाग न लेकर आईएमएफ की मतदान प्रणाली की सीमाओं के भीतर अपनी प्रबल असहमति व्यक्त की और इस अवसर का उपयोग औपचारिक रूप से अपनी आपत्तियों को दर्ज करने के लिए किया। सूत्रों के अनुसार, भारत ने आईएमएफ की मौजूदा सहायता की प्रभावशीलता पर सवाल उठाया और कहा कि पाकिस्तान को पिछले 35 वर्षों में से 28 वर्षों में सहायता मिली है। इनमें पिछले पांच साल में चार कार्यक्रम शामिल हैं, जिनमें सार्थक या स्थायी सुधार नहीं हुआ है।



## खैबर पख्तूनख्वा में बड़ा हमला: नौ पाक सैनिक ढेर

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकियों ने एक पोस्ट को निशाना बनाकर हमला किया। इसमें नौ पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। हालांकि इस हमले के बारे में अभी तक पाकिस्तानी सेना की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। उर्दू भाषा के दैनिक अखबार मशरिक में शनिवार को प्रकाशित खबर के अनुसार, आतंकियों ने शुक्रवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिण वजीरिस्तान जिले के शकाई तहसील में डंडा चेक पोस्ट पर हमला किया। यह इलाका अफगानिस्तान की सीमा से सटा हुआ है। हमले में नौ सुरक्षाकर्मी मारे गए और पांच घायल हो गए। घायल सैनिकों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

# अमेरिका के तथाकथित 'पारस्परिक टैरिफ' पर चीन और रूस के बीच चर्चा

**बीजिंग (आईएएनएस)**

रूस की राजधानी मॉस्को में चीनी वाणिज्य मंत्री वांग वनथाओ और रूसी आर्थिक विकास मंत्री मैक्सिम रेशेतनिकोव के बीच हुई बैठक में द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने तथा अमेरिका द्वारा लगाए गए तथाकथित "पारस्परिक टैरिफ" के प्रति संयुक्त प्रतिक्रिया पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने उन्नत चीन-रूस बीमा समझौते के कार्यान्वयन और व्यापार-निवेश सहयोग को गति देने पर जोर दिया। वांग वनथाओ ने कहा कि दोनों देशों के नेताओं के रणनीतिक मार्गदर्शन में, नए युग में चीन-रूस समन्वय की व्यापक रणनीतिक साझेदारी लगातार गहरी हो रही है, आर्थिक



और व्यापारिक सहयोग का अच्छा विकसित रुझान बनाए रखता है। दोनों पक्षों को उन्नत संस्करण वाले "निवेश के संवर्धन और पारस्परिक संरक्षण पर चीन-रूस समझौते" की भूमिका को पूरी तरह से निभाते हुए दोनों देशों के उद्यमों के लिए अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष निवेश और कारोबारी माहौल प्रदान करना चाहिए और चीन-रूस आर्थिक व व्यापारिक सहयोग के उच्च गुणवत्ता वाले विकास को लगातार बढ़ावा देना चाहिए। चीनी वाणिज्य मंत्री ने चीन के अमेरिका द्वारा तथाकथित "पारस्परिक टैरिफ" के दुरुपयोग का दृढ़ता से विरोध पर प्रकाश डाला और कहा कि चीन ने दृढ़ प्रतिकार उपाय अपनाए हैं। उनका कहना है कि पूर्ण एवं व्यापक मूल्यांकन के बाद, चीन ने हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ उच्च स्तरीय आर्थिक एवं व्यापार वार्ता आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की है। चीन का रुख हमेशा से सुसंगत है। अपने स्वयं के विकास हितों की रक्षा करने के लिए चीन का दृढ़ संकल्प नहीं बदलेगा और अंतर्राष्ट्रीय निष्पक्षता व न्याय की रक्षा करने तथा अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक और व्यापारिक व्यवस्था को बनाए रखने का चीन का रुख और लक्ष्य नहीं बदलेगा।